आषाढ़ शुक्ल पक्ष नवमी 04:32 तक उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 4 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 96, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



संस्कृति मंत्री बनाई गई थाईलैंड की निलंबित पीएम 14

बुनियादी ढांचे में सुधार को केंद्र प्रतिबद्ध : गडकरी 12

## गिल बने इंग्लैंड में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले एशियाई टेस्ट कप्तान



बर्मिंघम, एजेंसी

शुभमन गिल (नाबाद 265 रन) इंग्लैंड में टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय और एशियाई कप्तान बन गए। गुरुवार को एजबस्टन में दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड की सरजमीं पर सर्वोच्च स्कोर बनाने वाले वे भारतीय बल्लेबाज भी बन गए।

उन्होंने सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 1979 में ओवल में 221 रन की पारी खेली थी। इससे पहले किसी एशियाई कप्तान का इंग्लैंड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 193 रन था जो 2011 में श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान ने लाड्‌र्स पर बनाए थे। गिल भारत के लिए दोहरा शतक लगाने वाले कप्तानों की सूची में एमएके पटौदी, सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और महेंद्र सिंह धोनी के साथ शामिल हो गए। विराट कोहली के नाम भारत के लिए कप्तान के रूप में 7 दोहरे शतक जड़ने का रिकॉर्ड है। गिल से पहले एसईएनए (द. अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देश में किसी भारतीय कप्तान द्वारा बनाया सर्वोच्च स्कोर 192 रन था, जो मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 1990 में ऑकलैंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाया था। मैनचेस्टर में 1990 में अजहरुद्दीन द्वारा बनाए 179 रन इंग्लैंड में किसी भारतीय कप्तान द्वारा बनाया सर्वोच्च स्कोर था। सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ के बाद यहां दोहरा शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज गिल हैं।

## मजबूत भारत समृद्ध विश्व के निर्माण में देगा योगदान

### घाना की संसद में बोले प्रधानमंत्री मोदी- हम दुनिया के लिए शक्ति स्तंभ

अक्रा (घाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय एवं प्रभावी सुधारों पर जोर देते हुए गुरुवार को कहा कि एक मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध विश्व के निर्माण में योगदान देगा।

घाना की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 'ग्लोबल साउथ' को आवाज दिए बिना प्रगति संभव नहीं है। दो दिवसीय यात्रा पर यहां आए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत विश्व का एक मजबूत स्तंभ है। एक मजबूत भारत अधिक स्थिर और समृद्ध दुनिया के निर्माण में योगदान देगा। भारत के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि स्थिर राजनीति और शासन की नींव पर भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी विश्व शासन व्यवस्था तेजी से बदल रही है।

मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी में क्रांति, 'ग्लोबल साउथ' का उदय और बदलती जनसांख्यिकी इसकी गति और विस्तार में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर वैश्विक शासन व्यवस्था में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता है।



मोदी को सम्मानित करते घाना के राष्ट्रपति महामा।

### मोदी को घाना का राष्ट्रीय सम्मान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके शासन कौशल और प्रभावशाली वैश्विक नेतृत्व के लिए घाना के राष्ट्रीय सम्मान ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित किया गया। घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा ने प्रधानमंत्री मोदी को बुधवार को इस पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि 'द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित होने पर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मोदी ने सम्मान स्वीकार करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उनके लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से यह पुरस्कार विनम्रतापूर्वक स्वीकार करता हूं।

## उप्र रोजगार मिशन बनेगा, युवाओं को देश-विदेश में मिलेगी नौकरी

### योगी मंत्रिमंडल ने दी प्रस्ताव को मंजूरी, हर हाथ को काम देने की दिशा में एक और कदम

### एक वर्ष में देश के अंदर एक लाख और विदेश में 25-30 हजार निजी क्षेत्र में रोजगार का लक्ष्य

- श्रम एवं सेवायोजन विभाग के अधीन बनेगा मिशन, पांच स्तरीय संरचना के साथ पंजीकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने एक वर्ष में देश में एक लाख और विदेशों में 25 से 30 हजार युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को अंजाम तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए 'उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन' के गठन के प्रस्ताव पर मुहर लगाई है। इस मिशन का उद्देश्य न केवल राज्य के युवाओं को देश में रोजगार उपलब्ध कराना है, बल्कि उन्हें विदेशों में भी नियोजन के अवसर दिलाना है। यह कार्य कोई कंपनी नहीं बल्कि सीधे राज्य सरकार करेगी। बैठक में कुल 30 प्रस्तावों को हरी झंडी दिखाई गई।

राज्य सरकार की ताजा पहल उत्तर प्रदेश को भारत का वैश्विक मानव संसाधन आपूर्ति केंद्र (ग्लोबल एचआर हब) बनाने की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगी। वहीं सरकार के हर हाथ को काम देने के वायदे को भी धार मिलेगी। कैबिनेट बैठक के बाद श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि अब तक सेवायोजन विभाग केवल रोजगार मेलों और सेवायोजकों के माध्यम से राज्य के बेरोजगार युवाओं को अवसर दिला रहा था। लेकिन अब उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के गठन के साथ हम देश और विदेश दोनों स्तरों पर अपने युवाओं को सीधी नौकरी दिला सकेंगे। उन्होंने बताया कि मिशन का लक्ष्य एक वर्ष में देश में एक लाख और विदेशों में 25 से 30 हजार युवाओं को सेवायोजित करने का रखा गया है।

अनिल राजभर के मुताबिक, अब तक विदेशों में रोजगार के लिए राज्य को रिक्रूटिंग एजेंट (आरए) लाइसेंसधारी एजेंसियों पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन मिशन के गठन के साथ ही सरकार स्वयं आरए का लाइसेंस प्राप्त कर सकेगी, जिससे अब बेरोजगारों को सीधे विदेशों में रोजगार पर भेजा जा सकेगा। श्रम मंत्री ने यह भी बताया कि वैश्विक स्तर पर उत्तर प्रदेश की मैनपावर खासकर पैरा मेडिकल, नर्सिंग स्टाफ, ड्राइवर्स, कुशल श्रमिकों की मांग तेजी से बढ़ रही है। यह मिशन राज्य की उस क्षमता को दिशा और अवसर देने का माध्यम बनेगा। इस कड़ी में देश-विदेश में रोजगार मांग का सर्वेक्षण करना, प्रतिष्ठित कंपनियों की सूची तैयार कर उनकी डिमांड लेना, स्किल गैप का आकलन और आवश्यक प्रशिक्षण, भाषा प्रशिक्षण और प्रिडिपार्चर ओरिएंटेशन, करियर काउंसलिंग और कैम्पस प्लेसमेंट, प्लेसमेंट के बाद सहायता व फॉलोअप सेवा देना मिशन की प्रमुख गतिविधियों में शामिल होगा। वहीं मिशन की संगठनात्मक संरचना देखें तो उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन एक उच्च स्तरीय संस्था के रूप में किया जा रहा है, जो सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत होगी। इसके संचालन के लिए पांच प्रमुख इकाइयां गठित की जाएंगी।



कैबिनेट की बैठक लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### अन्य प्रमुख निर्णय

- खतरनाक श्रेणी के कारखानों में महिलाएं भी कर सकेंगी काम
- व्यापारियों पर जीएसटी अपील की राशि का बोझ किया कम
- अयोध्या में एनएसजी हब के लिए भूमि 99 वर्ष की लीज पर
- 21500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव, सौर ऊर्जा को 19 हजार करोड़

### ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को दिखाई हरी झंडी

**लखनऊ।** मंत्रिमंडल ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण को हरी झंडी दिखाई है। लगभग 49.96 किमी लंबा यह एक्सप्रेसवे छह लेन का होगा, जिसे भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकेगा। इसका निर्माण ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन) मॉडल पर किया जाएगा। परियोजना पर अनुमानित 4775.84 करोड़ रुपये व्यय किया जाएगा। इस लिंक एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी और गाजीपुर जैसे प्रमुख शहरों के बीच आवागमन और अधिक सुगम, त्वरित और बाधारहित हो सकेगा।

### एक नजर

#### दिल्ली जल बोर्ड मामले में पूर्व मंत्री जैन से पूछताछ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के कुछ सीवेज शोधन संयंत्रों के विस्तार में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश हुए। जैन पूर्वाह्न करीब 11:15 बजे एजेंसी के कार्यालय पहुंचे और धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत उनका बयान दर्ज किया गया।

#### एम्स ट्रॉमा सेंटर के निकट ट्रांसफार्मर में धमाका

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के ट्रॉमा सेंटर के निकट गुरुवार दोपहर को एक ट्रांसफार्मर में धमाके के बाद आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। अधिकारी ने कहा कि हमें अपराह्न 3:34 बजे एम्स ट्रॉमा सेंटर में एक ट्रांसफार्मर में धमाके के बाद आग लगने की सूचना मिली।

#### समिक पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष बने

**कोलकाता।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य को गुरुवार को पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई का नया अध्यक्ष आधिकारिक रूप से घोषित किया गया और वह 2026 के विधानसभा चुनाव में पार्टी का नेतृत्व करेंगे।

## भारत में एशिया कप खेल सकेगी पाकिस्तान की टीम

- जूनियर हॉकी विश्व कप में खेलने से रोका नहीं जाएगा
- अगले महीने से बिहार के राजगीर में होगा आयोजन

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान हॉकी टीम को अगले महीने भारत में एशिया कप और नवंबर दिसंबर में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप में खेलने से रोका नहीं जाएगा क्योंकि ऐसा करना ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन होगा, खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हॉकी एशिया कप 29 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में आयोजित किया जाएगा जिसमें भारत सहित आठ टीमें भाग लेंगी। वहीं जूनियर हॉकी विश्व कप चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा।

सूत्र ने कहा कि हम किसी भी टीम के भारत में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के खिलाफ नहीं हैं। अगर हम पाकिस्तान को रोकने की कोशिश करते हैं तो इसे ओलंपिक चार्टर का उल्लंघन माना जाएगा। इसी तरह हम पाकिस्तान की भागीदारी वाले किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेंगे। लेकिन द्विपक्षीय प्रतियोगिता अलग होती है और इस मामले में कोई छूट नहीं दी जाएगी।

मंत्रालय के इस फैसले से सितंबर में यहां होने वाले निशानेबाजी जूनियर विश्व कप और सितंबर-अक्टूबर में राजधानी में होने वाली विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पाकिस्तान की भागीदारी का रास्ता भी साफ हो गया है। सूत्र ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय खेल की मांग है कि हम भागीदारी से पीछे नहीं हट सकते।



### एशिया कप क्रिकेट में खेलने पर भी अटकलें

यह पूछने पर कि क्या सितंबर में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप क्रिकेट में खेलने की अनुमति दी जाएगी, सूत्र ने कहा कि बीसीसीआई ने अभी इस मसले पर संपर्क नहीं किया है। जब वे संपर्क करेंगे तो हम इस मसले पर बात करेंगे। अटकलें लगाई जा रही हैं कि भारत और पाकिस्तान महाद्वीपीय टूर्नामेंट के दौरान राउंड रॉबिन मैच में एक-दूसरे से खेलेंगे जो संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) या श्रीलंका में आयोजित होने वाला है हालांकि मूल मेजबान भारत ही है।

#### डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ विज्ञापन प्रसारित करने पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक विज्ञापन प्रसारित करने से पतंजलि पर गुरुवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति मिनी पुष्करणा की पीठ ने पतंजलि को विज्ञापन प्रसारित करने से रोकने का अनुरोध करने वाली डाबर की अंतरिम याचिका को स्वीकार कर लिया। डाबर की याचिका में आरोप लगाया गया है कि 'पतंजलि स्पेशल च्यवनप्राश' यह दावा करके विशेष रूप से डाबर च्यवनप्राश और सामान्य रूप से च्यवनप्राश का अपमान कर रहा है कि किसी अन्य निर्माता को च्यवनप्राश तैयार करने का ज्ञान नहीं है। यह दावा अन्य ब्रांड के लिए अपमानजनक है।

## डिवाइडर तोड़कर कंटेनर से टकराई डीसीएम, चालकों समेत 3 की मौत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/मिलक



मृतक अजय

- दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर मिलक क्षेत्र के धनेली पूर्वी में हुआ हादसा
- डीसीएम के चालक को झपकी आने के कारण भोर में करीब चार बजे हुआ हादसा

**अमृत विचार :** मिलक में नेशनल हाईवे पर डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़कर कंटेनर से जा टकराई। हादसे में दोनों वाहनों के चालकों सहित 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को वाहनों से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

सीतापुर के थाना महोली के गांव कारिपाकर मिर्जापुर निवासी लवकुश (40) डीसीएम चालक था। गुरुवार सुबह करीब 4 बजे वह और हेल्पर महोली थाना क्षेत्र के ही गांव नरहरा निवासी 23 वर्षीय योगेश सामान भरने के लिए रामपुर आ रहे थे। वहीं, सैफनी के बिचपुरी निवासी अजय कंटेनर में मुरादाबाद से सामान लेकर बरेली जा रहे थे। लवकुश को झपकी आने के कारण डीसीएम अनियंत्रित होकर धनेली पूर्वी के पास डिवाइडर को तोड़कर दूसरी दिशा से आ रहे कंटेनर से जा टकराई। दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और दोनों वाहनों के चालक और हेल्पर वाहन में फंस गए। पुलिस ने क्रेन से वाहनों को हटवाया और तीनों के शव बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूचना मिलने के बाद मृतकों के परिजन भी पहुंच गए।

कोतवाली प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि कंटेनर और डीसीएम की टक्कर में 3 लोगों की मौत हो गई है। कंटेनर चालक के परिजनों की तहरीर पर सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा सौदे को मंजूरी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने लगभग 1.05 लाख करोड़ रुपये मूल्य के सैन्य हार्डवेयर और प्लेटफार्मों के लिए पूंजीगत अधिग्रहण से जुड़ी परियोजनाओं को गुरुवार को मंजूरी दे दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इन खरीद परियोजनाओं को मंजूरी दी। पूंजीगत अधिग्रहण से आशय उस व्यय से है, जो बजट में पूंजीगत मद में वर्णित होता है। डीएसी ने बख्तरबंद रिकवरी वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, एकीकृत सामान्य इन्वेंट्री प्रबंधन प्रणाली और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद को मंजूरी दे दी।

## अब सहायक आचार्य के लिए परीक्षा

- राजकीय महाविद्यालयों में अभी तक साक्षात्कार के आधार पर होता था चयन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


**अमृत विचार :** अब उत्तर प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में सहायक आचार्य पद पर चयन केवल साक्षात्कार के आधार पर नहीं, बल्कि लिखित परीक्षा (सब्जेक्टिव टाइप) एवं साक्षात्कार के संयुक्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।

इसके लिए उप्र. उच्चतर शिक्षा (समूह क) सेवा (तृतीय संशोधन) नियमावली-2025 को प्रख्यापित किए जाने को मंजूरी दी गई। लोकभवन लखनऊ में गुरुवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में उच्च शिक्षा विभाग से जुड़ा यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि वर्तमान में सहायक आचार्य पद पर चयन की प्रक्रिया उप्र. उच्चतर शिक्षा (समूह क) सेवा नियमावली, 1985 के नियम 15(3) के अंतर्गत केवल इंटरव्यू के माध्यम से की जाती थी। यह पद समूह क श्रेणी का महत्वपूर्ण पद है, जो विद्यार्थियों की शिक्षा, शोध और उनके भविष्य को प्रभावित करता है। ऐसे में यह आवश्यक हो गया था कि चयन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष तथा गुणवत्तापूर्ण बनाया जाए।

उन्होंने कहा कि केवल साक्षात्कार के आधार पर चयन में पक्षपात की संभावनाएं बनी रहती थीं, जिससे कई बार योग्य अभ्यर्थियों को न्याय नहीं मिल पाता था। नई संशोधित व्यवस्था में लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों के माध्यम से अभ्यर्थियों का समग्र मूल्यांकन होगा, जिससे न केवल उनके विषय ज्ञान की परख हो सकेगी, बल्कि उनके शिक्षण कौशल एवं शोध क्षमता का भी आकलन किया जा सकेगा। इससे राजकीय महाविद्यालयों में उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षकों का चयन संभव हो सकेगा, जो शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में सहायक होगा। यह संशोधन उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा नियमावली, 1985 के भाग-5 के नियम 15(3) में किया गया है, और संविधान के अनुच्छेद 309 के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग को प्राप्त अधिकारों के तहत पारित किया गया है।

## न्यायमूर्ति वर्मा पर महाभियोग चलाने पर प्रमुख विपक्षी दल सहमत : रीजीजू

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रस्ताव पर जल्द लिए जाएंगे सांसदों के हस्ताक्षर

केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने गुरुवार को कहा कि प्रमुख विपक्षी दलों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है और सांसदों के हस्ताक्षर कराने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो सकती है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि यह प्रस्ताव लोकसभा में लाया जाएगा या राज्यसभा में। लोकसभा के लिए कम से कम 100 सांसदों और राज्यसभा के लिए कम से कम 50 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होती है उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा यह निर्णय लेने के बाद कि प्रस्ताव किस सदन में लाया जाएगा, हस्ताक्षर कराए जाएंगे। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अनुसार, जब किसी न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव किसी भी सदन में स्वीकार कर लिया जाता है, तो अध्यक्ष या सभापति, जैसा भी मामला हो, तीन-सदस्यीय एक समिति का गठन करेंगे जो उन आधारों की जांच करेगी जिनके आधार पर न्यायाधीश को हटाने (महाभियोग) की मांग की गई है।

समिति में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) या उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश, 25 उच्च न्यायालयों में से किसी एक के मुख्य न्यायाधीश और एक प्रतिष्ठित न्यायविद शामिल होते हैं। रीजीजू ने कहा कि चूंकि यह मामला न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से जुड़ा है, इसलिए सरकार सभी राजनीतिक दलों को साथ लेना चाहती है।


## सौरमंडल में घुसे अज्ञात खतरनाक पिंड ने मचाई हलचल

### पड़ताल में जुटे एस्टेरॉयड पर शोध करने वाले वैज्ञानिक, ए11पीएल3जेड दिया गया इस पिंड का अस्थायी नाम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** किसी दूसरे सौर मंडल से हमारे सौर मंडल में घुस आए खतरनाक (इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट) पिंड ने हलचल पैदा कर दी है जिसे लेकर दुनिया भर के एस्टेरॉयड पर शोध करने वाले वैज्ञानिक पड़ताल में जुट गए हैं। यह तीसरा अवसर है, जब किसी दूसरे सौर मंडल का सदस्य हमारे सौर मंडल में घुस आया है। इसका अस्थायी नाम ए11पीएल3जेड दिया गया है।

यह बाहरी पिंड लगभग 20 किलोमीटर चौड़ा है और वर्तमान में 66 किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। बुधवार की सुबह इटली के वैज्ञानिक अर्नेस्टो गुइडो के नेतृत्व में खगोलविदों ने ऑस्ट्रेलिया में रिमोट नियंत्रित दूरबीन के जरिए इसकी तस्वीर खींची है। इसकी खोज 14 जून को नासा के एटलस क्षुद्रग्रह प्रणाली वेधशाला से की गई थी। यह एक रहस्यमय पिंड है। वर्ष 2017 में इसी तरह का एक रहस्यमय पिंड इम्यूमुआ को पहली बार देखा गया था और इसके दो साल बाद 2019 में धूमकेतु बोरिसोव को देखा गया था। बोरिसोव के बाद हमारे सौर मंडल से गुजरने वाला यह तीसरा इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट है। वैज्ञानिक अगले कुछ महीने इस पिंड के ऑब्जर्वेशन में बिताएंगे। प्रारंभिक गणना के अनुसार यह अक्टूबर 2025 में पृथ्वी और मंगल के बीच से गुजरने वाला है। फिलहाल वैज्ञानिकों का मानना है कि इस पिंड से पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। फिर भी इसकी कक्षा को लेकर सतर्क रहने की सख्त जरूरत है।



अज्ञात पिंड ए11पीएल3जेड की ताज़ा तस्वीर।

- 20 किलोमीटर चौड़ा है पिंड
- 66 किमी प्रति सेकेंड की गति
- 2017 में आया था इम्यूमुआ
- 2019 में धूमकेतु बोरिसोव

### वापस अपने सौर परिवार में चला जाएगा

**नैनीताल।** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के पूर्व निदेशक डॉ. वहाबउद्दीन के अनुसार, हम अपने सौर परिवार के सभी पिंडों से अवगत हैं, लेकिन किसी दूसरे सौर प्रणाली से आने वाले पिंड के प्रकार, प्रकृति व कक्षा से अनभिज्ञ होते हैं। संभव है कि वह हमारे लिए बड़ा खतरा हो सकता है, जिस कारण इन पर नजर रखना जरूरी हो जाता है। प्राथमिक अध्ययन के अनुसार यह ए11पीएल3जेड पृथ्वी के करीब तो आ रहा है, लेकिन दूर से गुजर जाएगा। इससे किसी तरह का कोई खतरा नहीं है। यह वापस अपने सौर मंडल में वापस लौट जाएगा।

## शहर में आज



☞ आजाद नगर व लाकड़ी वालान में शिया समुदाय की मजलिस रात 8 :30 बजे

☞ ज़िक्र-ए-शहीदाने कर्बला की महफिल की महफिल लाल मस्जिद में रात 9 :00 बजे

## एक नजर

### इंटरनेशनल क्विज में चमके टीएमयू के दो रेडियोलॉजिस्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के टीएमयू हॉस्पिटल में सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी ने यूरेशियन कांग्रेस ऑफ रेडियोलॉजी-2025 में थोरेसिक रेडियोलॉजी में डुअल-एनर्जी सीटी स्कैन और एमआरआई की भूमिका पर व्याख्यान दिया। पीजी रेजीडेंट्स डॉ. राज नाडा और डॉ. मुकुल मेहंदीरत्ता ने कजाकिस्तान के अस्ताना में 11वीं यूरेशियन कांग्रेस ऑफ रेडियोलॉजी-2025 में टीम-इंडिया के रूप में अंतर्राष्ट्रीय यूरेशियन रेडियोलॉजी रेजीडेंट क्विज में तीसरा स्थान हासिल किया। दोनों ने अपने शोध पत्र भी प्रस्तुत किए। सम्मेलन में रेडियोलॉजी व इमेजिंग क्षेत्र के लगभग 20 देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रो. राजुल रस्तोगी ने यूरेशियन कांग्रेस ऑफ रेडियोलॉजी-2025 में थोरेसिक रेडियोलॉजी में डुअल-एनर्जी सीटी स्कैन व एमआरआई की भूमिका के बारे में बताया कि ये दोनों ही उन्नत तकनीकें हैं, जो शुरुआती चरण में फेफड़ों की विभिन्न बीमारियों की पहचान करने में मदद कर सकती हैं।

### सुपर मार्केट में ई-वेस्ट कलेक्शन सेंटर की स्थापना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर निगम प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नई पहल करते हुए बुध बाजार स्थित इलेक्ट्रानिक्स सामानों की बिक्री के प्रमुख केंद्र सुपर मार्केट के निकट ई-वेस्ट कलेक्शन सेंटर की स्थापना कराकर इसकी शुरूआत कराई। दुकानदार अब पुराने व अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक सामान (ई-वेस्ट) को इस केंद्र में सुरक्षित रूप से जमा कर सकेंगे। जिसे नगर निगम के ई-वेस्ट कलेक्शन वाहन से ले जाकर वैज्ञानिक तरीके से उसका निस्तारण कराया जाएगा। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि निगम की ओर से इसी प्रकार के सेंटर अन्य स्थानों पर भी स्थापित किए जाएंगे। जिससे महानगर में ई-वेस्ट प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। निगम द्वारा संचालित मोबाइल ई-पेस्ट कलेक्शन वाहन भी रोस्टर के अनुसार नियमित रूप से वार्डों में भ्रमण कर नागरिकों से ई-वेस्ट एकत्र करता है, जिसे रिसाइक्लिंग के लिए भेजा जाता है।

## स्टे पर काम कर रहे डीपीआरओ का दूसरे को चार्ज देने से इंकार

कार्यालय संवाददाता मुरादाबाद

- एक पद पर दो अधिकारी होने से कर्मचारियों में असमंजस, डीएम तक पहुंचा मामला

**अमृत विचार:** जिला पंचायत राज अधिकारी के पद पर एक साथ दो अधिकारियों के होने से असमंजस की स्थिति बन गई है। न्यायालय के स्टे पर चल रहे अधिकारी ने शासन के द्वारा स्थानांतरित कर भेजे गए डीपीआरओ को चार्ज देने से मना कर दिया। जिससे ऊहापोह बना है।

अपने निलंबन के खिलाफ न्यायालय से स्टे जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा अभी भी काम कर रहे हैं। वहीं इसी बीच शासन ने मेरठ से स्थानांतरित कर डीपीआरओ आलोक कुमार को मुरादाबाद का डीपीआरओ बनाने का आदेश जारी कर दिया। जिसके बाद वह गुरुवार को कार्यभार ग्रहण करने विकास भवन पहुंचे। लेकिन स्टे पर चल रहे जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा आलोक कुमार को डीपीआरओ का चार्ज देने से इंकार कर दिया। जिससे विभाग के कर्मचारियों में ऊहापोह की स्थिति बन गई है। उन्हें नहीं समझ आ रहा है कि वह काम किस प्रकार करें। मामला अब डीएम तक पहुंच गया है। हालांकि अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

### चेकिंग अभियान में पीटीओ ने फिटनेस में सही स्कूल बस को बताया अनफिट

## स्कूल बस का गलत चालान कर उतार दिए बच्चे व शिक्षक

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- बस के कागजात दिखाने पर विभाग के अधिकारी हुए शर्मसार
- स्कूल प्रबंधन ने पीटीओ पर लगाया गलत कार्रवाई करने का आरोप

**अमृत विचार :** संभागीय परिवहन विभाग के पीटीओ द्वारा स्कूल वाहनों की जांच में लापरवाही का खामियाजा स्कूल प्रबंधन और बस से स्कूल जा रहे छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को भुगतना पड़ा। गलत चालान कर स्कूली बस को रोक कर छात्रों व शिक्षकों को उतारने में पीटीओ की गलती से विभाग के अधिकारियों को शर्मसार होना पड़ा। पीटीओ को गलती की माफी भी मांगनी पड़ी।

गुरुवार को स्कूल वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। संभागीय परिवहन विभाग के पीटीओ नरेंद्र सिंह अनफिट वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। जिसमें उन्होंने दो स्कूली बसों को रोक उनकी फिटनेस संबंधित कागजात चालक से मांगा जिसे चालक मौके पर नहीं दिखा पाया। इसके बाद इन बसों में अधिक बच्चों के बैठने का कारण बताकर पीटीओ ने बस का चालान कर दिया। बस को इस तरह रोक कर चालान करने की कार्रवाई के दौरान पीटीओ ने लापरवाही कर दी। पीटीओ ने चालान कर बच्चों व शिक्षकों को उतार बस को विभाग के कार्यालय परिसर में लाकर खड़ा कर दिया। इससे बस में बैठे छात्रों की पढ़ाई पर असर पड़ा। हालांकि कुछ को दूसरे वाहन से स्कूल भेजा गया। पीटीओ ने फिटनेस में सही स्कूल बस के नंबर पर जबरन अनफिट होने का चालान काट दिया। जबकि बस के नंबर में भी उसने गलती कर दी, बस नंबर में बीएन था और सीएन नंबर की बस पर कार्रवाई की गई। जबकि सीएन सीरीज वाले नंबर की बस के सभी कागज पूरे थे। जिसे स्कूल प्रबंधन ने लाकर दिखा भी दिया। स्कूल प्रबंधन ने पीटीओ पर बात को अनसुनी करते हुए गलत कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह से की गई।

### वापस ली कार्रवाई, मांगी माफी

बस के गलत चालान की कार्रवाई को वापस लेना पड़ा। पीटीओ की इस कारगुजारी के विभाग के अधिकारियों को भी शर्मसार होना पड़ा। इसके बाद पीटीओ ने गलती मानते हुए माफी मांगी। गलत चालान काटे जाने की कार्रवाई की खबर पूरे शहर में फैल गई। लोग विभाग की लापरवाह कार्यप्रणाली की चर्चा करते सुने गए।



इसी बस का किया गलत चालान।

## स्कूलों के विलय के विरोध में आंदोलन तेज

### सरकार की नीति के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जन प्रतिनिधियों को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बोले- छात्रों से विद्यालयों की दूरी अधिक होगी तो बेरोजगार हो जाएंगे रसोइया

> डिलारी ब्लॉक के लगभग 50 विद्यालय समेत जिले 396 विद्यालय पास ही के बेहतर स्ट्रक्चर वाले और अधिक कक्ष व अध्यापकों वाले विद्यालय में युग्मन किया जा रहा है। युग्मन हुए विद्यालयों को आंगनबाड़ी केंद्रों और लाइब्रेरी के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। - **विमलेश कुमार**, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

**अमृत विचार :** कम संख्या वाले विद्यालयों को अधिक संख्या वाले निकटतम विद्यालय में विलय करने के विरोध में शिक्षक आंदोलित हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने गुरुवार को जिले के हर ब्लॉक में जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा। डिलारी, बिलारी और छजलैट ब्लॉक के पदाधिकारियों ने विधायकों को पत्र देकर सरकार के इस कदम को रोकने में सहयोग करने का आग्रह किया।

विकास खंड छजलैट संघ के अध्यक्ष कपिल सिरोही ने सैकड़ों शिक्षकों के साथ कांठ क्षेत्र के विधायक कमाल अख्तर को ज्ञापन सौंपा। उनसे कहा कि प्रदेश सरकार हजारों प्राथमिक विद्यालयों को विलय के नाम पर बंद कर रही है। प्रदेश में 50 से कम छात्र संख्या प्राथमिक विद्यालय और 100 से कम संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्रधानाध्यापक विहीन करते हुए हजारों प्रधानाध्यापकों को सरप्लस घोषित कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया से जहां छात्रों से विद्यालयों की दूरी अधिक होगी वहीं सैकड़ों रसोइयों की सेवा समाप्त होने से उनके सामने संकट खड़ा हो जाएगा। आरोप लगाया कि बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा संबंधित प्रधानाध्यापकों एवं ग्राम प्रधान, विद्यालय प्रबंध समिति पर दबाव बनाकर विद्यालय बंद करने के समर्थन में प्रस्ताव मांगे जा रहे हैं। शिक्षकों ने ज्ञापन के माध्यम से सरकार के आदेश को निरस्त कराने का अनुरोध जन प्रतिनिधियों से किया। डिलारी, छजलैट और बिलारी के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने विधायक फहीम को ज्ञापन सौंपा। डिलारी ब्लॉक के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों ने कांठ विधायक कमाल अख्तर से मिलकर मांग की। विधायक ने इस समस्या को पार्टी के घोषणा पत्र में शामिल कराने और सदन में प्रमुखता से उठाने का भरोसा दिया। इस दौरान मंत्री आलोक कुमार के साथ संजय भारद्वाज, भूपेंद्र सिंह, कुलवीर सिंह, नितिन शर्मा, आलोक कुमार, गजेंद्र सिंह, नासिर हुसैन, रहीस अहमद आदि मौजूद रहे। जबकि छजलैट ब्लॉक के अध्यक्ष डॉ. कपिल सिरोही, मंत्री विकास खण्ड-छजलैट मेघराज सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेतराम सिंह, कोषाध्यक्ष रिजवान, संयुक्त मंत्री वैशाली मांगलिक शिक्षक शामिल रहे।



विधायक फहीम को ज्ञापन सौंपते ब्लॉक बिलारी के शिक्षक। • अमृत विचार



विधायक कमाल अख्तर को ज्ञापन सौंपते ब्लॉक-छजलैट और डिलारी के शिक्षक।

### प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में तय की रणनीति



**कांठ, अमृत विचार :** गुरुवार को स्कूलों के विलय के विरोध की रणनीति तैयार करने को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय का मुरादाबाद पहुंचे। उन्होंने जिला कार्यकारिणी के साथ बैठक कर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि किसी भी कीमत पर स्कूलों का विलय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश स्तर पर व्यापक रणनीति तैयार की जा रही है। इस अवसर पर ज़िलाध्यक्ष रोहित कुमार मिश्रा, जिला मंत्री रविकांत गहलोत, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं छजलेट के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष पंकज दिवाकर, भगतपुर टांडा के अध्यक्ष टीकाराम सिंह, विपेंद्र कुमार सिंह, रितेश चौधरी, अवनीश कुमार, हिंदवीर सिंह, मयंक अग्रवाल उपस्थित रहे।



डीएम अनुज सिंह को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। • अमृत विचार

## स्कूलों के मर्जर के खिलाफ कांग्रेसियों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डीएम के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**अमृत विचार :** सरकार द्वारा 5000 प्राइमरी व जूनियर स्कूलों को विलय करने के निर्णय के खिलाफ गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर की अनुपस्थिति में कार्यवाहक अध्यक्ष मोहम्मद वसीम व महानगर अध्यक्ष हाजी जुनेद इकराम उर्फ बंटी के नेतृत्व में प्रदर्शन हुआ।

महानगर अध्यक्ष ने राज्यपाल को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को पढ़कर सुनाने के बाद सौंपा। उन्होंने सरकार पर शिक्षा के अधिकार को कुचलने का आरोप लगाया। कहा कि प्रदेश में शिक्षा का अधिकार पहले ही कमजोर हो रहा है और अब स्कूलों को बंद कर देना गरीबों और वंचितों के भविष्य से सीधा खिलवाड़ है। कांग्रेस सरकार को यह निर्णय वापस लेने पर मजबूर करेगी। राज्यपाल से आग्रह करते हैं कि वह इस जनविरोधी निर्णय पर तत्काल हस्तक्षेप कर स्कूल बंदी का फैसला रद्द करें।

इस दौरान अजय सारस्वत सोनी, पूर्व महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा, शिवराज गुर्जर, अनुराग शर्मा, अशोक कपूर, फहीम मिर्ज़ा, पार्षद शमशेर अली, परवेज इस्लाम, नदीमुद्दीन कातिब, रेहान अहमद, मौअज्जम़ अली, कमर सलीम, इफ्तिखार मोहम्मद, नदीम अंसारी, अफसर अंसारी, हाजी वसीम, मुशाहिद चौधरी, विवेक कुमार, दानिश सैफी, शकील चौधरी, योगेंद्र सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 200 पौधे रोपे, बचाने का संकल्प



एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाते प्रदीप सक्सेना व अन्य। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- हरियाली बढ़ाकर पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए किया जागरूक

**अमृत विचार :** वन महोत्सव व एक पेड़ मां के नाम अभियान के तीसरे दिन गुरुवार को नया मुरादाबाद स्थित पार्श्वनाथ प्रतिभा रेसिडेंस वेलफेयर सोसाइटी में 200 पौधे लगाए गए। इसमें मेहंदी, अमरूद, गुड़हल, आम, नीम, पीपल, बुरुश और आंवले की पौध शामिल रही।

मुख्य अतिथि गंगा समिति के नामित सदस्य एडवोकेट प्रदीप सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करने के पौधरोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने के प्रति लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ ही देखभाल की जिम्मेदारी हमें निभानी होगी। यदि कोई पौधा लगाना चाहता है तो उपलब्ध कराएंगे और पौधरोपण में सहयोग करेंगे। इस दौरान शरद मल्होत्रा, बलराम सिंह, आनंद सिंह, राजकुमार सोनकर, दीप सिंह, अजय राज सिंह, अजय कुमार सिंह, नवनीत, शैलेंद्र सिंह, रमन आदि मौजूद रहे।

## माटीकला रोजगार योजना में महिलाओं को मिलेगी प्राथमिकता

**मुरादाबाद : अमृत विचार :** मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अंतर्गत पांच वर्षों (वर्ष 2019-2020 से वर्ष 2023-24 तक) की वित्तपोषित/स्थापित माटीकला की इकाइयों को उपकरण वितरण के लिए शासन से लक्ष्य मिल चुका है।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह ने बताया कि जिले के जरूरतमंद ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उनको प्राथमिकता दी जाएगी जो मिट्टी के कुल्हड़ एवं गिलास बना रहे हैं। इसमें महिला उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाएगी। योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जुलाई है। आवेदक आवेदन विभागीय पोर्टल (upmatikalaboard.in) पर कर सकते हैं। मोबाइल नं. 9580503151 एवं 8191967279 या कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## लक्षण मिलने पर जांचा जा रहा मलेरिया, अब तक आठ पॉजिटिव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मौसम बदलाव के साथ ही मलेरिया और डेंगू होने का खतरा बढ़ गया है। जिला अस्पताल में बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बुखार के मरीजों में मलेरिया और डेंगू के लक्षण दिखाई दे रहे। इस पर उनकी जांच कराई जा रही है। जांच में आठ मरीजों में मलेरिया की पुष्टि हुई है।

जिला मलेरिया अधिकारी प्रेम नारायण यादव ने बताया कि जिला अस्पताल के साथ ही सीएचसी और पीएचसी पर जून माह से अब तक 400 से अधिक लोगों की लक्षण दिखाई देने पर मलेरिया और डेंगू की जांच कराई गई। इसमें डेंगू की पुष्टि किसी मरीज में नहीं हुई लेकिन आठ मरीज मलेरिया से पीड़ित पाए गए हैं। जिला अस्पताल में हर रोज लक्षणों के आधार पर दस से अधिक मरीजों की जांच की जा रही है। परामर्श के बाद दवाई दी जा रही है। इन दिनों में इसके अलावा कभी तेज धूप तो कभी बादल छा रहे हैं। जिससे लोग गर्मी में एकदम नहाने से भी बुखार आ रहा है। अस्पताल की मेडिसिन विभाग की ओपीडी में रोजाना औसतन 500 मरीज सिर्फ बुखार की दवा लेने पहुंच रहे हैं।



जिला अस्पताल की ओपीडी में लाइन में लगे मरीज। • अमृत विचार

**मलेरिया के लक्षण :** तेज बुखार होना, कंपकपी, ठंड लगना, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, थकान- उल्टी होना, कुछ लोगों को सांस लेने में तकलीफ, दौरे पड़ना।

**यह बरतें सावधानी :** साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, घर पर बना ताजा भोजन खाएं, मच्छरों से बचाव करें, भीड़ वाले स्थान पर जाने से बचें, बुखार 24 घंटे से ज्यादा रहे तो चिकित्सक से परामर्श लें, बारिश में भीगने से बचें और गीले कपड़े न पहनें, मसालेदार एवं तला भुना भोजन न खाएं, अधिक पानी का सेवन करें, हरी सब्जियों एवं फलों का सेवन करें

### मौसम का असर: बच्चों से लेकर बड़े तक हो रहे वायरल का शिकार



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बदलते मौसम का प्रभाव लोगों की सेहत पर भारी पड़ रहा है। सिर्फ बच्चे ही नहीं बल्कि बड़े भी वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में चिकित्सक उपचार करने के साथ ही मरीज व तीमारदारों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। जिला अस्पताल के साथ ही निजी अस्पतालों में बुखार, डायरिया और बदन दर्द से ग्रसित पहुंच रहे हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीर सिंह ने बताया कि पेट खराब, जुखाम, खांसी, बुखार और गला खराब का मुख्य कारण वायरल संक्रमण है। बताया कि सामान्यत बैक्टीरिया और वायरस द्वारा शरीर में होने वाले संक्रमण पर प्रतिरक्षा पद्धति द्वारा नियंत्रण रखा जाता है। शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता अगर कम हो तो जीवाणु तेजी से पनपते हैं और बीमारियां फैलाते हैं। उन्होंने बताया कि बारिश के इस मौसम में वायरल के साथ ही पेट संबंधी समस्या भी लोगों को शिकार बना रही है। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि बीमार न पड़े इसके लिए जरूरी है कि शरीर की साफ-सफाई रखें और खान-पान अच्छा रखें। खाने में प्रोबायोटिक जैसे दही, लस्सी आदि को शामिल करें, सब्जियों में अदरक, लहसुन व हल्दी का प्रयोग जरूर करें।

### सावन में चार सोमवार व्रत के साथ 4 मंगला गौरी व्रत का विशेष संयोग

## हरियाली व प्रकृति के नवीनीकरण का प्रतीक है श्रावण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शिव व माता पार्वती की पूजा करने से मिलता है विशेष फल

**अमृत विचार :** सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है। इस महीने भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से विशेष फल मिलता है। इस बार सावन में चार सोमवार व्रत के साथ 4 मंगला गौरी व्रत का विशेष संयोग बना है इसलिए यह और विशेष फलदायी होगा।

ज्योतिषाचार्य पं. केदार मुरारी ने बताया कि सावन का महीना भगवान शिव को बहुत प्रिय है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस महीने में माता पार्वती ने भगवान शंकर को पति रूप में पाने के लिए व्रत रख घोर तपस्या की थी। यही कारण है कि भगवान शिव को यह महीना अत्यंत प्रिय है। ऐसी मान्यता है कि सावन में ही भगवान शिव धरती पर अपनी सुसराल आए थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार पवित्र माह में समुद्र मंथन में निकले विष को भगवान शिव ने ग्रहण किया था। यह भी माना जाता है कि भगवान शिव ने सावन के महीने में विवाह किया था। यह महीना हरियाली और प्रकृति के नवीनीकरण और उर्वरता का प्रतीक है।



ज्योतिषाचार्य पं. केदार मुरारी।

### ऐसे करें पूजा अर्चना

ज्योतिषाचार्य के अनुसार शिवलिंग पर दूध दही शहद पंचामृत चढ़ाने की परंपरा धार्मिक मान्यताओं और पौराणिक कथाओं से जुड़ी है। दूध को पवित्रता और शीतलता का प्रतीक माना जाता है, और भगवान शिव को दूध चढ़ाने से उनकी कृपा प्राप्त होती है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, समुद्र मंथन के दौरान जब हलाहल विष निकला, तो भगवान शिव ने उसे ग्रहण किया, जिससे उनका शरीर गर्म होने लगा। देवताओं ने उन्हें शांत करने के लिए दूध दही पंचामृत चंदन विल्वपत्र धतूरा शमीपत्र गुलाब जल और इत्र का गुण शीतल होने के कारण महादेव को अर्पित किया। तभी से इन चीज़ों से रूद्राभिषेक करने की परंपरा है।

### इन तिथि को पड़ेंगे चार सोमवार

- 14 जुलाई पहला सोमवार
- 21 जुलाई, दूसरा सोमवार
- 28 जुलाई तीसरा सोमवार
- 4 अगस्त चौथा सोमवार

### मंगला गौरी व्रत की तिथियां

- 15 जुलाई पहला
- 22 जुलाई दूसरा
- 29 जुलाई तीसरा
- 5 अगस्त चौथा




आमजन को जागरूक करते नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर व अन्य। • अमृत विचार

## महानगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जागरुकता रैली निकाली, कपड़े व जूट के थैले बांटे

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग फ्री डे के अवसर प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन शहरी की आईईसी टीम ने रैली निकाल कर लोगों को जागरूक कर महानगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। कपड़े व जूट के थैले बांटे गए।

गुरुवार का नगर निगम के टाउनहाल स्थित कार्यालय पर एकत्रित होने के बाद महानगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के संकल्प के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। जो निगम कार्यालय से होकर इम्पीरियल तिराहा तक गई। इसमें नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ निगम के ब्रांड एंबेसडर प्रदीप सक्सेना भी शामिल हुए। पोस्टर, बैनर और नारों के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। नागरिकों और व्यापारियों को कपडे के थैले मुफ्त वितरित किए। एटीएम क्लॉथ बैग सेवा की शुरुआत की गई। जहां लोग जरूरत के अनुसार कपड़े के थैले प्राप्त कर सकते हैं। अपील की गई कि वह अपने दैनिक जीवन से सिंगल यूज प्लास्टिक को हटाकर पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बनें।

**आज का मौसम**

धूप के साथ हल्के बादलों की आवाजाही रहेगी।

35.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:21 | सूर्यास्त 07:17

# शराब कारोबारी के बेटे, पोते पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कटघर थाना क्षेत्र निवासी पार्टनर ने चड्ढा परिवार पर लगाए जालसाजी के आरोप
- एसएसपी के आदेश पर लिखा गया मुकदमा, करोड़ों की संपत्ति के गोलमाल का मामला

**अमृत विचार :** महानगर के नामी शराब कारोबारी हरभजन सिंह चड्ढा के बेटे गुरजीत सिंह चड्ढा, पोते हरवीर सिंह चड्ढा, पत्नी जसप्रीत गौर और पोते की पत्नी तमन्ना चड्ढा समेत चार नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में धोखाधड़ी और जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। यह मुकदमा कटघर क्षेत्र निवासी उनके पार्टनर गोपाल मिश्रा की तहरीर पर एसएसपी के आदेश पर लिखा गया है।

जिसमें गोपाल मिश्रा ने पार्टनरशिप डीड के खिलाफ जाकर चड्ढा डवलपर्स नाम से बनी फर्म की करोड़ों रुपये की संपत्ति का गोलमाल करने का आरोप लगाया है। थाना कटघर क्षेत्र के गाड़ीखाना निवासी गोपाल मिश्रा ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 13 जुलाई 2010 को उन्होंने हरभजन सिंह चड्ढा व उनके पोते हरवीर सिंह चड्ढा के साथ पार्टनरशिप हुई थी।

इसके माध्यम से मेसर्स चड्ढा डवलपर्स कंपनी बनाई गई। पीड़ित के अनुसार इसमें हरभजन व हरवीर 37.5-37.5 फीसदी के और वह खुद 25 फीसदी के हिस्सेदार थे। अनुबंध 10 में यह स्पष्ट प्रावधान था कि यदि किसी पार्टनर की मृत्यु हो जाती है तो यह पार्टनरशिप कैंसिल हो जाएगी। दर्ज रिपोर्ट में गोपाल मिश्रा ने बताया कि उक्त फर्म के पार्टनर रहे हरभजन की 22 दिसंबर 2020 को मृत्यु हो गई। अनुबंध की शर्तों के अनुसार उनकी मौत के बाद से पार्टनरशिप डीड स्वयं भंग हो गई।

गोपाल मिश्रा के अनुसार हरभजन की मौत के बाद उन्होंने फर्म के दूसरे पार्टनर हरभजन के पोते हरवीर सिंह से नई फर्म गठित करने को कहा ताकि संपत्तियों का निस्तारण हो सके। आरोप लगाया कि कई बार कहने के बावजूद हरवीर टालमटोल करते रहे। उनके पिता गुरजीत से संपर्क किया, लेकिन उन्होंने भी ध्यान नहीं दिया। आरोप लगाया कि हरवीर और गुरजीत ने फर्म की सारी संपत्ति को हड़पने के उद्देश्य से बिना सहमति लिए कूटरचित दस्तावेज के सहारे नई कंपनी बना ली। 16 अप्रैल 2018 को 1.91 करोड़ रुपये जो पुरानी फर्म के बैंक ऑफ इंडिया के रामपुर ब्रांच के खाते में था। उसे आरोपियों ने अपनी नई फर्म के नए बैंक अकाउंट प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक गांधीनगर ब्रांच में ट्रांसफर कर लिया।

इस संबंध में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार नामजद और अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में केस दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### 25 फीसदी हिस्से का करा दिया झूठा बैनामा

28 अप्रैल 2025 को हरवीर सिंह चड्ढा ने सरोज सिनेमा के नाम से जिसमें गोपाल मिश्रा का 25 फीसदी हिस्सा था। उसका कुछ हिस्सा हरवीर ने अपनी पत्नी तमन्ना चड्ढा के नाम कूटरचित दस्तावेज से बैनामा कर दिया। आरोप लगाया कि इसी तरह इन सभी ने मिलकर पार्टनरशिप डीड खत्म होने के बावजूद करोड़ों की संपत्ति का गोलमाल किया है।




## एक नजर

### आज होगी ललित कौशिक पर लगे आरोपों की सुनवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दुष्कर्म पीड़िता पर 14 जून को हुए हमले में ललित कौशिक को आरोपी बनाया गया है। मामले में आरोपी ने अधिवक्ता के जरिए जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जमानत अर्जी पर शुक्रवार को( आज) सुनवाई की जाएगी। थाना मझोला क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने नौ अप्रैल 2023 को सिविल लाइंस थाने में दीनदयाल नगर निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक के खिलाफ केस दर्ज कराया था। जिसमें महिला ने आरोप लगाया था कि ललित कौशिक ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर उसकी 16 वर्षीया बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। आरोपी वर्तमान में बलरामपुर जेल में बंद है। 14 जून की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पीड़िता अपनी मां और भाई के साथ गुलाबबाड़ी क्षेत्र में अपने रिश्तेदार के घर जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवारों ने पीड़िता पर फायरिंग कर दी थी। इस मामले में पीड़िता की मां की ओर से ललित कौशिक और दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### पंचायत सहायक को मारपीट करके किया घायल

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव ढकिया नरू के पंचायत सहायक को मारपीट करके बुरी तरह से घायल कर दिया। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ढकिया नरू गांव के विवेक पुत्र बेताली ने बताया कि वह पंचायत सहायक है। पुलिस में दर्ज कराए केस में बताया कि गुरुवार को 11:40 बजे वह पंचायत भवन में कार्य कर रहा था। इसी बीच दयाराम आ गया और गाली गलौज करने लगा। उसके हाथ में चाकू था। उसने बुरी तरह से मारा पीटा। इसकी रिकॉर्डिंग पंचायत घर के कमरे में मौजूद है। किसी तरह जान बचाकर वह भागा। आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी है। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# बिना नक्शा पास कराए बन रहे भवनों पर करें सख्ती

## विधान परिषद की जांच समिति ने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ की बैठक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विधान परिषद की विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, जिला पंचायत एवं नगर निगमों में व्याप्त अनियमितताओं पर अंकुश लगाने/जांच किए जाने संबंधी समीक्षा समिति के सभापति की अध्यक्षता में सर्किट हाउस के सभागार में हुई।

गुरुवार को समिति के सभापति बृजेश कुमार सिंह प्रिंसू ने सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, गोविंद नारायण शुक्ल, हरि सिंह ढिल्लो, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, एमएलसी सत्यपाल सिंह सैनी, एमएलसी गोपाल अंजान के साथ कार्यों की समीक्षा की। एमडीए के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने टाउनशिप के बारे में बताया कि भवनों के नक्शे जारी करने और जो भवन बन चुके हैं उन्हें नियमों के दायरे में लाया जा रहा है। सभापति ने कहा कि शहर में बिना नक्शा स्वीकृत कराए बनने वाले भवनों पर शुरुआती चरण में ही नियमों को सख्ती से लागू कराएं। निचले स्तर पर नियमों को प्रभावी बनाने में लापरवाही बरतने वाले अभियंताओं व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।



सर्किट हाउस सभागार में बैठक करते विधान परिषद समिति के सभापति बृजेश कुमार सिंह प्रिंसू व मौजूद सदस्य।

- नियमों को लागू कराने में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों व अभियंताओं पर करें कारवाई

सभापति ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत से प्रति वर्ष राजस्व संग्रह की स्थिति एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष के लक्ष्य की जानकारी ली। अपर मुख्य अधिकारी से जिला पंचायत के अधिकार में कुल संपत्तियों और उनसे हो रही आय के बारे में पूछा। कहा कि जिला पंचायत की आय बढ़ाने के उपायों को करें जिससे जिला पंचायत आर्थिक रूप से और सशक्त बन सके। उन्होंने नगर निगम मुरादाबाद द्वारा नगर क्षेत्र के विकास के लिए कराए गए महत्वपूर्ण एवं अभिनव कार्यों के बारे में अपर नगर आयुक्त से जानकारी ली। अपर नगर आयुक्त ने नगर निगम के स्तर से कूड़ा कलेक्शन, कूड़ा निस्तारण, अवैध कब्जा हटाने के संबंध में चलाए गए अभियान, सड़कों पर जाम की समस्या के समाधान के लिए बनाए गए पार्किंग स्थल और कान्हा गोशाला के बारे में बताया। सभापति ने कान्हा गोशाला में गोवंश के रखरखाव के लिए उपलब्ध संसाधनों एवं कार्मिकों की संख्या पूछी। आवास विकास के तहत विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान सभापति ने कहा कि आवास आयुक्त द्वारा टीम के माध्यम से जिले में आवास विकास के अंतर्गत निर्मित आवासों की गुणवत्ता की जांच कराई जाए।बैठक में डीएम अनुज सिंह, एसएसपी सतपाल अंतिल, सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी, गो सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल, भाजपा महानगर गिरीश भंडूला व विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### नगर पालिका और नगर पंचायतों में आय के सापेक्ष खर्च अधिक होना गंभीर मुद्दा

सभापति ने एडीएम प्रशासन/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय गुलाब चंद को निर्देश दिया कि जिले की नगर पालिका और नगर पंचायतों में उनकी आय के सापेक्ष खर्च अधिक हैं जो गंभीर मुद्दा है। स्थानीय निकाय अपनी आय बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करें। एडीएम प्रशासन ने बताया कि जिले की नगर पालिका और नगर पंचायतों में आय के स्रोतों को बढ़ाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है, इसके लिए बरात घर और जिम जैसे जनोपयोगी निर्माण कार्यों के साथ ही हाउस टैक्स व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जा रहा है साथ ही निकायों द्वारा निर्मित दुकानों का नियमानुसार किराया वसूला जा रहा है।

# रिजवान डेयरी पर छापा, नष्ट कराया गया 201 किलो पनीर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 720 लीटर दूध नष्ट कराया, पनीर निर्माणशाला भगतपुर पहुंची खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम

**अमृत विचार:** सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव के निर्देश पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में गुरुवार को टीमों ने डेयरी प्रोडक्ट व दूध विक्रेताओं के बड़े फर्म पर छापेमारी कर जांच किया। गुणवत्ता खराब मिलने पर टीम ने रिजवान डेयरी पर 201 किलोग्राम पनीर नष्ट कराया। इसके अलावा दूध को भी विनष्ट कराया।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पनीर निर्माणशाला स्थित विलकूदन भगतपुर विक्रेता शहादत अली के प्रतिष्ठान पर जांच की। यहां से दूध व क्रीम का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा। कार्रवाई से दुकानदारों में अफरा तफरी मच गई। यहां से नमूना कृपाशंकर व भूपेंद्र सिंह ने संकलित किया। वहीं भैंस के दूध का नमूना दुग्ध विक्रेता मोहम्मद कमल हुसैन पीतल नगरी से लिया गया। पनीर निर्माण इकाई मोहम्मद रिजवान स्थित माजरा बर खेड़ा चक थाना भगतपुर से खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रजन सिंह, केके यादव, हितेंद्र पाल और सच्चन ने पनीर के चार नमूने लिए। विशेष अभियान में दो दूध चार पनीर और एक क्रीम सहित कुल सात नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया।

इसके अलावा सहायक आयुक्त खाद्य मुरादाबाद मंडल ने तहसील टांडा जनपद रामपुर में रामपुर के मुख्य खास सुरक्षा अधिकारी कुशवाहा के साथ पनीर निर्माण इकाई का निरीक्षण कर कार्रवाई की।

यहां ताला बंद मिला। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सुनील शर्मा ने कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं रिजवान डेयरी पर खराब गुणवत्ता वाला 201 किलो पनीर नष्ट कराया जिसका मूल्य रुपया 48,240 और 720 लीटर दूध का मूल्य 39,600 रुपये दूध इसफ्यूरियस और कर्दील होने के कारण विनष्ट कराया गया। कारोबार पर रोक लगा दी।

# बेटे पर संकट के नाम पर ठगे सोने के कुंडल व बालियां

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- महिला सफाई कर्मी ने दो युवकों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

**अमृत विचार :** दो तांत्रिक युवकों के झांसे में आकर बेटे का संकट उतारने के नाम पर महिला सफाई कर्मी लाखों रुपये के आभूषण गवां बैठी। होश में आने पर उसे ठगी का एहसास हुआ। वह रोने लगी तो वहां भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला से पूछताछ कर युवकों की तलाश की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रामनगर खागू वाला निवासी बबली पत्नी रिषिपाल एक निजी अस्पताल में सफाई कर्मी है। गुरुवार को दोपहर बाद वह अस्पताल जा रही थी। मुस्लिम इंटर कॉलेज के पास पीछे से आए दो युवकों ने उसे रोक लिया और कहा कि आप बहुत परेशान है। आपके बेटे पर भारी संकट है। निराकरण नहीं कराया तो उसकी जान भी जा सकती है इस पर महिला घबरा गई। युवकों ने आड़ में ले जाकर उसके कान में मंन्त्र पढ़ा। उसके बाद वह अपनी सुध-बुध गंवा बैठी। इसी दौरान आरोपियों ने महिला सफाई कर्मी के दोनो कानों के दो सोने के कुंडल व आठ बलियां उतारी और कहा कि इस बोतल में कहीं से जल ले आओ। महिला बोतल लेकर जल लेने के चली गई कुछ देर बाद जब वह वापस लौटी तो दोनों युवक और उसकी बालियां व कुंडल गायब थे।

वह रोने लगी तो वहां भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूछताछ कर आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज देखे। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। अब तक नगर में देहात क्षेत्र से एक दर्जन से अधिक महिलाएं तांत्रिक ठाकुर की शिकार हो चुकी है लेकिन कार्रवाई किसी मामले में नहीं हो पाई।

## छात्रा से छेड़छाड़ के दोषी को 3 साल की जेल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट-1 अविनाश चंद्र मिश्र की अदालत ने 12 वीं छात्रा से छेड़खानी में आरोपी को दोषी करार देते हुए तीन साल की कैद की सजा सुनाई है और 8 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

थाना कटघर क्षेत्र में रहने एक व्यक्ति ने 24 फरवरी 2016 को सिविल लाइंस थाने में मझोला के सूर्य नगर निवासी अमित कुमार के खिलाफ केस दर्ज कराया था। जिसमें बताया कि उसकी बेटी सिविल लाइंस क्षेत्र में कोचिंग सेंटर में पढ़ने जाती है तो अमित कुमार उसके साथ छेड़खानी करता है। तंग आई बेटी ने माता-पिता को आप बीती सुनाई थी। शाम लगभग पांच बजे छात्रा स्कूटी से कोचिंग जा रही थीं। इसी दौरान आरोपी ने उसे रोक लिया। छात्रा के पीछे माता-पिता बाइक से चल रहे थे। उन्होंने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट-1 अविनाश चंद्र मिश्र की अदालत में चल रही थी।

# विशेषज्ञों ने बताए तिलहन व दलहन की खेती के नवाचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पंचायत भवन सभागार में गुरुवार को कृषि विभाग की जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं किसान मेले का आयोजन किया गया। इसमें तिलहन और दलहन की खेती को बढ़ावा देने के सरकार की ओर से मिल रहे अनुदान के बारे में बताया गया। किसानों को इसकी खेती के लिए प्रेरित कर अनुदान की भी जानकारी दी गई। कृषि विशेषज्ञ ने खेती के नवाचार के तरीके बताए।

गोष्ठी व किसान मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह चौहान और संयुक्त निदेशक कृषि ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने स्टॉल का निरीक्षण करने के दौरान कृषक कल्याण समिति के संचालक को ट्रैक्टर की प्रतीकात्मक चाभी सौंपी। कृषि विभाग द्वारा कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत मेले में सैकड़ो किसान पहुंचे।




किसान गोष्ठी में किसानों को संबोधित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष शेफाली सिंह।

- पंचायत भवन में कृषि विभाग की खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं किसान मेले का आयोजन

कृषक कल्याण समिति के संचालक जयकार सिंह निवासी जेबडी विकासखंड छजलैट को कस्टम हायरिंग सेंटर के अंतर्गत ट्रैक्टर की प्रतीकात्मक चाभी प्रदान की गई।

ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि यंत्रों पर 4 लाख रुपये कुल 40 प्रतिशत का अनुदान दिया गया है। उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। एसएमएएम योजना एवं इन-सीटू सीआरएम योजना के लिए ऑनलाइन 12 जुलाई तक आवेदन किसान विभाग के पोर्टल पर कर सकते हैं।

मक्का विकास योजना अंतर्गत संकर मक्का के बीज पर फसल प्रदर्शन के प्रति एकड़ 2080 रुपये का अनुदान तथा संकर मक्का के सामान्य बीज वितरण में कुल लागत का 50 प्रतिशत या 150रुपये प्रति किलोग्राम का अनुदान देने की जानकारी किसानों को दी गई।



किसान को ट्रैक्टर की चाबी देतीं अध्यक्ष।

उन्होंने बताया कि धान फसल के क्षेत्रफल में कमी करते हुए दलहनी, तिलहनी, मक्का, श्री अन्न( ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदो, रागी इत्यादि फसलों के क्षेत्रफल में वृद्धि किए जाने और मृदा एवं जल संरक्षण के लिए खेतों की मेड़बन्दी करने पर जोर देना होगा।

मुरादाबाद मौन पालन एवं एग्रीहेड प्रोड्यूसर कम्पनी के चेयरमैन प्रगतिशील कृषक राजेश कुमार ने अनुभवों को साझा किया। उप कृषि निदेशक (कृषि रक्षा) प्रशान्त कुमार ने खरीफ फसलों में कीट-रोग प्रबंधन के विषय में जानकारी दी।

डॉ. सुनील दत्त प्रजापति मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने पशुपालन और अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों ने अपने विभाग की योजनाओं के बारे में बताया।

अधिशासी अभियन्ता सिचाई डॉ. आरपी सिंह,भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार,जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेन्द्र पाल सिंह, जिला गन्ना अधिकारी पंकज शरण आदि मौजूद रहे। संचालन अरुण मोहन सांख्यधर ने किया।

### किसानों से जुड़ी समस्याएं गिनाईं

किसान यूनियन ( टिकैत) के प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह ने अवशेष गन्ना मूल्य का भुगतान शीघ्र कराने और किसानों से जुड़ी अन्य समस्याएं गिनाईं। मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाने, पराली प्रबंधन के अंतर्गत फसल अवशेष न जलाकर डीकंपोजर का प्रयोग कर उसे सड़ाकर खाद बनाने के लिए किसानों को प्रेरित किया गया।

बाजार की मांग

आज से 6 जुलाई तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित शो में 40 से अधिक देशों से पहुंचेंगे खरीदार

# फैशन ज्वैलरी, एक्सेसरीज शो से खुलेगा वैश्विक खरीदारों के लिए द्वार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) द्वारा आयोजित आईएफजेएएस- इंडिया फैशन ज्वैलरी एंड एक्सेसरीज शो के 19वें संस्करण का आयोजन 4 से 6 जुलाई तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में किया जाएगा। इसमें छोटे-मझोले निर्यातक, शिल्पकार, कारीगर, उद्यमी और भारत के जाने माने उत्पादक-निर्यातक शामिल होंगे। स्थायी शोरूम समेत करीब 200 प्रदर्शकों के इस जमावड़े में आगरा, अजमेर, भोपाल, दिल्ली एनसीआर, जयपुर, कोलकाता, मेरठ, मुरादाबाद, मुंबई, पुणे, पुष्कर, संभल, वाराणसी जैसे विभिन्न शहरों के प्रतिभागियों के साथ ही पूरे देश से कारीगर/उद्यमी और 40 से अधिक देशों के खरीदार भी पहुंचेंगे।

पांच अलग-अलग भागों में फैले आईएफजेएएस 2025 में टियारा से लेकर पैर की अंगूठियों तक पेश की जाएंगी। फैशन ज्वैलरी कलेक्शन में कीमती धातुओं और रत्नों के इस्तेमाल के बगैर अन्य सामग्रियों के उपयोग से बनाए गए बोल्ड फैशन स्टेटमेंट, पायल, कफलिंग, ब्रोच और बहुत कुछ शामिल हैं। फुटवियर और परिधानों में स्लिप-ऑन्स, स्कर्ट और ड्रेसेस शामिल हैं, जो हर तरह के फैशन की पसंद और शैली को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं। टेक्सटाइल एक्सेसरीज में स्कार्फ, शॉल और रुमाल आदि के विस्तृत रेंज यहां मौजूद हैं। ब्यूटी और ग्रूमिंग सेगमेंट में परफ्यूम्स, स्पा एसेंशियल्स जैसे उत्पाद शामिल हैं। शो की भव्यता को और बढ़ाने के लिए हस्तशिल्प विकास आयुक्त कार्यालय और कुशल कारीगरों की भागीदारी भी शामिल है। मेले के इस संस्करण में अल्जीरिया, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, कनाडां, कोलंबिया, साइप्रस, इजिप्ट, फ्रांस, जॉर्जिया, जर्मनी, ग्रीस, इटली, जापान, केन्या, नीदरलैंड, पोलैंड, पुर्तगाल, रूस, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, सेनेगल, स्पेन, ताइवान, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, अमेरिका, वियतनाम आदि समेत लगभग 40 देशों के खरीदारों के आने की संभावना है।




शो के बारे में जानकारी देते ईपीसीएच के अध्यक्ष व साथ में आयोजन से जुड़े अन्य पदाधिकारी।

- 19वें आईएफजेएएस में खास कलेक्शंस शिल्पकारों के नए अंदाज और प्रीमियम गिफ्टिंग पर रहेगा विशेष ध्यान

### भारत के फैशन सेक्टर में अपार संभावनाएं

गुरुवार को प्रेसवार्ता में ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि वैश्विक निर्यात के परिदृश्य को देखें तो भारतीय फैशन ज्वैलरी और एक्सेसरीज सेक्टर में अपार संभावनाएं मौजूद हैं। इस उद्योग की सबसे खास ताकत जरूरत के मुताबिक खुद को बदलने की क्षमता है, जो दिए गए ऑर्डर के डिजाइन के जरिए रचनात्मकता, नवाचार और शिल्प कौशल के प्रदर्शन में पूरी आजादी देती है। मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि शो में भारत के जाने माने उत्पादकों से सीधे जुड़ने और फैशन ज्वैलरी एवं एक्सेसरीज की खास रेंज देखने का अवसर मिलेगा।

### उत्पादकों की प्रतिभा का सशक्त प्रमाण है अंतर्राष्ट्रीय सराहना

आईएफजेएएस के मेला अध्यक्ष जेपी सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों तक सीधी पहुंच, बाजार की मांगों की गहरी समझ और विकास के नए अवसर उपलब्ध कराते हैं। ईपीसीएच के उपाध्यक्ष सागर मेहता ने बताया कि इसे मिल रही अंतर्राष्ट्रीय सराहना भारतीय उत्पादकों की क्षमता और उनकी बहुआयामी प्रतिभा का सशक्त प्रमाण है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आरके वर्मा के अनुसार शो के प्रमुख आकर्षणों में से एक थीम पर आधारित प्रदर्शनी है, जिसे ''डिजाइन फॉर बिजनेस'' का नाम दिया गया है।

### परचूनी का समान उधार न देने पर दुकानदार से मारपीट

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मिठनपुर महेश गांव निवासी फूल सिंह पुत्र राम सुख ने मुख्यमंत्री को भेजे प्रार्थना पत्र में बताया है उसकी गांव में ही परचून की दुकान है। आरोप है 30 जून की शाम आठ बजे गांव का ही कुंवर पाल पुत्र सियाराम परचूनी का सामान उधार में लेने आया, जिस पर उसने कहा कि पिछले रुपये पहले वापस करो ,उसके बाद समान नगद ही दिया जाएगा। आरोपी आग बबूला हो गया और उसके साथ मारपीट करने लगा। वह कई बार कोतवाली में शिकायत करने पहुंचा परंतु उसकी सुनवाई नहीं हुई। वहीं पुलिस ने उच्च स्तर के आदेश पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आवश्यकता है
अमृत विचार बरेली व हल्द्वानी को
सीनियर मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव एवं मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव की
अनुभवी को वरीयता · फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं
योग्यता :- न्यूनतम स्नातक
नोटः- कम्प्यूटर की बेसिक जानकारी होनी चाहिए
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 9793602233
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# अजादारों ने इमाम हुसैन की याद में किया मातम

## या हुसैन-हाय हुसैन की सदाओं के साथ निकाला अलम मुबारक का जुलूस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गुरुवार को सातवीं मोहर्रम पर शिया समुदाय के लोगों ने तीन अलग-अलग स्थानों से अलम समेत तीन जुलूस निकाले। इसके अलावा मजलिसों का आयोजन किया गया। जुलूस में शामिल अजादारों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद कर मातम किया। जुलूस के दौरान घरों की छतों से महिलाओं ने अलम की जियारत की। पूरे जुलूस में हुसैन की सदाएं बुलंद होती रहीं। कई जगह लंगर भी चला।

सातवीं मोहर्रम पर नवाबपुरा गुड़िया बाग में जुलूस की शुरुआत मौलाना अली हैदर नूरी की मजलिस से हुई, जिसमें उन्होंने हज़रत अली की शहादत, उनके किरदार और इस्लामी इतिहास पर विस्तार से खिताब किया। मजलिस के बाद चौहाक्वानी और सीनाजनी की रस्म अदा की गई। इस दौरान नौहाख्वानी में अहसास असगर, इंतजार अब्बास, अब्बान समेत अन्य अजादारों ने गम-ए-हुसैन को बयान किया। यह जुलूस गुड़िया बाग से शुरू होकर इमामबाड़ा हज़रत अबू तालिब अलैहिस्सलाम तक पहुंचा। वहां से होते हुए जुलूस लाकड़ी वालान पहुंचा, जहां यह अन्य जुलूसों में शामिल हुआ। दूसरा जुलूस लाकड़ी वालान से और तीसरा अलम का जुलूस पीरजादा से दोपहर निकाला गया। तीनों जुलूस कुली खां के इमामबाड़े पहुंचे। वहां बन्नो बी के इमामबाड़े पर देर रात समाप्त हुआ।


अलम मुबारक के जुलूस में मातम करते अज़ादार। ● अमृत विचार


जियारत करते सुल्तान साहब की दरगाह के सज्जादानशीन अली नईम चिश्ती व अन्य लोग।

इससे पहले सुबह चौमुखापुल समेत पूर्व निर्धारित अन्य स्थानों पर मजलिस हुई। मजलिस में बताया गया कि हजरत इमाम हुसैन ने अपने भांजे ऑन और मोहम्मद को कर्बला के मैदान में इस्लाम को बचाने के लिए कुर्बान कर दिया। उनकी लाशों पर यजीदी फौज ने घोड़ों को दौड़ाया। जिसकी वजह से इमाम हुसैन अपने भांजे ऑन और मोहम्मद की लाशों को बटोर कर खेमों में लाए। जिसको सुनकर अजादारों के आंसू निकल आए।

सभी हुसैन, हाय हुसैन की सदाएं बुलंद करने लगे। इसके बाद अजादारों ने मातम किया। इस अवसर पर हाजी चमन हैदर, मोहम्मद अब्बास एडवोकेट, सैयद कौसर अली, हाजी रईस हैदर, भुराद हुसैन, धनी दिलशाद हुसेन, बाबर अली, गुलफाम हुसैन, रज़ा हैदर, गुलज़ार हैदर, आकिल हुसैन, जाकर अब्बास, जहीर अब्बास, जुल्फकार देवर, आरिफ, मौलाना सज्जाद नईम गदीरी, नौशाद हैदर, अज़ीम हैदर, आलम अबादी, शफी हैदर, अनिल हैदर, नाज़िम, गुलाम हैदर, जावेद गदीरी, मोहम्मद आशिक समेत शिया अनेक अज़ादार शामिल हुए।

### सात मोहर्रम को निकाला गया छोटी मेहंदी का जुलूस



**कुंदरकी, अमृत विचार :** सात मोहर्रम को हजरत इमाम हुसैन के भतीजे हजरत कासिम की शहादत का गम मनाया गया। छोटी मेहंदी का जुलूस नम आखों के बीच बरामद हुआ। सात मोहर्रम को शिया समुदाय के इमामबाड़ों व आजाखानों में मजलिसें हुई। जिसमें गुलाम अब्बास रिजवी, गुलाम मेहंदी रिजवी, अरबाज हैदर रिजवी, अमन हैदर नकवी, कमर अब्बास काजमी, आमिल अब्बास काजमी ने मरसिया पढ़ा। मजलिस को ख़िताब करते हुए काशिफ अब्बास काजमी, अख्तर हसनैन रिजवी, अख्तर रजा, गुलाम मेहंदी, नकवी अली, नवाज नकवी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन व उनके साथियों ने इस्लाम और इंसानियत को बचाने के लिए अपनी कुर्बानी पेश की। यजीदी फौज के जालिमों ने हजरत इमाम हुसैन के भतीजे व हजरत इमाम हसन के 13 वर्षीय बेटे हजरत कासिम को शहीद कर उनकी लाशों को घोड़े की टापों से पामाल कर दिया। हजरत कासिम की शहादत सुनकर आजादारों की आंखें नम हो गई। इमामबाड़ा हजरत अबू तालिब में मजलिस के बाद हजरत कासिम की शहादत के गम में अलम मुबारक शबीहे ताबूत जुलजिन्हा (घोड़ा) का जुलूस नाम आंखों के बीच बरामद हुआ। जुलूस के दौरान अंजुमन शाने हैदरी, अंजुमन अकबरी, अंजुमन अल मुर्तजा साजिद रजा रजा अस्करी ने नौहां खानी की।

## एक नजर

### नो पार्किंग जोन में खड़े हो रहे वाहन, दिक्कत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर पालिका द्वारा नो पार्किंग जोन घोषित किए गए क्षेत्र में बेधड़क वाहन खड़े किए जा रहे हैं। इससे न केवल यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है बल्कि आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के पालिका के निकट सड़कों पर लगाए गए नो पार्किंग बोर्ड सिर्फ दिखावे भर के रह गए हैं। लोगों द्वारा नियमों की अनदेखी और संबंधित विभाग की निष्क्रियता के चलते ये क्षेत्र अवैध पार्किंग स्थलों में तब्दील हो चुके हैं। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि नगर पालिका कर्मी कभी-कभार ही इन पर कार्रवाई करते हैं, जिससे वाहन चालकों में कोई डर नहीं है। नागरिकों ने मांग की है कि व्यवस्था को सुधारने के लिए नियमों का पालन कराया जाए।

### अलम के जुलूस में अज़ादारों ने किया मातम

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला सादात में इमाम बारगाह वाजिद अली कोतवाल से अलम का जुलूस निकाला गया। जिसमें अंजुमन जीतने अजा व अनजूमन तनजीमे हुसैनी ने नोहे ख्वानी व सीना जनी की। जुलूस इमाम बारगाह वाजिद अली कोतवाल से मोहल्ला कुरेशियान से स्टेशन रोड से इमाम बारगाह पंजे तनी व इमाम बारगाह सफदर हुसैन मोहल्ला सराय फारूक पहुंचा। जलूस में असलम नकवी, नब्बू नकवी, कुमैल नकवी, दानिश नकवी, आदिल नकवी, अली नवाज, जीविकार हैदर, फैजी नकवी, हसन नवाब व सी ओ सिविल लाइन सुधीर कुमार गुप्ता, इंस्पेक्टर मनीष सक्सेना व चौकी प्रभारी सुनील कुमार राठी सहित पुलिस बल तैनात रहा।

## सार-संक्षेप

### श्रीमद्भागवत कथा का आरंभ, कलश यात्रा निकाली



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र में श्रीमद्भागवत प्रारंभ होने से पूर्व ढोल नगाड़ों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प बरसाकर यात्रा का स्वागत किया। गुरुवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुर पट्टी में मनोकामना सिद्ध कुटी चरणदासी संत समागम श्री श्री 108 रामदास बाबा के स्थान पर सात दिवसीय आयोजन से पहले महिलाओं ने पीले वस्त्र पहन सर पर जल का कलश रख कलश यात्रा निकाली। महाराज की कुटी से शुरू हुई कलश यात्रा गांव में कई जगह पहुंची। यात्रा का विश्राम रामदास बाबा की कुटी पर कलश स्थापना के साथ हुआ। कथावाचक आचार्य सर्वेश्वर शरण महाराज ने कथा का महत्व और श्रवण के लाभ बताएं। कहा कि भागवत कथा सुनने से मनुष्य के सभी दुखों का नाश होता है और वह मुक्ति की ओर अग्रसर होता है। इस दौरान हरिदास बाबा, महंत महेंद्र शर्मा, सविता, पार्वती, मुन्नी, ललिता, मनु, लीलावती, कमलेश, सावित्री, मिथलेश, दयावती यशपाल, ब्रहम पाल, कुन्तेश, भोलू, अंकुर आदि की सहभागिता रही।

### अतहर खान सोसाइटी ने जीता हॉकी मुकाबला



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जीआईसी मैदान में चल रहे समर हॉकी कैंप के अंतर्गत गुरुवार को अथर खान जिला हॉकी लीग के दो मैच खेले गए। पहला मैच अतहर खान स्पोर्ट्स सोसाइटी और एएमयू वेकेशन बॉयज के बीच खेला गया। अतहर खान स्पोर्ट्स सोसाइटी ने 5-4 के स्कोर से यह मैच जीत लिया। अतहर खान स्पोर्ट्स सोसाइटी की ओर से दो गोल अब्दुल्ला खान ने एक गोल मित्रांशु और 2 गोल कौशल ने किए। एएमयू वेकेशन बॉयज की ओर से दो गोल अख्तब खान और एक गोल सेफ और एक गोल रिहान ने किया। दूसरा मैच सीएस रुस्तमपुर बालक विद्यालय और हॉकी नर्सरी ग्रीन के बीच हुआ। दो-दो गोल से बराबर रहा। रुस्तमपुर विद्यालय की ओर से एक गोल विराट और एक गोल सूर्यांश ने किया। जबकि, हॉकी नर्सरी ग्रीन की ओर से एक गोल अली व एक गोल अबू बकर ने किया।

### सहजन व अन्य फलदार पौधों का रोपण




**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** वन महोत्सव के अवसर पर डिलारी क्षेत्र वन विभाग पौधशाला जलालपुर खालसा के पार्क में अशोक, आंवला, सहजन, हरसिंगार, अपराजिता, नीम औषधि, अमरूद, जामुन, आम आदि विभिन्न प्रकार की पौध रोपी गई। इस दौरान रामसिंह चौहान, सोनू सिंह, कार्यक्रम संयोजक रविकुमार गंगवार, मृगेंद्र प्रताप, पीयूष जोशी, केपी सिंह, संजय चौहान, दीपेंद्र कुमार, कल्पना रानी, शिवानी, एपी सिंह, मो. आफताब, ग्रंथ चौहान, अमन वर्मा आदि बीजेपी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अंतिम यात्रा वाहन के लिये दी धनराशि



**कांठ, अमृत विचार :** पूर्व विधायक स्वर्गीय रामकृष्ण माहेश्वरी की 14 वीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र भाजपा नेता एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी सभा के संयुक्त मंत्री मुकेश माहेश्वरी ने भारत विकास परिषद के अधिष्ठापन समारोह में सर्व समाज के लिए अंतिम यात्रा वाहन के लिए 25000 की राशि दी है। नगर में अभी तक मोक्ष धाम जाने के लिए अंतिम यात्रा वाहन की सुविधा नहीं थी। लोगों ने इस पहल का स्वागत किया है। स्व. रामकृष्ण माहेश्वरी 1980 से लेकर 85 तक कांठ विधानसभा से विधायक रहे थे। श्री माहेश्वरी वैश्य सभा, कांठ के संरक्षक, संस्थापक सदस्य, महर्षि दयानंद कॉलेज, जिलाध्यक्ष माहेश्वरी सभा मुरादाबाद, सदस्य कार्य समिति अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा एवं संरक्षक श्री धर्मोपदेष्टिय रामलीला कमेटी कांठ आदि पदों पर रहे थे।

### दो सप्ताह पहले काटे थे पेड़, अब तक केस नहीं

**भोजपुर, अमृत विचार :** 19 जून को पीपलसाना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म की पैमाइश करने के दौरान लेखपाल हरिराज सिंह ने कब्रिस्तान में यूकेलिप्टस के कुछ कटे हुए पेड़ों को कब्जे में लेकर नगर पंचायत कार्यालय में रखवा दिया था। कटान करा रहे ठेकेदार ने लेखपाल को बताया कि उसने कस्बे के मोहल्ला झादेवाला निवासी शांति पत्नी स्व. सेम्युअल से खरीदें हैं। महिला ने पेड़ों को अपना बताते हुए लेखपाल से बहसबाजी की थी। पुलिस के आने पर पेड़ों को अपना बता रही महिला लौट गई थी। लेखपाल व अधिशासी अधिकारी ने महिला व अज्ञात ठेकेदार के खिलाफ सरकारी पेड़ों को काटने के आरोप में थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने पेड़ों का वन विभाग से मूल्यांकन कराने की बात कहकर तहरीर लौटा दी थी। अधिकांश कटे पेड़ ठेकेदार व लेखपाल के पहुंचने से पहले ही ले जाई चुकी थी। लेखपाल हरिराज सिंह एवं अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने बताया कि कटे हुए पेड़ों को मूल्यांकन कराने के लिए वन विभाग को पत्र लिखकर भेजा है। वन विभाग की रिपोर्ट आने के बाद मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

### दहेज के लिए उत्पीड़न, देवर ने की अश्लील हरकतें

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। देवर नासिर पर अश्लील हरकतें करने का भी आरोप लगाया। विवाहिता के मुताबिक 18 जून 2022 को उसका निकाह सफीलपुर गांव के साकिर हुसैन के साथ हुआ था। निकाह में काफी दान दहेज दिया। इसके बाद भी बुलेट और एक लाख की मांग की जाने लगी। दहेज की मांग पूरी न होने पर पति साकिर हुसैन, सास भूरी, नंद सानिया, नासिरा, देवर नासिर आदि मारपीट करते थे और शारीरिक को मानसिक उत्पीड़न करते। 17 फरवरी को वह घर पर अकेली खाना बना रही थी। तभी देवर नासिर पहुंचा और उसके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दी। शोरशराबे पर लोगों के आने पर बची।

# पांच लाख के लिए विवाहिता को निकाला, पांच पर एफआइआर

**भोजपुर, अमृत विचार :** दहेज में पांच लाख रुपये नही लाने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पांच के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव मनकुआ मकसूदपुर निवासी हुकुम सिंह ने 30 जून 21 को बेटी मनीषा का विवाह टांडा के गांव मुड़िया रसूलपुर निवासी राजपाल के बेटे अंकित से किया था। विवाह में 11 लाख रुपये खर्च किए थे। लेकिन बेटी के पति, ससुर, जेठ सूरज व विजेंद्र, ननद रूबी एवं नंदोई बबलू खुश नहीं थे। आरोपी एक राय होकर मायके से 5 लाख की नगदी लाने को शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे। 20 जनवरी 24 की रात को साढ़े आठ बजे आरोपियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसने कोई कार्रवाई नहीं की और वह मायके में ही रहने लगी। अब रिश्तेदारों से पता चला है कि पति ने किसी महिला से दूसरी शादी कर ली है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शांति और सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** गुरुवार को थाना कांठ परिसर में मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, ताजिया की ऊंचाई एवं कम आवाज में डीजे बजाने को लेकर चर्चा हुई। एसडीएम ने ताजिया की ऊंचाई 15 फिट से ज्यादा न रखने के निर्देश दिए।

बैठक में अधिकारियों ने समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। साथ ही बताया गया कि नई परंपरा शुरू न की जाए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ताजिये के दौरान वालिंटियर की तैनाती को निर्देश दिए। एसडीएम संत दास पवार ने ताजिये की ऊंचाई जमीन से 15 फीट के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि रूटों का निरीक्षण कर लिया गया है। बारिश का मौसम है, ऐसे में विद्युत पोल पर पोल गार्ड लगवाने के निर्देश दिए गए। सीओ गौरव त्रिपाठी ने शासन की गाइडलाइन का पालन करने को कहा। ताजिये के दौरान ड्रोन से निगरानी की जाएगी। तिराहे और चौराहों पर छतों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

तेज आवाज में डीजे बजने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह, अपराध निरीक्षक रामनरेश यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष ऊमरी कला उस्मान अली, डॉ सिराजुद्दीन अंसारी, डॉ मोहम्मद यूसुफ, कुंवर सुरेंद्र सिंह, मास्टर शमीम अहमद, जुल्फिकार ठेकेदार आदि मौजूद रहे।



कांठ थाने में आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते एसडीएम संत दास पंवार। ● अमृत विचार

● कांठ थाने में आयोजित शांति समिति की बैठक में पहुंचे एसडीएम

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र आशीस खान उर्फ आरिश खान व उसकी पत्नी आरजु को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **असलम खां पुत्र शरीफ खां निवासी ग्राम हीरापुर थाना असमोली जिला सम्भल।**

**सूचना**

मेरी पुत्री के विद्यालय पी.एम.श्री केन्द्रीय विद्यालय रेलवे हरथला कॉलोनी मुरादाबाद के अभिलेखों में भूलवश KM. PREET SINGH अंकित हो गया है जबकि सही नाम PREET KAUR है जो आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में अंकित है। **विनोद कुमार पुत्र श्री फूल कुंवर निवासी नया गॉव निकट 23 PAC मुरादाबाद।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र बोबी को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **महेन्द्र सिंह पुत्र शुखराम निवासी ग्राम हथियाखेड़ा मंजरा मंगरौली कोतवाली हसनपुर जिला अमरोहा**

**सूचना**

मेरे हाई स्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक 0615554 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2225470411 के प्रमाण पत्र- सह-अंक पत्र खो गए हैं। **करिश्मा यादव पुत्री महिलाल केयर आफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद 244 13**

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0847031 इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2015 अनुक्रमांक 0589854 व बीए प्रथम परीक्षा बर्ष 2017 अनुक्रमांक 8016540060, बीए द्वितीय परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 9216540048 व तृतीय परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2316540041 एनरोलमेंट नंबर 16091871 के प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं। **कु. नीलम पुत्री श्री रूप किशोर ग्राम रहटा माफी थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद। मो.न.-9756435095**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# उमस भरी गर्मी से लोग परेशान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चिलमिलाती धूप और उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। राहत पाने के लिए लोगों की निगाहें बार-बार आसमान की तरफ उठ रही हैं। गुरुवार को भी मौसम गर्म रहा। अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रहा।

कई बार बादल छाए तो लोगों के चेहरे खिले, लेकिन बारिश न होने से निराशा ही हाथ लगी। दो दिन पहले बरसात होने के बाद लोगों को कुछ राहत मिली थी लेकिन बुधवार और गुरुवार को फिर मौसम ने ज्येष्ठ माह जैसी तपन का एहसास कराया। ज्यादातर लोगों के हाथों में पानी की बोतल या कोल्ड ड्रिंक दिखी। सबसे ज्यादा परेशानी का सामना दोपहर को छुट्टी के बाद स्कूल से लौटते समय छोटे-छोटे बच्चों को करना पड़ा। अभिभावकों ने बच्चों के सिर को ढककर धूप से बचाने का प्रयास किया। जूस पीकर राहत पाई।


दोपहर में गर्मी में स्कूल से बच्चों को लेकर जाते अभिभावक।

# तहसील बार एसोसिएशन कार्यकारिणी की पहली बैठक में कई प्रस्ताव पास

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** गुरुवार को हुई तहसील बार एसोसिएशन कार्यकारिणी की पहली बैठक में न्यायालय में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने सहित कुल आधा दर्जन प्रस्ताव पारित किए गए।

तहसील बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी की पहली बैठक बार अध्यक्ष प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सभागार में लगभग 20 प्रस्ताव पर चर्चा हुई। अधिवक्ताओं ने कहा कि न्यायालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण मुकदमों के निस्तारण में काफी समय लग जाता है। जिस कारण वादकारियों का समय और पैसा बेवजह बर्बाद होता है। दोनों प्रस्तावों पर अधिवक्ताओं ने सहमति व्यक्त की।

इसके अलावा बार में बिजली की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराने, सुलभ शौचालय निर्माण, सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने, जनता को सस्ता एवं सुलभ न्याय दिलाने के प्रस्तावों पर चर्चा एवं बहस के उपरांत सभी प्रस्ताव आम सहमति से पारित किए गए।

इसके अलावा शेष आठ प्रस्ताव जनरल हाउस की बैठक में रखने पर आम सहमति रही। बैठक में हरपाल सिंह, मोहम्मद अहमद, जैनुल हसन, चरन सिंह सैनी, भू प्रकाश सिंह, लक्ष्मण सिंह, सलमान खान, मोहम्मद साजिद, जीशान आलम, अतुल बिश्नोई, इमरान खां त्यागी, विजेंद्र सिंह, सहित तहसील बार के 15 पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का संचालन बार महासचिव दीपक बिश्नोई ने किया।



तहसील बार एसोसिएशन में आयोजित बैठक में उपस्थित अधिवक्ता।

# नवगठित सदस्यों को गोपनीयता की शपथ दिलाई

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** भारत विकास परिषद रुहेलखंड पश्चिम विकास रत्न प्रांत शाखा कांठ का अधिष्ठापन /दायित्व बोध समारोह गुरुवार को मुख्य बाजार स्थित वैश्य धर्मशाला में आयोजित किया गया।

परिषद के प्रांतीय महासचिव नीरज मित्तल ने परिषद की नवगठित कार्यकारिणी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह 'चुन्नू' ने देश और समाज हित में पश्चिमी संस्कृति का बहिष्कार कर देश की संस्कृति को मजबूत करने का आह्वान किया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन व वंदे मातरम से से की गई। कार्यकारिणी के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता, सचिव गौरव बिश्नोई, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार, महिला सहभागिता मनीषा माहेश्वरी एवं सचिन चौहान, सुरेश चौहान, प्रमोद बिश्नोई, मुकेश माहेश्वरी को पद व दायित्व की शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत विकास परिषद का नगर में 2006 में गठन हुआ था। इस बार संगठन में 61 सदस्यों का एक रिकॉर्ड बना है। समारोह के विशिष्ट अतिथि अजय कट्टा (प्रांतीय अध्यक्ष), नीरज मित्तल (प्रांतीय महासचिव, (बाल विकास एवं महिला सहभागिता), निर्मल मेहता (क्षेत्रीय संयोजक - सेवा), कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई आदि ने संबोधित किया1 इस अवसर पर सुदेश बिश्नोई, वैश्य सभा के अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी, डॉ अशोक चौहान, पंकज चौहान, भानु प्रताप, परिषद के अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन एडवोकेट दीपक बिश्नोई ने किया। समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि व शपथ लेते सदस्य। ● अमृत विचार

● भारत विकास परिषद प्रांत शाखा कांठ का अधिष्ठापन समारोह

# सड़क पर जल भराव से जूझ रहे लोग

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** पिछले 8 सालों से कुंदरकी के मोहल्ला कायस्थान के निवासी सड़क पर जल भराव और गड्ढों के बीच निकलने को मजबूर हैं। कई बार नगर पंचायत में भी शिकायत की परंतु सड़क नहीं डलवाई गई। जिससे लोगों में भारी रोष है।

गुरुवार की सुबह लगभग एक दर्जन से अधिक लोग एसडीएम कार्यालय पर पहुंचे। एसडीएम विनय कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि मोहल्ला कायस्थान में तहसीन के मकान से बबलू के मकान तक कच्चा रास्ता है। जिसमें बने गड्ढों में बरसात का पानी भरा हुआ है। जिससे मोहल्ले वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कच्चे रास्ते में गिरकर लोगों के कपड़े खराब हो रहे हैं साथ ही चोटिल भी हो रहे हैं। ज्ञापन पर उस्मान अली, नौशाद महबूब, फरियाद नौशाद, जाने आलम आदि के हस्ताक्षर हैं।

उधर बिलारी ब्लॉक के ग्राम मुड़िया राजा के ग्रामीणों ने भी एसडीएम को ज्ञापन देकर ग्राम पंचायत द्वारा सड़क निर्माण के नाम पर खानापूर्ति करने का आरोप लगाया। ज्ञापन पर राजेंद्र सिंह हरवीर सिंह राजकुमार चरण सिंह गुलाब सिंह नरवीर शिव सिंह जबर सिंह आदि के हस्ताक्षर मौजूद है।


एसडीएम विनय सिंह को ज्ञापन सौंपते लोग। ● अमृत विचार

## एक नजर

### 10 मोहर्रम को नवीन मंडी में बंद रहेगा कारोबार

**रामपुर, अमृत विचार :** नवासा-ए-रसूल इमाम हुसैन समेत उनके 72 जांनिसारों की शहादात पर 10 मोहर्रम को डूंगरपुर स्थित नवीन मंडी में कारोबार बंद रहेगा। फल, सब्जी आढ़ती एसोसिएशन के एम आमिर आढ़ती ने बताया कि शहीदाने कर्बला की शहादत पर 10 मोहर्रम को कारोबार बंद रहेगा। 10 मोहर्रम को सबील लगाकर शरबत पिलाया जाएगा।

### 31 अगस्त तक करें आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री यशस्वी केंद्रीय योजना के लिए उच्च श्रेणी की स्कूली शिक्षा ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी स्कॉलरशिप के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा एनएसपी पोर्टल पर समय सारणी निर्गत की गई है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि स्कॉलरशिप के लिए आवेदन 2 जून से प्रारम्भ हो गए हैं। छात्रों द्वारा आवेदन करने की तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गयी है। संस्थान द्वारा सत्यापन करने की तिथि 15 सितंबर है।

### विष्णु ग्राम पंचायत अध्यक्ष मनोनीत

**रामपुर, अमृत विचार :** जन शक्ति दल की बैठक मिलक स्थित पटेल पार्क में की गई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर लोधी ने मिलक निवासी नरेश कुमार को वार्ड 14 मोहल्ला नसीराबाद और मिलक निवासी अशोक कुमार को ग्राम पंचायत लक्खीमपुर विष्णु का अध्यक्ष मनोनीत किया। दोनों पदाधिकारियों का मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर शिव शंकर लोधी, बृजपाल, प्रेमपाल, भोले राम, पप्पू, प्यारे मोहन, भगवानदास रहे।

### 5 अगस्त तक प्रवेश लें कक्षा 9 और 11 के विद्यार्थी

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि कक्षा 9 और 11 में छात्र-छात्राओं के प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 5 अगस्त है। हाईस्कूल कम्पार्टमेंट परीक्षा में उत्तीर्ण एवं सन्निरीक्षा के फलस्वरूप हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थी कक्षा 11 में 20 अगस्त तक प्रवेश ले सकते हैं। कक्षा 9 और 11 में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं के अग्रिम पंजीकरण शुल्क 50 रुपये चालान के माध्यम से कोषागार में जमा करने एवं जमा पंजीकरण शुल्क की सूचना परिषद की वेबसाइट पर 25 अगस्त तक अपलोड कर सकते हैं।

# कासिम तेरे मरने की अदा याद रहेगी...

## सात मोहर्रम को शहर में हजरत कासिम की याद में निकला मेहंदी का जुलूस, अंजुमनों ने किया मातम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सात मोहर्रम को हजरत कासिम की याद में गुरुवार को शहर में मेहंदी का जुलूस निकाला गया। जुलूस में स्थानीय अंजुमनों ने नोहाख्वानी के साथ मातम किया। जुलूस में असलम महमूद और इफ्तेखार महमूद ने यह नोहा पढ़ा-हर दिल में गमो दर्द की बुनियाद रहेगी, कासिम तेरे मरने की अदा याद रहेगी। जुलूस के दौरान पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा।

शहर के इमामबाड़ों में मेहंदी सजाई गई और चरागां हुआ। लाल कबर स्थित इमामबाड़ा मोहम्मद जफर बेग में मौलाना जाहिद हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। सात मोहर्रम को तोपखाना गेट स्थित बापू माल से मेहंदी का जुलूस बरामद हुआ। जुलूस निकलने से पहले नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां ने जरीह को कांधा दिया। मेहंदी का जुलूस तोपखाना रोड, नौदरा चौकी, हामिद गेट, मिस्टन गंज, राजद्वारा, नवाब गेट, गांधी समाधि, राहे रजा, राहे जुल्फिकार होता हुआ देर शाम को इमामबाड़ा खासबाग पहुंचा। जुलूस के हामिद गेट पहुंचने पर जैन ने नोहा पढ़ा- वक्ते रुखसत कहा अकबर ने ब्रादर कासिम हाशमी जंग के अंदाज दिखाना तुम भी, नाम इस्लाम के दुश्मन का मिटाना तुम भी। असलम महमूद और इफ्तिखार महमूद ने नोहा पढ़ा दुखिया बन री छाती कूटे, मुख पे बिखरे-बिखरे केस। जुलूस के इमामबाड़ा खासबाग पहुंचने पर नोहा पढ़ा कासिम तेरे मरने की अदा याद रहेगी। पूर्व सांसद बेगम नूरबानो और बेगम शाहबानो ने अगुवाई की। जुलूस में इंचार्ज रिजवान हुसैन, सैयद हसन मेहंदी रिजवी, असकरी मेहंदी शन्नी, अली ताजदार मेहंदी, इकबाल मेहंदी, रजा अब्बास प्रिंस, सैयद कायम मेहंदी, अब्बास, शान जैदी, हसीन मियां, मंसूर मियां, सैयद मियां, मिर्जा तकी बेग, सैयद मोहम्मद अली जैदी, शबाब हुसैन, इरफान जैदी, लकी जैदी रहे। जुलूस के इमामबाड़ा खासबाग पहुंचने के बाद लखनऊ के मौलाना फैज अब्बास मशहदी ने मजलिस को खिताब किया। देर रात को इमामबाड़ा मेहंदी हुसैन से मेहंदी का जुलूस निकला जो कि भिश्तियों वाली गली स्थित इमामबाड़ा मुन्ने मियां पहुंचा।



मेहंदी के जुलूस में शामिल अलम। ● अमृत विचार



जुलूस में नोहे पढ़ते अजादार। ● अमृत विचार

### तरक्की पाने को इल्म हासिल करें मुसलमान : मौलाना जाहिद

**रामपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला लाल कबर स्थित इमामबाड़ा मिर्जा मोहम्मद जफर बेग में अशरे की मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना जाहिद रिजवी ने कहा कि मुसलमानों को मॉडर्न एजुकेशन भी हासिल करनी चाहिए। कहा कि इल्म हासिल करके बाद ही तरक्की मिल सकती है। कहा कि 10 मोहर्रम नबी-ए-करीम के एहलेबैत के लिए मुसीबत का दिन है। नबी ए करीम को मानने वालों को उस दिन दुनियावी कामों को छोड़कर इबादत में मसरूफ रहना चाहिए। मौलाना ने कहा कि प्रसिद्ध दार्शनिक थामस कार्लाइल ने अपनी किताब में इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत को एक महान सीख के रूप में बयान किया है। यह बताते हुए कि उनका अल्लाह पर अटूट विश्वास था और वे मोमिन थे। उन्होंने यह भी कहा कि इमाम हुसैन ने यह दिखाया कि सैन्य शक्ति ही सब कुछ नहीं होती है। कर्बला का वाकिया एक अलमिया है, जिससे हमें सबक मिलता है कि इमाम हुसैन और उनके साथियों को खुदा पर यकीन ए कामिल था। इमाम हुसैन के सर ने नेजे पर तिलावत ए कुरआन करके बता दिया कि हम नातिक ए कुरआन हैं, हम अहलेबैत कभी कुरआन से जुदा नहीं हो सकते। मजलिस में सोजख्वानी मिर्जा तकी बेग ने की। मजलिस में तबरेज आब्दी, काजिम अब्बास, मोहसिन हुसैन विक्की, आदिल हसनैन आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मुसलमानों की तरक्की के लिए मिले 20 प्रतिशत आरक्षण



**रामपुर, अमृत विचार :** आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां ने कहा कि सच बोलना बहुत बड़ी सेवा है, इसलिए हमेशा सच और ईमानदारी का साथ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुसलमानों की तरक्की के लिए 20 प्रतिशत का आरक्षण मिलना चाहिए। मोहल्ला घेर मियां खां में मौलाना शादाब कादरी के आवास पर गुरुवार को हुई बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष खान शोएब यूनुस ने कहा कि फेडरेशन की मजबूती के लिए प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुस्लिम शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को मुख्यधारा में शामिल करने के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण मिलना जरूरी है। बैठक में असलम खां, अर्शी खां, बाबू खां, राहत जान खा, हाजी जलीस, रफी, परवेज खां, आरिज खां आदि मौजूद रहे।

### 3 जुलाई से होंगे आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्वदशम कक्षा 9 व 10 दशमोत्तर छात्रवृत्ति कक्षा 11 व 12 योजना के तहत शिक्षण संस्थानों को मास्टर डेटाबेस में शामिल होने, अन्य पिछड़ा वर्ग के उच्च कक्षाओं में अध्यनरत छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किए जाने व शिक्षण संस्थाओं द्वारा अग्रेत्तर प्रक्रियात्मक कार्रवाई किए जाने के लिए समय सारणी निर्गत की गई है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जीशान मलिक ने बताया कि 1 जुलाई से 5 अक्टूबर तक शिक्षण संस्था द्वारा मास्टर डाटाबेस तैयार किया जाना है। जारी समय सारणी के अनुसार 2 जुलाई से 15 अक्टूबर तक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा सत्यापन का कार्य किया जाएगा। 2 जुलाई से 30 अक्टूबर तक छात्र द्वारा रजिस्ट्रेशन, ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण की जानी है। 3 जुलाई से 4 नवम्बर, 2025 तक हार्ड कॉपी छात्र द्वारा वांछित संलग्नकों सहित संस्थान में जमा किया जाना है।

### जिला विद्यालय निरीक्षक को किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष भीम अनार्य के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने जिला विद्यालय निरीक्षक का कई समस्याओं की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने का अनुरोध किया। जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव तोमर, जिला मंत्री सोमेंद्र बहादुर सक्सेना, राहुल सिंह, दिलीप वाल्मीकि, पवन अनार्य, कोषाध्यक्ष रघुवीर सरन दिवाकर, राजेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



### दरगाह पर राज्यमंत्री ने चादरपोशी कर दुआ मांगी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शाहजी मियां की दरगाह पर उर्स में दूसरे दिन कुल में अकीदतमंद उमड़े। वहीं रात में दरगाह पहुंचे कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख व ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने चादरपोशी कर दुआएं मांगीं। केमरी थाना क्षेत्र के गांव भटपुरा शरीफ के नाम से प्रसिद्ध दरगाह पर बुधवार को मुहर्रम की छह तारीख से उर्स की शुरुआत की गई है। भाजपा के मंत्री व ब्लाक प्रमुख ने दरगाह पर पहले चादरपोशी की। दरगाह के साहिबे सज्जादा हजरत मोहम्मद यूनुस मियां व हजरत मोहम्मद यूसुफ मियां से मुलाकात की। गुरुवार सवेरे नौ बजे दरगाह परिसर में उलमा द्वारा दूसरा बड़ा कुल शरीफ पढ़ा गया। उलमाओं ने मुल्क व कौम की खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ कराई।



# महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ बीमा कर्मचारी करेंगे हड़ताल

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** बीमा कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि सरकार की महंगाई, बेरोजगारी और निजीकरण को बढ़ावा देने वाली नीतियों के खिलाफ नौ जुलाई को हड़ताल की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों से हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान किया।

गुरुवार को एलआईसी कार्यालय पर आल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के आह्वान बैठक हुई। बैठक में मंडल अध्यक्ष ने कहा कि आगामी 9 जुलाई को देश के मजदूर, कर्मचारी सरकार की महंगाई, बेरोजगारी और निजीकरण को बढ़ावा देने वाली नीतियों के खिलाफ एक दिन की हड़ताल करेंगे। सरकार श्रम कानूनों को समाप्त कर चुकी है। श्रम संहिताओं को लागू करना चाहती है। श्रम संहिताओं में श्रमिकों के अधिकारों को अत्यंत कमजोर कर दिया गया है। देश का श्रमिक वर्ग पूरी ताकत के साथ इसका विरोध करेगा। इन्हें लागू नहीं होने देगा, कहा कि सरकार एलआईसी जैसी संस्था को भी निजीकरण के मार्ग पर धकेल रही है और निजी कंपनियों को प्रोत्साहन दे रही है। सभी सरकारी विभागों में लाखों पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार नई नियुक्तियां नहीं कर रही है। सब मुद्दों को लेकर देश भर के बीमा कर्मचारी करोड़ों मजदूरों, कर्मचारियों के साथ हड़ताल करेंगे। बैठक में शाखा अध्यक्ष शिवराज सिंह, संजय टम्टा, डीके देव, भीम सिंह, विकास शर्मा, दलजीत सिंह, मयंक जनोटी ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रभा, नरेश सिंह, लालता प्रसाद, केदार सिंह यादव, बीजेएस बाजवा, राकेश कुमार, अमनदीप, राजीव कुमार, मयंक बंधानी रहे।

# हजरत अब्बास की याद में निकाला जुलूस

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** नगर में गुरुवार को जौहर की नमाज के बाद इमामबाड़े से हजरत अब्बास अलमदार की याद में मोहर्रम की सातवीं तारीख को अलम का जुलूस निकाला। जुलूस निकालने से पूर्व नगर में जगह-जगह सबील किया गया। वहीं अलम का जुलूस के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। अलम का जुलूस कई मार्गों से होते हुए बाजार में जाकर समाप्त हुआ।

गुरुवार को मोहर्रम की सात तारीख होने के कारण जौहर की नमाज के बाद इमामबाड़े से हजरत अब्बास अलमदार की याद में अलम का जुलूस निकाला। कई जगह मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अखाड़ा खेला। जुलूस निकालने से पूर्व नगर के अनेक लोगों ने सबील तकसीम किया। हजरत अब्बास अलमदार की याद में इमामबाड़े से निकाला जुलूस नगर के अनेक मोहल्ले में होता हुआ बाजार में पहुंचा। जहां पर जुलूस को समाप्त कर दिया। मोहर्रमदार इस्लाम अली, अकबर अली, जाकिर मेंबर, विधायक प्रतिनिधि इकराम अंसारी, कबीर अली, जाकिर अली, शाकिर अली, नावेद अली, कलुआ मेंबर आदि रहे। सुरक्षा की दृष्टि से एसआई मुनिराज सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### इमामबाड़ा पहुंचने पर मेहंदी के जुलूस को सलामी दी

**रामपुर, अमृत विचार :** हजरत कासिम की याद में निकले मेहंदी के जुलूस में पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां और मुतवल्ली वक्फ शिया एवं सुन्नी बोर्ड नवाबजादा हैदर अली खां उर्फ हमजा मियां अलम थामे जुलूस में शामिल रहे। मेहंदी के जुलूस के इमामबाड़ा खासबाग पहुंचने पर सलामी दी गई। इस मौके पर काशिफ खां, सुहेल मियां, शबाब हुसैन, मोहसिन हुसैन विक्की, फैसल रिजवी, मौलाना अर्शी, इमरान हुसैन, राज हुसैन आदि मौजूद रहे।



मेहंदी के जुलूस में अलम थामे पूर्व मंत्री नवेद मियां और मुतवल्ली औकाफ हमजा मियां।





रैली को झंडी दिखाते बीईओ। ● अमृत विचार

# रैली निकाल जागरूक किया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शिक्षा ऐसी सीढ़ी है, जिससे चलती पीढ़ी है। एक बच्चा भी छूट गया, लक्ष्य हमारा टूट गया। गुरुवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में प्रार्थना सभा के बाद स्कूल चलो अभियान रैली निकाली। स्कूल चलो अभियान रैली को सैदनगर के खंड शिक्षा अधिकारी मदन लाल वर्मा, ग्राम प्रधान जावेद अली एवं प्रधानाध्यापक नाजिम अली ने रवाना किया।

खंड शिक्षा अधिकारी मदन लाल वर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य शासन के निर्देशानुसार नामांकन बढ़ाना है। इसलिए स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई है। रैली में विद्यालय आए सभी छात्र एवं छात्राएं शामिल रहे। रैली विद्यालय से शुरू होकर तोपखाना रोड, ग्राम हजरतपुर, प्रानपुर रोड पर होती हुई विद्यालय पर आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान जावेद अली, प्रधानाध्यापक नाजिम अली, मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डु, अमरपाल सिंह, मलखान सिंह, रजिया बेगम, सीमा गौहर, नसरीन बी, संगीता यादव रहे।

# क्वालिटी बार मामले में टली सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** क्वालिटी बार मामले में गवाह नहीं आने के कारण गुरुवार को सुनवाई टल गई। एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में 17 जुलाई को सुनवाई होगी।

मामला सिविल लाइंस क्षेत्र में हाईवे स्थित क्वालिटी बार का है। मामले में 19 नवंबर 2019 को शिकायत की गई थी। जिसके बाद 21 नवंबर को राजस्व निरीक्षक अनंगराज सिंह ने सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि आजम खां ने मंत्री रहते हुए जिला सहकारी संघ की जमीन पर बने क्वालिटी बार की 302 वर्ग मीटर जगह को पत्नी को 1200 रुपये किराये पर नाम कर दी थी। पुलिस ने चेयरमैन सैयद जफर अली जाफरी, आजम खां की पत्नी पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा व बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला को नामजद किया था। गुरुवार को गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब मामले में 17 जुलाई को होगी।

# हल्की बारिश के बाद बढ़ गई उमस

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** गुरुवार को हुई बारिश से आर्द्रता 71 प्रतिशत हो गई, जिससे उमस बढ़ गई। सुबह से लेकर शाम तक आसमान में बादल मंडराते रहे। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो 6 जुलाई तक तेज हवा के साथ मध्यम वर्षा के आसार हैं।

सुबह हल्की बारिश होने से उमस बढ़ गई और लोग पसीना-पसीना होते रहे। आर्द्रता बढ़ने से लोग उमस से व्याकुल रहे। गांवों में बच्चों ने नहरों, तालाबों और ट्यूबवेल पर पानी में डुबकी लगाकर गर्मी से राहत पाई। जबकि शहरी क्षेत्र में लोगों ने गर्मी से बचने को गन्ने का जूस, बेल का शरबत और सॉफ्ट ड्रिंक पीकर गला तर किया। उमस से लोग पसीना-पसीना होते रहे। कमरों और कार्यालयों में लगे कूलर और पंखे भी पसीने को नहीं सुखा पा रहे हैं। गुरुवार को पूरे दिन आसमान में बादल उमड़ते-घुमड़ते रहे। हालांकि, कभी-कभी बादलों की ओट से सूर्य देव भी मुंह चमकाने पर गर्मी ज्यादा महसूस होती रही।

डॉ. उदय प्रताप शाही ने बताया कि 6 जुलाई तक तेज हवा गरज के साथ मध्यम वर्षा के आसार हैं, जिसकी तीव्रता 6 जुलाई को अधिक रहेगी। किसान गन्ना, उड़द, मूंग सब्जियों आदि में सिंचाई व रसायन का छिड़काव नहीं करें।



बारिश के दौरान खाली सड़क। ● अमृत विचार

● 71 प्रतिशत हुई आर्द्रता से लोग हुए पसीना-पसीना

**हाल-ए-मौसम**

| | |
|---|---|
| 33° | डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान |
| 28° | डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान |
| 71 | प्रतिशत आर्द्र |
| 11 | किमी. प्रति घंटा वायु वेग |

### सर्वेक्षण कार्यक्रम 4 जुलाई तक होगा

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सूर्य प्रकाश ने बताया कि उत्तर प्रदेश नियोजन विभाग द्वारा 3 दिवसीय श्रम बाल सर्वेक्षण कार्यशाला का आयोजन मुरादाबाद में मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया। सर्वेक्षण कार्यक्रम 4 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा, जो रोजगार एवं बेरोजगारी के आधार पर होगा। मंडलायुक्त ने सर्वेक्षण कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए आंकड़े की शुद्धता पर जोर दिया। प्रशिक्षण सत्र में शामिल कार्मिकों को निर्देशित किया, कि वह आंकड़ों का सही तरीके से संग्रह करें, जिससे कि योजनाएं बनाने में सरकार को सहयोग प्राप्त हो सके। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, मुरादाबाद प्रदीप कुमार ने इन आंकड़ों का प्रयोग वन ट्रिलियन इकोनॉमी में किए जाने के संबंध में बताया। उपनिदेशक विष्णु कुमार सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यशाला में भारत सरकार के सांख्यिकी मंत्रालय के प्रतिनिधियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रामपुर, मुरादाबाद, संभल व अमरोहा मौजूद रहे।

### दूसरा निकाह करने पहुंचे पति को पत्नी ने दौड़ाया

**सैदनगर, अमृत विचार :** मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव का है। मुरादाबाद के पीपलसाना गांव निवासी शादीशुदा युवक थाना क्षेत्र के गांव में दूसरा निकाह करने आया था। बताते हैं कि उसकी पत्नी को उसके दूसरे निकाह करने की भनक लग गई थी। वह तीनों बच्चों के साथ पति के निकाह वाले गांव में आ धमकी और पति को दूल्हे के लिवास में देख पत्नी भड़क गई और मारपीट करने लगी। मारपीट होते देख मौके पर अफरा तफरी मच गई। महिला ने ग्रामीणों को बताया आरोपी मेरा पति है और तीनों बच्चे इसी के हैं। इतना सुन ग्रामीण भड़क गए और दूल्हे को दौड़ा लिया। ग्रामीणों ने दूल्हे की कार को अपने कब्जे में ले लिया है। मामले की सूचना पुलिस को नहीं दी गई है, दोनों पक्ष आपसी समझौते में लगे हुए हैं।

### जैन कॉलेज की टीम ने 1-0 से जीता मैच

**रामपुर, अमृत विचार :** जनपदीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल प्रतियोगिता महात्मा गांधी स्टेडियम में हुई। जिसमें विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच जैन इंटर कॉलेज और विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की टीमों के बीच खेला गया। जैन इंटर कॉलेज की टीम ने विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की टीम को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 1-0 से शिकस्त दे दी। स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में प्रतियोगिता का फाइनल मैच जैन इंटर कॉलेज और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की टीमों के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें निर्धारित समय तक दोनों टीमें कोई भी गोल नहीं कर सकी। जिसका परिणाम पेनाल्टी शूट आउट के द्वारा हुआ जिसमें जैन इंटर कॉलेज ने विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की टीम को 1-0 से हरा दिया। मैच रैफरी व्यायाम अध्यापक मनोज कुमार रहे। जूनियर वर्ग में सिर्फ एक ही टीम ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सलीम यूसुफ जैदी, तुषार शर्मा, विकास शर्मा, हरपाल सिंह, सलीम मियां, अनीसा लतीफ, अमरपाल, वीर सिंह आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता का आयोजक सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रहा।

### आजम खां के बेदखली से जुड़े मामले में 15 तक रोक बढ़ी

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान और अन्य से जुड़े 2016 के जबरन बेदखली मामले की समेकित सुनवाई में अंतिम आदेश पारित करने पर रोक गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान 15 जुलाई तक बढ़ा दी है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन की एकलपीठ ने अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल द्वारा मामले में निर्देश प्राप्त करने और कुछ दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय की मांग करने पर पारित किया। कोर्ट ने इससे पहले हुई सुनवाई में मामले में अंतिम फैसला सुनाने पर 3 जुलाई तक रोक लगाई थी, क्योंकि मामले में सह-आरोपी द्वारा दाखिल याचिका में दावा किया गया था कि ट्रायल कोर्ट जून में ही सुनवाई पूरी करना चाहता है। मौजूदा मामला 15 अक्टूबर 2016 की घटना से संबंधित है, जिसमें रामपुर स्थित यतीम खाना, वक्फ संख्या 157 नामक वक्फ संपत्ति पर अनाधिकृत संरचना को ध्वस्त करना शामिल था।

# मंदिरों पर तैनात रहेंगे मजिस्ट्रेट

● शिवरात्रि का मुख्य पर्व 23 जुलाई को मनाया जाएगा

● सावन की कांवड़ यात्रा को लेकर जिलाधिकारी ने जारी किए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कांवड़ यात्रा को लेकर आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि सावन का महीना 11 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त तक रहेगा। सावन में शिवरात्रि का मुख्य पर्व 23 जुलाई को मनाया जाएगा। सावन माह के प्रत्येक सोमवार को जिले के प्रमुख शिव मंदिर रठौंडा, भमरौआ एवं पंजाबनगर शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जल चढ़ाते हैं। ऐसे में रविवार और सोमवार को मंदिरों पर मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे।

सावन माह को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि प्राचीन शिव मंदिर लक्खीबाग थाना क्षेत्र शाहबाद, शिवमंदिर ग्राम चंदेला, थाना क्षेत्र बिलासुपर, बालेश्वर मंदिर, ग्राम बादली, थाना टांडा एवं ग्राम डिलारी स्थित शिव मंदिर, थाना मिलकखानम में भी सावन के प्रत्येक सोमवार एवं सावन की शिवरात्रि को जलाभिषेक करते है। प्रत्येक सोमवार को बड़ी संख्या में शिवभक्तों द्वारा कांवड़ बृजघाट, गढ़मुक्तेश्वर, राजघाट एवं हरिद्वार से पैदल यात्रा कर जनपद के प्रमुख शिवमन्दिरों जैसे पंजाबनगर, भमरौआ, रठौंडा व अन्य प्रमुख शिव मन्दिरों में जल अर्पित करेंगे। सावन मास के प्रत्येक सोमवार से एक दिन पूर्व से ही कांवड़ियों की भीड़ कोसी पुल, सीआरपीएफ चुंगी, नए रोडवेज, रेलवे स्टेशन, ज्वालानगर, अजीतपुर तक व समस्त मंदिर परिसर में होती है। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बताया कि कांवड़ियों की सुरक्षा एवं जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रत्येक रविवार और सोमवार को अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में लगाई गई है।

### कांवड़ियों को 24 घंटे मिलेगी एंबुलेंस सेवा

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्यमूर्ति तोमर ने बताया कि श्रावण माह के प्रत्येक रविवार व सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर कांवड़ियों, श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत एक एम्बुलेंस चिकित्सीय दल सहित आंबेडकर पार्क थाना सिविल लाइन पर 24 घंटे उपलब्ध कराई जाएगी। प्रमुख शिवमंदिरों यथा पंजाबनगर, भमरौआ, रठौंडा में अस्थायी स्वास्थ्य कैंप लगाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए शिव मंदिरों के आस-पास एवं कांवड़ यात्रा के मार्गों में लगे विद्युत के खम्भों को अधिक ऊंचाई तक रैम्पिंग से कवर्ड कराने, खंभों पर लटके तारों को ऊपर कराने, ट्रांसफार्मर की बेरिकेटिंग एवं लगने वाले भण्डारा स्थलों पर विद्युत लाइनों के ढीले एवं नंगे तारों को यथाशीघ्र सही कराना तय करेंगे।

# पॉलीथिन मुक्त बनाने को चलाया अभियान

**बिलासपुर, अमृत विचार :** शहर को अतिक्रमण व पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए पालिका प्रशासन ने 3 मार्गों पर चलाए अभियान के तहत जाम की वजह बन रहे दुकानदारों के सामान को जब्त किया और चेतावनी दी।

गुरुवार दोपहर पालिका की टीम पुलिस के साथ पुरानी तहसील रोड पर पहुंची। जहां सड़क पर रखे सामान को जब्त किया। टीम ने मुख्य चौराहा, माठखेड़ा रोड गुरुद्वारा मार्केट का भ्रमण किया। दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक अभियान चला। दो जून को पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने व्यापारियों और कर्मचारियों की बैठक कर शहर को जाम से निजात के लिए पॉलीथिन व अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए सुझाव व सहयोग मांगा था। साथ ही अभियान चलाने के लिए टीम का गठन किया था। रूपेश सक्सेना, विजय अनार्य, ललित, मोहम्मद आरिफ, सुनील सक्सेना, शुजाहिद खां, इरफान मियां, आदेश कुमार, शबाब रजा खां, आसिम खां रहे।

# पालिका ने मनाया प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस, थैले बांटे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने बाजारों में दुकानदारों एवं ग्राहकों को व वार्डों में डोर टू डोर जाकर बैग बांटे।

शासन के निर्देशानुसार 12 जुलाई तक प्लास्टिक उन्मूलन महाअभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को पालिका परिषद की अध्यक्ष द्वारा इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे पर नगर में जूट के थैले द्वारा वितरित किए। जनता से अपील की है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून ने कहा कि सभी लोग प्लास्टिक बैग का उपयोग न करें। यह प्रकृति के लिए अत्यंत हानिकारक है। प्लास्टिक के उत्पादन से प्रकृति को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने बैठक में उपस्थित लोगों से प्लास्टिक की जगह कपड़े का थैला उपयोग करने की अपील की। बैठक के बाद मुख्य सफाई खाद्य निरीक्षक दिलशाद हुसैन, सफाई खाद्य निरीक्षक द्वारका नाथ, सफाई खाद्य निरीक्षक देवेंद्र गौतम, अविनाश कुमार मौजूद रहे। लोगों को कपड़े के थैले भी वितरित किए। इस दौरान मामून शाह खान, सैयद फैसल हसन, सुमित, शावेज अंसारी, फहीम, नावेद कुरैशी, शादाब अंसारी, रहे।



लोगों को थैले देतीं पालिकाध्यक्ष।

● सिंगल यूज प्लास्टिक बैग के हानिकारक प्रभाव बताए

## एक नजर

### जिलाधिकारी ने प्रधान के खिलाफ जांच के दिए आदेश

**रामपुर, अमृत विचार :** डीएम ने शिकायत के आधार पर प्रधान के खिलाफ जांच करने के निर्देश दिए हैं। जांच के दौरान शांति भंग की आशंका होती है तो तुरंत पुलिस को अवगत कराया जाए। अजीमनगर थाना क्षेत्र के हरदासपुर कोठरा निवासी कुछ लोगों ने प्रधान की शिकायत डीएम से की थी। जिलाधिकारी ने मामले में संज्ञान लेते हुए नेडा के परियोजना अधिकारी आरडीए के अधिशासी अभियंता को जांच करने के निर्देश दिए है। ताकि सही मामला सामने आ सके।

### यूपी 112 को मिला प्रथम स्थान

**रामपुर, अमृत विचार :** यूपी 112 ने उत्तर प्रदेश में जून में प्रथम स्थान किया है। यूपी 112 के रैंकिंग सिस्टम में मुख्य तौर पर सभी पीआरवी का रिस्पांस टाइम, एक्नॉलेजमेंट, इनरूट, अराइव टाइम, कॉलर फीडबैक, आरओआईपी एक्टिविटी, इवेंट क्लोजर सिस्टम एवं विजिलेंस जांच रिपोर्ट के अंकों के आधार पर जनपद की रैंकिंग तय की जाती है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में परियोजना यूपी 112 में सितम्बर माह 2024 से लगातार जनपद को प्रथम स्थान पर रहा है।

### गैंगस्टर एक्ट में 4 आरोपी दोष मुक्त

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना स्वार के लखीमपुर निवासी मुजफ्फर अली, समोदिया के निवासी जलीस, छपरा निवासी शाकिर और अलीनगर उतरी निवासी मुनव्वर अली के खिलाफ पुलिस ने कुछ साल पहले गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर दी थी। उसके बाद पुलिस ने धीरे-धीरे करके चारों को जेल भेज दिया था। चारों आरोपी जमानत पर चल रहे थे। मामले की सुनवाई गैंगस्टर एक्ट की कोर्ट में चल रही थी। अधिवक्ता शहाब शाकिर खान ने बताया कि आरोपियों को गैंगस्टर एक्ट में दोषमुक्त कर दिया है।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** कोतवाली टांडा क्षेत्र के गांव डोकपुरी निवासी दिलदार हुसैन ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें कहा है कि 14 जून को वह शनिवार की बाजार में भतीजे मोहम्मद रेहान के साथ खरीदारी करने के लिए आया था। बाइक को खड़ी कर खरीदारी करने लगा, लौटने पर बाइक गायब देखकर उसके होश उड़ गए। तलाश करने के बावजूद बाइक नहीं मिली। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# घर से स्कूल के लिए निकली छात्रा जंगल में तड़पती मिली, मौत

## ई रिक्शा से उतरकर स्कूल नहीं पहुंची, जहरीला पदार्थ खाने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, मिलक


जंगल में संदिग्ध हालत में छात्रा के मिलने के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार


छात्रा के बैग में रखी पानी की बोतल।

**अमृत विचार :** गुरुवार को स्कूल जाने के लिए निकली छात्रा जंगल में कुछ लोगों को तड़पती मिली। उसके बाद लोग उसको गांव में लेकर आ रहे थे। इस दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद छात्रा के परिजन भी आ गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर निवासी धर्मपाल अपने परिवार के साथ रुद्रपुर में रहकर फैक्ट्री में काम करता है। उसकी 13 वर्षीय बेटी गुंजन काफी समय से अपने मामा के यहां मैनी गांव में रह रही थी। वह पास में स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा नौ की छात्रा थी। वह गुरुवार को ई-रिक्शा से स्कूल गई थी। जिसके बाद ई-रिक्शा चालक उसको स्कूल के गेट पर उतारकर चला गया, लेकिन वह स्कूल के अंदर नहीं पहुंच सकी। बाद में कुछ लोगों ने उसे बेकैनिया के जंगल में तड़पते हुए देखा। बताया जाता है कि उसके मुंह से झाग निकल रहे थे। उसके बाद लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। कुछ लोग उसको लेकर गांव की तरफ गए, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही। छात्रा का शव मिलने के बाद स्कूल के छात्र-छात्राएं भी सकते में थे। क्षेत्र में पूरे दिन चर्चा होती रही। कोतवाली प्रभारी धनंजय सिंह का कहना है कि छात्रा की मौत की सूचना मिली थी। मौके के पहुंचकर जांच की गई है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृश्य जहरीले पदार्थ से मौत होना है, छात्रा के मुंह से झाग भी आ रहे थे। परिजनों की तरफ से तहरीर प्राप्त अभी नहीं हुई है। तहरीर मिलने अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### बोतल में आ रही थी बदबू

मौके पर मौजूद लोगों ने छात्रा के बैग को उठाकर एक किनारे रख दिया। पानी की बोतल को जब कुछ लोगों ने सूंघा तो उसमें से जहरीले पदार्थ जैसी बदबू आ रही थी। जिससे जाहिर होता है कि छात्रा की जहर से मौत हुई है। आखिर उसे किसी ने जहर दिया या खुद खा लिया। पूरे दिन मृतक के घर पर लोगों का तांता लगा रहा।

## मस्जिद के इमाम ने किशोर से किया दुष्कर्म

**स्वार, अमृत विचार :** मोहल्ला काशीपुर निवासी नावेद पुत्र हबीब लगभग तीन माह से कोतवाली क्षेत्र के गांव में इमामत करने के साथ मदरसे में बच्चों को पढ़ाता है। मस्जिद और मदरसे के बराबर खाली जमीन पर लोग मोहर्रम के ताजिये बना रहे हैं।

गुरुवार को गांव का 13 वर्षीय किशोर अन्य बालकों के साथ ताजिए देखने पहुंच गया, आरोप है कि इस दौरान वहां पर इमाम पहुंच गया। इमाम किशोर को मदरसे के टूटे हुए कमरे ले गया और अश्लील हरकत करने लगा। किशोर ने विरोध किया तो इमाम ने बालक को डरा धमका कर दुष्कर्म कर दिया। बालक की चीख पुकार सुनकर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। बालक की हालत देख परिजनों के होश उड़ गए। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने मारपीट कर इमाम को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने पीड़ित बालक के पिता की ओर से इमाम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर बालक को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। कोतवाल प्रदीप मलिक ने बताया कि बालक से कुकर्म करने की तहरीर मिलने पर इमाम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## सार संक्षेप




### डीएम और एसपी ने किया पौधरोपण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र व शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर रूट डायवर्जन के लिए दुर्ग नगला जीरो प्वाइंट पर मार्ग का निरीक्षण किया। इसके बाद 7 जुलाई तक प्रचलित वन महोत्सव सप्ताह के अन्तर्गत एक पेड़ मां के नाम के क्रम में दुर्ग नगला जीरो प्वाइंट (गोल चक्कर) पर पौधरोपण किया एवं सभी को पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया।

### हादसे में घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**मिलक, अमृत विचार :** हादसे में घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गई। मिलक थाना क्षेत्र के गांव पुरैनिया खुर्द निवासी 47 वर्षीय केहरी सिंह एक जुलाई को बाइक से अपनी बेटी को लेने के लिए ननसार जा रहा था कि रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद आसपास के लोग आ गए थे। उसको अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां बुधवार शाम को उसकी मौत हो गई। गुरुवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया।




### 55 लोगों की एनीमिया की जांच हुई

**रामपुर, अमृत विचार :** संकल्प शाखा भारत विकास परिषद ने सेवा पखवाड़े के तहत एनीमिया जांच शिविर का आयोजन काशीराम कॉलोनी में किया। जिसमें लगभग 55 लोगों की जांच की गई। एनीमिया जांच के अंतर्गत रक्त की जांच की जाती है। कैंप में लगभग 11 लोगों में खून की कमी पायी गई। जिसमें से 3 लोगों ऐसे थे, जिनके शरीर में रक्त 9 पॉइंट से भी कम था। उन्हें चिकित्सक के पास जाकर दिखाने की सलाह दी। 8 लोगों को खानपान को सुधारने, किशमिश और खजूर को भोजन में शामिल करने और हरी सब्जियों को बढ़ावा देने और आयरन की टेबलेट लेने की सलाह दी। कार्यक्रम में प्रतीक शर्मा, सीए सजल अग्रवाल, अर्पित खंडेलवाल, आकाश रस्तोगी, प्रतीक शर्मा, संजना खनेजा, अभिषेक खनेजा आदि सदस्य मौजूद रहे।

### शादी से इंकार करने पर युवती ने दी तहरीर

**रामपुर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने गांव की ही रहने वाली युवती को शादी करने का झांसा देकर दिया। उसके बाद युवक उससे फोन पर कई-कई घंटे तक बात किया करता था। जब युवती ने शादी के लिए कहा, तो युवक ने साफ इंकार कर दिया। इस बात की जानकारी युवती ने अपने परिजनों को दी तो परिजन भी युवक के घर चले गए। जहां युवक के परिवार वालों को सारा मामला बताया तो यह भी नाराज हो गए। युवक पक्ष के लोगों ने युवती के पिता से शादी के लिए साफ इंकार कर दिया। उसके बाद गांव में पंचायत हुई। लेकिन पंचायत में युवक पक्ष ने किसी की बात नहीं सुनी। उसके बाद युवती पक्ष के लोगों ने युवक पक्ष के लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### सावन शुरू होने से पहले ढाबों की जांच हो

**रामपुर, अमृत विचार :** विश्व हिन्दू परिषद के मेरठ प्रांत के संत संपर्क प्रमुख अनिल वशिष्ठ के साथ पदाधिकारी एसपी कार्यालय पहुंचे। एसपी को ज्ञापन देते हुए बताया कि 11 जुलाई को सावन शुरू हो रहे हैं। इस माह में श्रद्धालु कांवड़ में गंगाजल लाकर भगवान शिव को अर्पित करते हैं। कांवड़ मार्ग पर होटलों और ढाबों की वजह से किसी का ब्रह्मचर्य खंडित न हो पाए। जिसको देखते हुए पुलिस विभाग की विशेष टीम को गठित कर दुकानों, ढाबों, होटल की जांच होनी चाहिए। कांवड़ियों के मार्ग पर कुछ मुस्लिम लोग हिंदू नाम रखकर ढाबा चलाते हैं। कांवड़ियों की शुद्धता को खंडित करते हैं। ज्ञापन देने वालों में विक्की पंडित, राकेश जुनैजा, रामेंद्र गुप्ता, अश्वनी चौहान, रविन्द्र गुप्ता, सुनीत चौहान, वीरेंद्र चौहान, राजीव अग्रवाल, रामौतार शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।




### हेड बॉय अबू हमजा और हेड गर्ल बनी हुदा शहाब

**रामपुर, अमृत विचार :** ग्रीनवुड स्कूल में छात्र तथा छात्रा संसद का गठन को लेकर कार्यक्रम हुआ। जिसमें हेड बॉय अबू हमजा और हेड गर्ल हुदा शहाब बनी। ग्रीनवुड स्कूल के चयनित छात्र तथा छात्राओं का उनकी प्रतिभा के अनुसार पदों पर चुनाव किया। स्कूल प्रांगण में कार्यक्रम में उनको बैज तथा ध्वज देकर सम्मानित किया। स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान, स्कूल की ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान, प्रधानाचार्य एनके तिवारी और उप प्रधानाचार्य शकील अहमद ने पदधारकों को बैज तथा ध्वज प्रदान किए। कार्य के प्रति समर्पण के लिए, शपथ ग्रहण कराई। सम्मान पाकर पद धारकों के चेहरे गर्व तथा प्रसन्नता से खिल उठे। स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान, ज्वाइंट डायरेक्टर समीना खान तथा प्रधानाचार्य एनके तिवारी ने स्कूल संसद के सभी सदस्यों तथा पद धारकों को बधाई दी। कार्यक्रम में एहतेराम अली, मुर्तजा खान, उबैद खान, फैजान खान, शकील अंसारी, फिरोज हैदर, मुदित शर्मा, मोहम्मद नाजिम, शादाब खान, मंदीप सिंह, अमीन अली, मोहम्मद सादिक सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।

### चाचा ने भतीजी से किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

**मिलक अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि 28 जून को उसकी बड़ी पुत्री जो कि थाना बहेड़ी में रहती है। उसके यहां कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। घर पर उसकी बेटी अकेली थी। आरोप है कि उसके देवर हरेंद्र का घर उसके घर के सामने है। घर पर नाबालिग के अकेले होने के कारण आरोपी उसके घर में सोने चला गया। मौका पाकर आरोपी ने दुष्कर्म किया। महिला ने आरोप लगाया है आरोपी चाचा ने उसकी पुत्री को डराते धमकाते हुए किसी से कुछ न कहने की धमकी भी दी। जब वह घर लौटी तो उसकी पुत्री ने पूरी बात बताई। वह पुत्री को लेकर कोतवाली पहुंची और तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी चाचा पर रिपोर्ट दर्ज कर नाबालिग का मेडिकल प्रशिक्षण कराया है। कोतवाली प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने अपने देवर पर बेटी से दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। मामले में संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा जा रहा है।

## महिला को मारपीट कर घर से निकाला, रिपोर्ट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव डिबडिबा निवासी जयप्रकाश द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उन्होंने अपनी पुत्री मीनाक्षी का विवाह ढाई साल पहले थाना केमरी क्षेत्र के गांव रहसैना निवासी अरुण कुमार के साथ हिंदू रीति-रिवाज के साथ संपन्न किया था।

ससुराल वाले आएदिन दहेज के लिए पुत्री प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप कि 10 अगस्त 2024 को ससुरालियों ने पुत्री को मारपीट कर घर से निकाल दिया। बाद में कई बार पंचायती हुई, लेकिन इसके बावजूद ससुराल वाले नहीं माने। बाद में उसने महिला थाने में शिकायती पत्र सौंपकर ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि अरुण, सतपाल और ज्ञानवती के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

# हाईवे पर हादसे के बाद कई घंटे लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


जिला अस्पताल में खड़े अजय के परिजन। ● अमृत विचार


जिला अस्पताल में खड़े लवकुश के परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर धनेली पूर्वी क्षेत्र में हुए हादसे में दोनों वाहन आपस में चिपक गए थे। हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया था और लोग मौके पर एकत्र हो गए। उसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह क्रेन से वाहन हटवाए। उसके बाद ही जाम खुल सका। दोनों वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए थे। काफी देर तक मौके पर लोगों की भीड़ रही। पुलिस ने मौके से भीड़ को भी हटवाया। मामले में कंटेनर चालक के परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

हादसे में सीतापुर के दो लोगों और सैफनी निवासी युवक की मौत हो जाने के कारण तीनों परिवारों में कोहराम मच गया। पूरे दिन परिजन तीनों के शवों का घर आने का इंतजार करते रहे। चालक अजय ने अपने पीछे तीन बच्चों और पत्नी को छोड़ा है जबकि योगेश की शादी नहीं हुई है। डीसीएम के चालक लवकुश के 6 लड़कियां और एक लड़का है। जिसमें दो लड़कियों की शादी हो गई है। सभी परिजनों का बुरा हाल है। परिजन शव आने का इंतजार करते रहे।

### सड़क हादसे में नगलिया के युवक की मौत

**सैदनगर, अमृत विचार :** बिहार के कटिहार में हुए सड़क हादसे में नगलिया के युवक की मौत हो गई। अजीमनगर थाना के नगलिया आकिल निवासी आसिफ रजा का बेटा तैमूर रजा उम्र 20 वर्ष बिहार के कटिहार जिले में बिरयानी का होटल चलता था। बुधवार शाम युवक दुकान का सामान खरीदने के लिए मार्केट गया था। पैदल सड़क पार करते समय सामने से आ रही अनियंत्रित कार ने युवक को रौंद दिया। हादसे के बाद युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। इकलौते बेटे की मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया। गमजदा परिजन युवक का शव लेने बिहार के लिए रवाना हो चुके हैं।

# महिला सिपाही का वीडियो एडिट कर 50 हजार रुपये मांगे, रिपोर्ट दर्ज

- स्टेडियम के पास पीड़िता से गाली-गलौज व मारपीट भी की
- ढाबे के मालिक सहित 4 लोगों पर सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** महिला सिपाही का वीडियो एडिट कर आरोपियों ने ब्लैकमेल किया और 50 हजार रुपये की मांग की। रुपये न देने पर महिला सिपाही को मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर सिविल लाइंस पुलिस ने ढाबे के मालिक सहित 4 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला सिपाही का कहना है कि महिला थाने में तैनात है, लेकिन मौजूदा समय में पुलिस लाइन में खेलों से जुड़ी है। वह महिला थाने में ही रहती है। बताया कि वह अक्सर खाना लेने के लिए अनमोल ढाबे पर जाती है। महिला सिपाही ने बताया कि 25 जून को मैं स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रही थी कि तभी कुछ बच्चों ने बताया कि आपकी विडियो अनमोल ढाबे से खाना लेते हुए वायरल हो रही है। इसके बाद 27 जून को जब मैं स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रही तो दो युवक राघव व अभिनव जो कि बिलासपुर के रहने वाले हैं। मेरा पीछा करते हुए स्टेडियम तक आ गए। जब उन दोनों से कारण पूछा तो बताया कि आपकी एक वीडियो हमारे पास है जो कि ढाबे के मालिक और देवेश नागर ने उपलब्ध कराई है। फोन चेक करने के बाद पता चला कि वीडियो उनके फोन में थी। जब मैंने उनसे विडियो डिलीट करने को कहा तो दोनों ने कहा कि ढाबे के मालिक के साथ एक ग्रुप है। जो भी लड़कियां, महिलाएं खाना लेने आती हैं। उनके फोटो और वीडियो लेकर उनको एडिट करके ब्लैकमेल करके रुपये मांगते हैं। आपका वीडियो डिलीट करने के 50 हजार रुपये देने होंगे। महिला सिपाही के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अनमोल ढाबे के मालिक आवास विकास निवासी सुरेन्द्र, देवेश नागर, राघव और अभिनव यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले में पुलिस जांच कर रही है। सिविल लाइन थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि महिला सिपाही की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है, मामले में जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# वीसी से होगी सरकारी गवाहों की पेशी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


नवनिर्मित वीसी रूम में जानकारी देते एसपी व अन्य अधिकारी।

> ये बहुत अच्छा कदम है, इससे सरकारी गवाहों को राहत मिलेगी। दूसरे जिलों में आनन-फानन में जाना और सरकारी धन की बचत दोनों महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में ये बड़ी राहत देने वाला कदम साबित होगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम 10 से 15 दिन में शुरू हो जाएगा।
>
> -विद्या सागर मिश्रा, पुलिस अधीक्षक

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार की न्यायश्रुति योजना के तहत रामपुर के कलेक्ट्रेट में स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो साउंडप्रूफ रूम लगभग तैयार हो गया है। जहां वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सरकारी गवाह कोर्ट में गवाही दे सकेंगे। इससे पुलिसकर्मियों सहित सभी सरकारी विभागों के गवाहों को गवाही देने के लिए दूसरे जिलों में जाने की परेशानी से निजात मिलेगी।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम का निरीक्षण किया और जल्द संचालन की बात कही है। उन्होंने बताया कि अदालतों में गवाहों की पेशी में कई बार केस में देरी की परेशानी अब बीते जमाने की बात होगी। उन्होंने बताया कि कई बार सिर्फ गवाहों की गैर-मौजूदगी की वजह से अदालत को केस की अगली सुनवाई के लिए तारीख देनी होती है। ज्यादातर मामलों में यह वह गवाह होते हैं जिनकी पुलिस इन्वेस्टिगेशन में अहम भूमिका होती है। प्रत्यक्षदर्शी, पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक, केस से जुड़े आईओ (इन्वेस्टिगेटिव ऑफिसर) या मेडिकल ऑफिसर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। कई बार केस से जुड़े ऐसे अधिकारियों या कर्मचारियों का ट्रांसफर हो जाता है, लेकिन कोर्ट की सुनवाई के दौरान गवाही के लिए उन्हें उसी शहर की कोर्ट में आना होता है। जहां रहते हुए उन्होंने केस में योगदान दिया था। कई बार सरकारी गवाह कोर्ट समय पर नहीं पहुंच पाते और कोर्ट को अगली तारीख देनी पड़ती है, जिससे सुनवाई में अनावश्यक देरी होती है और केस लंबा खींचा जाता है। जबकि सरकारी धन भी खर्च होता है और गवाह की जान का जोखिम भी होता है। कई पुलिसकर्मी और अन्य विभागों के कर्मी सड़क हादसों में जान भी गवां चुके हैं। ऐसे में सरकारी गवाह के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम बनने से बड़ी राहत मिलेगी।

## पत्रकारिता समाज की समस्याओं के समाधान का माध्यम : डीएम

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के कार्यक्रम में कहा कि पत्रकारिता समाज में व्याप्त समस्याओं के समाधान का बेहतर माध्यम है।

बुधवार शाम होटल में आयोजित ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन द्वारा एक शाम पत्रकारों के नाम कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का आरंभ जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और संगठन के प्रदेश महामंत्री (संगठन) डॉ. नरेश पाल सिंह, जिला अध्यक्ष राजीव वर्मा ने किया। जिलाधिकारी ने कहा कि पत्रकारिता समाज का चौथा स्तंभ है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लोकतांत्रिक देश पत्रकारिता की बगैर मजबूत नहीं होता। सभी पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर अब्दुल सलाम, वीरेंद्र सक्सेना, लाखन सिंह राजपूत, इकबाल खान, वीरेंद्र गुप्ता, मोहम्मद अलीम, कृपाल सिंह, इकरार हुसैन आदि रहे।

# संवाद से पार्टी ऊंचाई पर पहुंचेगी:संजय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


बैठक को संबोधित करते कांग्रेसी नेता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पूर्व विधायक एवं कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर ने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार जमीनी कार्यकर्ता है। संवाद और अनुशासन से ही कांग्रेस नई ऊंचाई को प्राप्त कर सकती है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जौहर अली रोड स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय पर हुई। जिला समन्वयक फूलकुंवर कहा कि नए कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाकर हमें संगठन में ऊर्जा का संचार करना है। जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा उर्फ निक्कू पंडित ने कहा कि हर स्तर पर पारदर्शिता और उत्तरदायित्व तय कर संगठन को गतिशील बनाना हमारी प्राथमिकता है। मुतिउर रहमान बब्लू ने कहा कि जिला संगठन को आम जनमानस के साथ खड़ा होकर विश्वास अर्जित करना होगा। कांग्रेस की परंपरा रही है। शहर समन्वयक उत्तम सिंह ने कहा कि हम सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा करते हैं कि वे संगठन के विस्तार और विकास को समर्पित भाव से आगे बढ़ाएं। यही कांग्रेस की पुनर्संरचना का मूल मंत्र है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष बाकर अली खां उर्फ हारून खां ने कहा कि शहर कांग्रेस संगठन बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर कांग्रेस की विचारधारा को आम जनता तक पहुंचाएगा। उमेश दुबे ने कहा कि अनुशासन, निरंतर संवाद और सक्रिय सहभागिता ही संगठन सृजन अभियान को सफल बना सकते हैं। बैठक के दौरान जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित किए। बैठक में सचिन त्रिवेदी, एकलव्य वाल्मीकि, नुसरत अली खान, दुर्गेश मौर्य, कपिल चौधरी, डॉ. जफर, शकील मंसूरी, मोईन पठान, कलीम अहमद, ताहिर अंजुम, जितेंद्र गंगवार, लीना कपूर, शशि, गुलशन, हमीदा बी, सीमा, बबीता, सुनीता कश्यप, शबाना, शबनम, फिजा,सप्पू अंसारी, एहसान खान राजू, मोहम्मद आसिफ अंसारी, फरीद खान, सतनाम सिंह मौजूद रहे।

# मुरादाबाद-टांडा-दढ़ियाल मार्ग से हटेगा अतिक्रमण

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** मुरादाबाद-टांडा-दढ़ियाल मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता के निर्देश पर एसडीएम टांडा ने विशेष टीम गठित की है। पीडब्ल्यूडी के अभियंता, पालिका के ईओ, राजस्व विभाग के निरीक्षक और लेखपाल शामिल रहे। गुरुवार से भगतपुर तिराहे से अतिक्रमण चिह्नीकरण करना शुरू किया है, जो टांडा, दढ़ियाल और मसवासी के आबादी क्षेत्रों तक चलेगा।

गुरुवार को टीम द्वारा मार्ग की पैमाइश की कार्रवाई के तहत सड़क किनारे स्थायी और अस्थायी अतिक्रमणों को चिह्नित कर दुकानों और भवनों पर लाल निशान लगाए। यह कार्रवाई मुरादाबाद मार्ग पर भगतपुर तिराहे से शुरू हो चुकी है, जो टांडा मुख्य मार्ग, दढ़ियाल और मसवासी तक जाएगी। दुकानदारों और निवासियों में इस कार्रवाई को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। मुरादाबाद-टांडा-दढ़ियाल मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य अंतिम पड़ाव पर है। इस मार्ग पर विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है, टांडा बाईपास का निर्माण भी प्रस्तावित है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता के नेतृत्व में टीम अतिक्रमणों का चिह्नीकरण कर रही है। राजस्व विभाग के निरीक्षक और लेखपाल अतिक्रमण का निर्धारण कर रहे हैं, पालिका की टीम कार्रवाई की निगरानी में जुटी है। कार्रवाई के तहत पहले चिह्नीकरण और फिर अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया पूरी होगी। उपजिलाधिकारी टांडा कुमार गौरव ने बताया कि मार्ग के चौड़ीकरण के चलते पोल शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है। इसके अलावा कांवड़ यात्रा भी निकट है। जिसके कारण अतिक्रमण हटाया जाना जरूरी है।

## एक नजर

### घर के दरवाजे पर महिलाओं से गाली गलौज की तहरीर दी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव पतरौआ में दो महिलाओं से गाली-गलौज व मारपीट के प्रयास की तहरीर कोतवाली में दी गई है। गांव पतरौआ निवासी गौरव ने तहरीर में कहा है कि गुरुवार की सुबह 11.30 बजे उसकी मां सरोज देवी व भाभी सपना पत्नी सचिन कुमार घर में अकेली थी। गांव के कुछ लोग लाठी-डंडे लेकर आए और गाली-गलौज कर घर में घुसने का प्रयास किया। दोनों महिलाओं ने समय रहते गेट बंद कर दिया। आरोपी गाली-गलौज कर वापस चले गए। वह आरोपियों के घर पहुंचा तो गाली-गलौज कर भगा दिया।

### श्रीमद भागवत कथा से पूर्व निकाली कलशयात्रा

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** गांव सिहावली में स्थित श्री गोपाल धाम बाबरे बाबा आश्रम पर गुरुवार को श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ महंत बालकदास महाराज ने कराया। इससे पहले कलशयात्रा निकाली गई। भजन कीर्तन करते हुए कलशयात्रा गांव सिहावली से खरसपा तक गई। इस बीच श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। गांव की कन्याओं ने कलश पूजन कर व महिलाओं ने भजन कीर्तन के साथ सिहावली तथा खरस्पा गांव में कलश यात्रा निकाली। जहां गांव के श्रद्धालु भक्ति के भजनों पर झूमते नजर आए। कहा गया कि 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम भी होगा।

### अलम के जुलूस में गूंजी या हुसैन की सदाएं

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव ओबरी में सातवीं मोहर्रम को अलम का जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में अजादार उमड़े। अजादारों ने इमाम हुसैन की सदाएं बुलंद की। गुरुवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सातवीं मोहर्रम पर अलम का जुलूस निकाला जिसमें लोग झंडा पताका के साथ हुसैन को याद करते हुए गांव की गली मोहल्लों से निकले। इस दौरान नौहा, नियाज और फातिहा पढ़ा गया। जगह-जगह जलपान के इंतजाम रहे। जुलूस में शामिल लोगों को शरबत और तबर्रुक बांटा गया। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस जाफरी मस्जिद और पूरव में पंचायत घर के पास इमामबाड़ों से निकलकर गांव के विभिन्न रास्तों से होता हुआ वापस अपने अपने इमामबाड़ों पर पहुंचा। इस दौरान सुरक्षा के भी इंतजाम रहे।

# डीएम ने ग्राम प्रधान को जारी किया नोटिस

**बहजोई, अमृत विचार:** विकासखंड बहजोई की ग्राम पंचायत में ऑपरेशन कायाकल्प तथा आंगनबाड़ी केंद्र में काम कराने को लेकर ग्राम प्रधान ने कोई सहयोग नहीं किया। जिसको लेकर अब डीएम ने ग्राम प्रधान को नोटिस जारी किया है। 15 दिन में स्पष्टीकरण न देने पर प्रधान के अधिकार सीज करने चेतावनी दी है।

बहजोई विकासखंड की ग्राम पंचायत श्योराजपुर में 27 जून 2025 को जिला परियोजना प्रबंधन यूनिट द्वारा कराई गई समीक्षा में सामने आया कि प्रधान करन सिंह ने केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार सहयोग नहीं किया। जिसके चलते ऑपरेशन कायाकल्प और आंगनबाड़ी केंद्र पर काम नहीं हुआ। जिसको लेकर पंचायत सचिव रामबाबू तथा ग्राम विकास अधिकारी ने लिखित में अवगत कराया कि न तो ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालय में कोई कार्य कराया गया है और न ही आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की दिशा में कोई काम किया गया है। कई बार पंचायत सचिव ने अवगत कराने के बावजूद प्रधान द्वारा शासन के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा था। जिससे ग्राम पंचायत की प्रगति अन्य के मुकाबले बहुत कम रही। अब डीएम ने ग्राम प्रधान के खिलाफ नोटिस जारी किया है।

### एडीएम ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के 15 मामलों में पांच लाख का जुर्माना लगाया

# सरसों तेल से लेकर दूध, बर्फी तक सब मिलावटी



- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने पिछले दिनों विभिन्न खाद्य पदार्थों के लिए थे नमूने

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल जिले में मिलावटखोर आमजन के स्वास्थ्य से लगातार खिलवाड़ कर रहे हैं। सरसों के तेल से लेकर दूध और बर्फी तक सब मिलावटी है। एडीएम ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के 15 मुकदमों में सुनवाई करते हुए पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की धनराशि मिलावटखोरों से वसूल की जानी है।

प्रशासन के तमाम प्रयास के बावजूद जनपद में खाद्य पदार्थों में मिलावट का सिलसिला थम नहीं रहा है। हालात यह हैं कि सरसों के तेल के अधिकांश सैंपल में मिलावट की पुष्टि हो रही है। वहीं दूध में भी मिलावट के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पिछले दिनों खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिलेभर में छापेमारी करते हुए विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए थे। नमूनों की जांच कराई गई तो ज्यादातर न सिर्फ फेल हो गए बल्कि खतरनाक स्तर तक रसायन पाया गया। इसके बाद मिलावटी सरसों का तेल, मिश्रित दूध, किसमिस, कूटू का आटा, भटूरे, नान रोटी, मुर्गा का मीट, मैदा, बर्फी से संबंधित मुकदमे एडीएम प्रदीप वर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। नखासा थाना क्षेत्र के 2, बहजोई थाना क्षेत्र के 2, रजपुरा थाना क्षेत्र का 1, असमोली थाना क्षेत्र का 1, चंदौसी थाना क्षेत्र के 2, हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र 1, हयातनगर थाना क्षेत्र का 1, ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र का 1, संभल कोतवाली क्षेत्र के 2, धनारी थाना क्षेत्र का 1, नखासा थाना क्षेत्र के 1 मुकदमें में सुनवाई के बाद एडीएम ने फैसला सुनाया है। एडीएम ने मामलों में सुनवाई करते हुए पांच लाख का जुर्माना लगाया है। पिछले महीनों में भी मिलावटी खाद्य पदार्थों के मामलों में जुर्माने की कार्रवाई होती रही है। फिर भी मिलावट का धंधा नहीं थम रहा है। इस धंधे में शामिल लोग आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

## अंबेडकर पार्क बनाकर मूर्ति स्थापना के लिए सौंपा ज्ञापन

**बहजोई, अमृत विचार:** अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ ने बहजोई के मुख्य चौराहे पर अंबेडकर पार्क की स्थापना कर डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित किए जाने को लेकर डीएम को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा।

कहा कि नगर क्षेत्र में डॉ भीमराव अंबेडकर का कोई स्मृति स्थल नहीं है। नगर के प्रमुख चौराहे पर डॉ अंबेडकर की मूर्ति स्थापित कर वहां एक भव्य पार्क विकसित किया जाए। अध्यक्ष दर्शन कुमार, अतर सिंह, लक्ष्मी बाबू, प्रशांत गौतम, सतीश गौतम, कादरी चौहान, विशाल कुमार, मोहित गौतम, विवेक कुमार, टिंकू, संजय, प्रदीप सहित आदि मौजूद रहे।

# रंजोगम के बीच निकला अलम का जुलूस

### जुलूस में शामिल अजादारों और अलमदारों ने बुलंद कीं या हुसैन की सदाएं, कड़ी रही सुरक्षा व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** कर्बला में शहीद हुए नवासा ए रसूल शहजादा मौला ए कायनात अब्बास अलमदार की शहादत के मौके पर मोहर्रम की सातवीं तारीख को संभल शहर में अलम का जुलूस निकाला गया। अलम जुलूस में युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। अजादारों और अलमदारों ने या हुसैन की सदाएं बुलंद की। जुलूस के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने भ्रमण करते हुए हरेक गतिविधि पर नजर रखी।

गुरुवार को मोहल्ला मियां सराय से परंपरागत अलम मुबारक का जुलूस निकाला गया। यह जुलूस कर्बला में शहीद हुए पैगंबर मुहम्मद के नवासे और अली के बेटे अब्बास (गाजी) की याद में निकला। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंद व अजादार उमड़े। अलम का जुलूस मियां सराय से आसपास के मोहल्ले के अलम के साथ चमन सराय चौक इमामबाड़े पर पहुंचा। यहां मंडी किशनदास सराय, हुसैन खां सराय अली सराय, आलम सराय, शेर खां सराय, सैफ खां सराय, नूरियो सराय, बेगम सराय, मोहल्ला जगत के अलम का जुलूस विशाल जुलूस में बदला और बाजार सब्जी मंडी से तहसील मोहल्ले के अलम को लेता हुआ कोट गर्वी पहुंचा। फतेहउल्ला सराय, देहली दरवाजा, महमूद खां सराय के अलम जुलूसों का विशाल जुलूस रेतला मैदान पहुंचा। यहां से महमूद खां सराय, नखासा, खग्गू सराय, अंजुमन तिराहे से दीपा सराय और चौक व तिमरदास सराय के आसपास के मोहल्लों से अपने इमाम बारगाहों की तरफ बढ़ा। इस बीच अलमदारों व अजादारों ने मौला अब्बास, मौला हुसैन जिंदाबाद की सदाएं बुलंद की।

अलम जुलूस में शामिल अलमदारों, अजादारों की हौसला अफजाई पगड़ी बांधकर की गई। कहीं शरबत तो कहीं नियाज नजर के स्टाल लगे रहे। सुरक्षा को लेकर जगह जगह पुलिस तैनात रही। एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव, आईपीएस सीओ संभल आलोक भाटी भ्रमण करते रहे। इस दौरान रफीक रही, मोहम्मद उमर, फैसल कसीर, हकीम अशीर, समद अब्बास, जमशेद वारसी, सालिम अशरफी आदि शामिल रहे।

- अलर्ट मोड पर रहा पुलिस प्रशासन, अधिकारियों ने किया भ्रमण



महमूद खां सराय में एक साथ आगे बढ़ते अलम के जुलूस। • अमृत विचार

#### शिया और सुन्नी ने हाथों में थामे अलम

इमाम बारगाहों में गुरुवार को सुबह से ही अलम सजाकर रखे गए थे। दोपहर के समय अलामदारी का सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक चला। शिया समुदाय के लोगों ने अब्बास का अलम थामकर जिक्र ए हुसैन बुलंद किया और कर्बला के शहीदों को सलाम पेश किया। वहीं सुन्नी समुदाय के लोगों ने भी हाथों में मौला अब्बास का अलम थामकर कर्बला के शहीदों को याद करते हुए इस्लाम के लिए दी गई नबी के घराने की कुर्बानी को ताजा कर मोहब्बत कर्बला का पैगाम आम किया।



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एएसपी और सीओ। • अमृत विचार

#### पगड़ी बांधकर किया गया स्वागत

मोहल्ला कोट गर्वी से परंपरागत अलम घरों से उठे और जुलूस की शक्ल में शाही जामा मस्जिद मार्ग होते हुए डाकखाना रोड से चक्की के पाट के निकट मोड़ पर बड़े जुलूस में शामिल हुए। इस दौरान हाजी नसीम वारसी, रजी ठेकेदार, फैयाज नबी वारसी, शानू साबरी, परवेज वारसी, जमशेद वारसी, मोहम्मद शफीक, वसीम वारसी आदि रहे। अलमदारी के दौरान कई स्थानों पर जनप्रतिनिधियों का पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। विधायक पुत्र सुहैल इकबाल, चेयरमैन पति चौधरी मुशीर अली खां, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की, सपा जिला सचिव सईद अख्तर इसराइली, कामिल एडवोकेट, नवाब अरमान आदि रहे। व्यापारियों में नवील अहमद, नाजिम सैफी, हाजी एहतेशाम, फुरकान वारसी आदि रहे।



चमन सराय में अलम निकालते मुस्लिम नौजवान। • अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### निकाय सम्मेलन में नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन शामिल



**संभल/ बबराला, अमृत विचार :** भारत में शहरी विकास और लोकतांत्रिक सशक्तिकरण के तहत आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका विषय पर अपनी बात रख रहे हैं। हरियाणा के मानेसर में सम्मेलन में नगर पालिका चंदौसी की अध्यक्ष लता रानी और नगर पंचायत बबराला के अध्यक्ष हर्ष वर्धन वार्ष्णेय का चयन हुआ। अपरिहार्य कारणों से लता रानी सम्मेलन में नहीं पहुंचीं। हर्ष वर्धन ने संभल जनपद का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने कहा कि, सम्मेलन से न केवल देशभर के जनप्रतिनिधियों के अनुभव जानने को मिले, बल्कि लोकतंत्र को मज़बूत करने के लिए जिम्मेदारी और नगर के समग्र विकास के लिए नई योजनाएं और विचार भी प्राप्त हुए। सम्मेलन में मिले सुझावों और अनुभवों को बबराला की प्रगति में धरातल पर उतारने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### छात्र-छात्राओं ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**बबराला, अमृत विचार :** वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को डीएबी इंटर कॉलेज, गुन्नौर में पर्यावरण संरक्षण संवर्धन से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वन विभाग गुन्नौर रेंज के संयोजन में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर चित्र उकेरे। विजेता प्रतिभागियों को प्रधानाचार्य व क्षेत्रीय वन अधिकारियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा पर्यावरण जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। कॉलेज प्रांगण में पौधरोपण भी किया गया।

### रेल कर्मियों को बताए आग बुझाने के तरीके



**चन्दौसी, अमृत विचार :** जीआरपी, आरपीएफ व रेलवे की ओर से पॉवर केबिल के पास मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। गुरुवार की शाम 5 बजे जीआरपी व आरपीएफ की ओर से पॉवर केबिल पर मॉक ड्रिक कराई गई। पॉवर केबिल के पास झाड़ियों में आग लगाकर बुझाना सिखाया गया। रेल कर्मचारियों को आग पर काबू पाने के लिए सुरक्षा उपकरणों को चलाने का तरीका बताया। कहा कि आग धीमी हो तो तुरंत स्वयं ही आग बुझाने में जुट जाना चाहिए। ताकि समय पर आग पर काबू पाया जा सके। रेल कर्मचारियों को पेट्रोल, डीजल व बिजली की आग बुझाने के भी तरीके बताए गए। इस दौरान जीआरपी थाना प्रभारी रुद्र प्रताप सिंह, आरपीएफ व रेलवे स्टाफ मौजूद रहा।

### भीम आर्मी के पदाधिकारी को किया हाउस अरेस्ट

**संभल, अमृत विचार :** भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन के पूर्व जिला संयोजक एडवोकेट आदर्श कुमार नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के आदेश पर प्राथमिक विद्यालयों के विलय के फैसले के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपने की तैयारी कर रहे थे। इसकी जानकारी होने पर पुलिस ने बुधवार को देर रात उन्हें हाउस अरेस्ट करते हुए रोक लिया। आदर्श ने कहा कि जल्द ही डीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। भीम आर्मी गांव के गरीब बच्चों के भविष्य के लिए विलय होने वाले विद्यालयों को बचाकर रहेगी।

# कांवड़ यात्रा के बाद होगा चंदौसी चौराहा चौड़ीकरण

- एक्सईएन पीडब्ल्यूडी बोले- शासन से मांगा गया है बजट

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** संभल में चंदौसी चौराहा चौड़ीकरण को लेकर चल रही तैयारी के बीच कांवड़ यात्रा आ रही है। ऐसे में अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा के बाद काम में तेजी लाने का फैसला लिया है।

प्रशासन ने चंदौसी चौराहा चौड़ीकरण के लिए मई महीने से तैयारी की गई थी। इसके लिए दुकानों, पुलिस चेक पोस्ट, यातायात पुलिस चौकी, शौचालय और प्याऊ तक का अतिक्रमण हटाया गया। बिजली की लाइन और ट्रांसफार्मर हटवाने के लिए बिजली विभाग ने प्रस्ताव तैयार किया और पीडब्ल्यूडीसे बजट मांगा। जून महीने में कार्य चलता रहा। कई दिनों से कार्य सुस्त है। इस बीच कांवड़ यात्रा के बाद ही चौड़ीकरण कार्य को तेज करने की बात कही जा रही है। एक्सईएन पीडब्ल्यूडी सुनील प्रकाश ने कहा कि चंदौसी चौराहा चौड़ीकरण के लिए बिजली लाइन और ट्रांसफार्मर को शिफ्ट किए जाने के लिए शासन से बजट मांगा गया है। बजट आ भी जाएगा तो अभी कार्य नहीं हो सकेगा। यह फैसला कांवड़ यात्रा के मद्देनजर एहतियातन लिया गया है। हालांकि थोड़ा बहुत कार्य किया जाता रहेगा।

## आसपा ने सीबीआई जांच की मांग की

**संभल, अमृत विचार :** आजाद समाज पार्टी काशीराम के कार्यकर्ताओं ने स्कूलों को बंद किए जाने का विरोध किया। कौशाम्बी और प्रयागराज में हुई घटनाओं की सीबीआई जांच की मांग को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा।

कहा कि विद्यालयों को विलय करके बंद करना शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत कमजोर वर्गों की शिक्षा और आर्थिक हितों की सुरक्षा के प्रावधानों का उल्लंघन है। कौशाम्बी में 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए। प्रयागराज में व्यक्ति को जिंदा जलाकर देने की घटना में परिवार को न्याय मिले। जिलाध्यक्ष शहजाद खां, अर्जुन सिंह, सर्वेश कुमार, सुरेंद्र गौतम, रामरहीस, नौबत सिंह आदि रहे।

# स्कूलों के विलय का शिक्षकों ने किया विरोध

- विधायक राम खिलाड़ी सिंह को ज्ञापन दिया
- 8 को बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे शिक्षक

संवाददाता, बबराला

**अमृत विचार:** शिक्षकों ने बैठक कर परिषदीय विद्यालयों के विलय का विरोध जताया। विधायक को ज्ञापन सौंपा। शिक्षक 8 जुलाई को बीएसए कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले गुन्नौर, रजपुरा और जुनावई ब्लॉक के शिक्षकों ने विधायक राम खिलाड़ी सिंह को ज्ञापन सौंपा। शिक्षक संघ ब्लॉक गुन्नौर के अध्यक्ष सुभाष यादव ने कहा कि कम छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालय एवं 100 से कम छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों को प्रधानाध्यापक विहीन करते हुए हजारों प्रधानाध्यापकों को सरप्लस घोषित कर दिया गया है। मर्जर प्रक्रिया से छात्रों से विद्यालय की दूरी अधिक होगी। हजारों रसोइयों की सेवा समाप्त हो जाएगी। नौनिहालों की शिक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

जुनावई ब्लॉक अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि 6 जुलाई को 1 बजे से एक्स पर हैशटैग अभियान चला कर जन जागरण किया जाएगा। 8 जुलाई को बहजोई में बीएसए कार्यालय पर धरना देकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। लायक सिंह, पंकज गुप्ता, वीर सिंह, श्री पाल, सतीश चन्द्र यादव, आलोक कुमार, चंद्रपाल सिंह, रनवीर सिंह, मुकेश कुमार, गौरव शर्मा और रवि शुक्ला आदि मौजूद रहे।



बबराला में विधायक रामखिलाड़ी यादव को ज्ञापन देते शिक्षक। • अमृत विचार

**अदालत से** — हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज की, जिसे स्थानीय न्यायालय में दाखिल किया

# जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर मामले की सुनवाई 21 को

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** संभल की जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले को लेकर जिला न्यायालय स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन में वाद की सुनवाई हुई। न्यायालय ने अब 21 जुलाई की तिथि नियत की है। इस दौरानसुरक्षा की दृष्टि से न्यायालय के बाहर भारी पुलिस बल मौजूद रहे। तलाशी लेने के बाद ही वादकारियों को न्यायालय में प्रवेश दिया गया।

जिला न्यायालय में सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह की कोर्ट में गुरुवार को जामा मस्जिद बनाम हरिहर मंदिर मामले की सुनवाई हुई। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता श्रीगोपाल शर्मा ने बताया कि मुस्लिम पक्ष ने हाईकोर्ट में जो रिट दाखिल की थी उसे कोर्ट ने खारिज किया था। अब उसे सिविल कोर्ट में दाखिल किया गया है। न्यायालय से हमने कहा कि विपक्षी को लिखित जवाब देने के लिए जो समय दिया था, वह समाप्त हो चुका है और याचिका खारिज करने की मांग की। जामा मास्जिद के अधिवक्ता कासिम जमाल ने कहा कि हाईकोर्ट का निर्णय जो आया, उसे दाखिल किया है। आगे जो भी न्यायालय के आदेश होगा वह मान्य होगा। न्यायालय ने सुनवाई की अगली तिथि 21 जुलाई नीयत की है।



कोर्ट के बाहर पुलिस बल के साथ सीओ अनुज चौधरी। • अमृत विचार

#### जामा मस्जिद में नमाज पढ़ने पर रोक को याचिका दाखिल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** संभल की शाही जामा मस्जिद में नमाज पढ़ने पर रोक लगाने की मांग की याचिका कोर्ट में दाखिल की गई है। अदालत ने इस पर सुनवाई के लिए 21 जुलाई की तारीख तय की है। यह याचिका हिंदू शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन गुप्ता ने दायर की है। गुरुवार को सिमरन गुप्ता ने सिविल जज सीनियर डिवीजन न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल किया। न्यायालय ने प्रार्थना पत्र तो स्वीकार कर लिया मगर कोई आदेश नहीं दिया। अगली सुनवाई 21 जुलाई को तय की। सिमरन ने बताया कि जब तक उक्त स्थान की ऐतिहासिक स्थिति स्पष्ट नहीं होती, तब तक कोई धार्मिक गतिविधि नहीं होनी चाहिए। इसलिए जामा मस्जिद को तत्काल सील करने की मांग भी की गई है। साथ ही इसे जिलाधिकारी की निगरानी में रखने की अपील की गई है।

### अमरनाथ दर्शन को गए श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बाबा अमरनाथ के दर्शन के लिए आवास विकास कॉलोनी से 28 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हुआ। उक्त जत्थे को शिव शक्ति जन सेवा संस्था द्वारा अमरनाथ ले जाया गया है। जत्थे में जाने वाले श्रद्धालुओं को फूलमाला व तिलक करके रवाना किया गया। अमरनाथ जाने वालों में गौरव, गुड्डू, योगेश कुमार, मुकुल गोयल, मनीष अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, रचित अग्रवाल, सुप्रीति गुप्ता, आयुष गुप्ता, रोहित गुप्ता, अमित प्रकाश, भावना, शुभम तिवारी आदि शामिल हैं।

### चेयरमैन ने देखा सफाई कार्य

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** नगर पंचायत सिरसी में मोहर्रम की सातवीं तारीख को जुलूस, मेहंदी के कार्यक्रम को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष कौसर अब्बास ने साफ सफाई के काम देखा। गंदगी नजर आने पर सफाई कराई। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में बेहतर साफ सफाई रहनी चाहिए।

# सिरसी में गमगीन माहौल में निकले जुलूस, मजलिसें आयोजित हुई

- सिरसी में मोहर्रम की सातवीं तारीख को मजलिसो-मातम का सिलसिला तेज

संवाददाता, सिरसी

**अमृत विचार :** नगर पंचायत सिरसी में मोहर्रम की सातवीं तारीख को अजाखानों और घरों में मजलिसों मातम, नजरों नियाज का सिलसिला जारी रहा। गमगीन माहौल में कई जुलूस निकले।

मोहर्रम की सातवीं तारीख इमाम हुसैन के भतीजे इमाम हसन के बेटे हजरत कासिम की याद से मंसूब है। उसी की याद में गुरुवार को मेहंदी के फूल घरों और अजाखानो में रखे गए। शाम को इमाम बारगाह माकूफा में मजलिसे अजा शुरू हुई जिसमें मर्सिया नसीमुल हसन ने पढ़ा। मजलिस को जाकिर ए एहलेबैत मारूफ सिरसवी ने खिताब किया। मजलिस के बाद शबीहे जुलजुनाह कासिम निकाला किया। जिसमें मुकामी अंजुमनों ने नौहाख्वानी पढ़ी। देर रात जमाए इमाम मेहंदी में मजलिसे अजा हुई। जिसमें मर्सियाख्वानी वाकर मेहंदी पढ़ी। मजलिस को जाकिर ए एहलेबैत फहीम असगर ने खिताब किया। जुलूस इमाम बारगाह सादात में जाकर संपन्न हुआ। अजादारों ने रातभर जग कर अजादारी की।



सिरसी में मातमी जुलूस निकालते शिया समुदाय के लोग। • अमृत विचार

अनर्थमर्थंत : पश्यत्रर्थं चैवाप्यनर्थत : ।
इन्द्रियैरजितैर्बाल : सुदु :खं मन्यते सुखम् ॥

अज्ञानी लोग इंद्रिय –सुख को ही श्रेष्ठ समझकर आनंदित होते है। इस प्रकार के अनर्थ को अर्थ और अर्थ को अनर्थ कर देते हैं ,और अनायास ही नाश के मार्ग पर चल पड़ते हैं।

## संपादकीय

# शहरी परिवर्तन की चुनौती

देश के शहर तेजी से बदल रहे हैं और विकास कर रहे हैं, जिससे नए अवसर और चुनौतियां दोनों पैदा हो रही हैं। शहरी आबादी तेजी से बढ़ रही है। अभी देश की 35 प्रतिशत से अधिक आबादी शहरों में रहती है और अनुमान है कि 2050 तक 50 प्रतिशत आबादी शहरों में रहने लगेगी। शहरी आबादी में उछाल आर्थिक विकास और वैश्विक प्रासंगिकता के लिए अवसर लेकर आता है लेकिन यह बुनियादी ढांचे, वित्त और संस्थागत ढांचे पर गंभीर दबाव भी डालता है। साफ है कि शहरों को अधिक लोगों को समायोजित करने के लिए बुनियादी ढांचे और सेवाओं का विस्तार करने की आवश्यकता है। विश्व बैंक का यह भी कहना है कि 2047 तक आवश्यक शहरी बुनियादी ढांचे का लगभग 70 प्रतिशत अभी बनाया जाना है। तत्काल वित्तीय, प्रशासनिक और शासन सुधारों के बिना, शहर भीड़भाड़, असमानता और जलवायु जोखिम के केंद्र बन सकते हैं। शहरीकरण पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है जैसे कि वायु और जल प्रदूषण।

विश्व बैंक की एक रिपोर्ट का अनुमान है कि भारत को अपने शहरी बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा करने के लिए 2036 तक 70 लाख करोड़ रुपये की भारी रकम की जरूरत होगी जो वर्तमान निवेश क्षमताओं से कहीं अधिक है। केंद्र सरकार शहरीकरण की चुनौतियों का समाधान करने और इसके लाभों को प्राप्त करने के लिए कई पहल कर रही है। अमृत योजना शहरों में बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित है। स्मार्ट सिटी मिशन शहरों को आधुनिक बनाने और उन्हें अधिक कुशल बनाने पर केंद्रित है। सरकार शहरी गरीबों के लिए किफायती आवास प्रदान करने के लिए भी काम कर रही है। उच्च-आय वाला देश बनने के लिए हम जिस तरह की आर्थिक वृद्धि चाह रहे हैं, उसे तभी हासिल किया जा सकता है, जब हमारे शहरों की योजना कुछ इस तरह बनाई जाए कि उनकी अधिकतम क्षमता पर काम किया जा सके। इसके लिए हमें शहरी इलाकों में रहने वाले हाशिये के समुदायों पर भी निवेश करना होगा ताकि वे आर्थिक लाभ से वंचित न रह जाएं। अगर इसे अच्छी तरह से प्रबंधित किया जाए, तो शहरी परिवर्तन आर्थिक समृद्धि और सामाजिक समावेश की अगली लहर को शक्ति प्रदान कर सकता है। योजना बनाने, निवेश करने और सुधार करने का समय अभी है ताकि कल का भारत लचीले, समावेशी और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी शहरों में बसा हो। वास्तव में शहरी परिवर्तन एक सतत प्रक्रिया है और भारत को एक समावेशी, समृद्ध और टिकाऊ शहरी भविष्य बनाने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।

# कृत्रिम मेधा एवं विवेक के रणनीतिक लाभ



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

दस साल में भारत ने निगरानी टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में तरक्की की है और अब क्वांटम कंप्यूटिंग मॉडलिंग के जरिए से भी भारत के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अनेक अनुसंधान संस्थानों और संलग्न प्रोजेक्ट्स कोऑर्डिनेटर्स ऐसी प्रणालियां विकसित करने में लगे हैं जो हमें कनफ्लिक्ट प्रिवेंशन और संघर्ष प्रबंधन (कांफिल्क्ट मैनेजमेंट) में एक नई दृष्टि दे सकते हैं।

पड़ोसी देशों में से एक नए अशांत देश के रूप में बांग्लादेश और युद्धप्रिय या बेलिग्रेंट राष्ट्रों के रूप में पाकिस्तान एवं चीन की भारत में पहचान बन गई है। ऐसे में अपनी ज्योग्राफिक सीमाओं पर एक नए उन्नत निगरानी तंत्र, पेट्रोलिंग और कनफ्लिक्ट प्रिडिक्शन के रूप में हमें नए सिरे से तैयारी करने की जरूरत है।

दस साल में भारत ने निगरानी टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में तरक्की की है और अब क्वांटम कंप्यूटिंग मॉडलिंग के जरिए से भी भारत के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत अनेक अनुसंधान संस्थानों और संलग्न प्रोजेक्ट्स कोऑर्डिनेटर्स ऐसी प्रणालियां विकसित करने में लगे हैं जो हमें कनफ्लिक्ट प्रिवेंशन और संघर्ष प्रबंधन (कांफिल्क्ट मैनेजमेंट) में एक नई दृष्टि दे सकते हैं। भविष्य के युद्ध परिदृश्य कैसे बदल सकते हैं इसकी एक झलक हमें हालिया ऑपरेशन सिन्दूर और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को ध्वस्त करने के इजराइल, अमरीका के संयुक्त प्रयास से मिलती है।

कनफ्लिक्ट प्रिवेंशन और कांफिल्क्ट मैनेजमेंट की मॉडलिंग के मामले में भारत अभी किस स्तर पर हो सकता है यह अत्यंत गोपनीय हो सकता है, लेकिन इस बाबत वैश्विक ओपन डोमेन साहित्य से उपलब्ध जानकारी अहम् है जिससे मालूम होता है कि मैथमेटिकल मॉडलिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप निर्माण प्रणालियों एवं बौद्धिक प्रतिभा की उपलब्धता के चलते भारत इसमें पीछे तो नहीं ही रह सकता। प्रतिरक्षा के दबावों के चलते भारत के प्रतिभावान मिलिट्री प्लानर्स इस क्षेत्र में कितना काम कर पाएंगे, यह अगली झड़प के दौरान प्रदर्शित हो सकता है। दो देशों के बीच कनफ्लिक्ट अब अप्रत्यक्ष या परोक्ष एवं, टेक्नोलॉजी लोडेड हो चुका है। परोक्ष युद्ध की पद्धतियों पर पश्चिमी देश और चीन तेज़ी से काम कर रहे हैं। इसके लिए न केवल काल्पनिक रूप से संघर्ष के लिए कत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)से डाटा एकत्र किया जा रहा है जो उन्नत विडियो गेम्स सरीखा हो सकता है बल्कि वास्तविक कनफ्लिक्ट के दौरान इकट्ठा किया गया डाटा भी इसमें फीड करते हुए निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं।

वास्तविक डाटा से मतलब है ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान फाइटर जेट्स की पूरी कार्रवाई, बॉम्बिंग पैटर्न, जीपीएस पोजीशनिंग। इन-फ्लाइट कंप्यूटिंग एंड गाइडेंस, मिसाइल ट्रेजेक्ट्रीज और वार-हेड इम्पैक्ट्स काइलेक्ट्रॉनिक्स डाटा आकलन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। दो देशों के बीच न केवल संभावित कनफ्लिक्ट या संभावित परिदृश्य पर काम हो रहा है, बल्कि देश में राजनैतिक और अत्यंत जोखिमपूर्ण जातीय संघर्षों, गृह-युद्ध जैसे हालातों और राजनैतिक हिंसा को रोकने की मॉडलिंग पर भी काम हो रहा है। संघर्ष की पूर्व चेतावनी का उद्देश्य राजनीतिक हिंसा के विभिन्न रूपों की शुरुआत अवधि, तीव्रता और प्रभावों को कम करने के लिए कार्रवाई की पहचान करना और उसे शुरू करना है। बीसवीं शताब्दी में व्यापक संघर्ष रोकथाम के लिए राष्ट्रों की प्रतिबद्धता सार्वभौमिक रूप से साझा नहीं की गई थी, संघर्ष की रोकथाम की अवधारणा और विस्तार से संघर्ष की पूर्व चेतावनी ने पिछले 30 वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में प्रमुखता हासिल कर ली है। मित्र देश जैसे कि नाटो जरूरत के वक्त डाटा साझा करते हैं।

> इस मामले में विशेषज्ञों का मानना है कि विडियो गेम्स बनाने वालों और खेल में जीतने वालों का मस्तिष्क विवेकपूर्ण निर्णय कैसे लेता है और किस प्रकार से इनके मस्तिष्क के न्युरोंस एक खास पैटर्न बनाकर कर प्रशिक्षित होते हैं, इसका फिर से अध्ययन किए जाने की जरूरत महसूस हो रही है।

कंप्यूटिंग में प्रगति के साथ इस बढ़ती हुई भागीदारी ने तेजी से परिष्कृत लौकिक और स्थानिक आयामों के साथ उन्नत पूर्व चेतावनी तंत्र में निवेश को बढ़ावा दिया है। फिर भी, संघर्ष की रोकथाम और संघर्ष की पूर्व चेतावनी का व्यावहारिक संचालन कई कारणों से इसके सैद्धांतिक विकास से पीछे है। इनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, पूर्व चेतावनी आकलन में सीमायें, वास्तविक समय के डेटा की सीमित उपलब्धता, कवरेज, गुणवत्ता और सत्यापन के अलावा संघर्ष प्रक्रियाओं में निहित अंतर्जातता (एंडोजेनिटी) से उभरने वाली जटिल मॉडलिंग चुनौतियां और, सबसे ऊपर, संगठित हिंसा के बढ़ते जोखिमों के मजबूत और सम्मोहक सबूतों पर कार्रवाई करने के लिए लड़ने वालों के बीच राजनीतिक इच्छाशक्ति की अंतर्निहित कमी शामिल है।

इन चुनौतियों के बावजूद, मशीन लर्निंग, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित उन्नत डेटा संग्रह और विश्लेषण तकनीकों में निवेश प्रारंभिक चेतावनी और प्रतिक्रिया के अभ्यास को बहुत प्रभावित करता है। इस प्रक्रिया को अपनाते हुए जो मॉडलिंग की गई है उससे नयी अंतर्दृष्टि बेशक उपजी है परन्तु इनमें से कई प्रणालियां अभी तक अपेक्षाओं पर खरी क्यों नहीं उतर पाई हैं। इसे ही समझ कर अब कारगर हल ढूंढे जा रहे हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि किसी भी प्रकार की मॉडलिंग और सांख्यिकीय विश्लेषण किया जाए, मनुष्य के विवेक और त्वरित बुद्धि के बिना सफलता नहीं मिलेगी। ऑपरेशन सिन्दूर का उदाहरण सामने है जिस दौरान प्रथम दिन की स्ट्राइक के बाद भारत के मिलिट्री प्लानर्स और सिविलियन एक्सपर्ट ने मिल कर एक ही दिन में स्ट्रेटेजी को बदल कर विवेक से काम लिया तभी स्ट्राइक्स कामयाब हुई थीं। विशेषज्ञों और स्ट्रेटेजिक प्लानर्स का मानना है कि सामरिक रूप से प्रशिक्षित कृत्रिम मेधा के भरोसे से युद्ध नहीं जीते जा सकते। विवेकपूर्ण निर्णयों के लिए स्ट्राइक प्लानर्स को भी प्रशिक्षित होने की जरूरत होगी और इसके लिए वास्तविक संघर्षों और युद्धों से जुटाए गए डाटा की शेयरिंग के अलावा और कोई दूसरा रास्ता नहीं है।

इस मामले में विशेषज्ञों का मानना है कि विडियो गेम्स बनाने वालों और खेल में जीतने वालों का मस्तिष्क विवेकपूर्ण निर्णय कैसे लेता है और किस प्रकार से इनके मस्तिष्क के न्युरोंस एक ख़ास पैटर्न बनाकर कर प्रशिक्षित होते हैं, इसका फिर से अध्ययन किए जाने की जरूरत महसूस हो रही है। ज्ञातव्य है कि सर्वाधिक संख्या और विविधता वाली वार सिचुएशन्स से संबंधित विडियो गेम्स बनाने में इस समय चीन ही सर्वोपरि है। गूगल प्ले स्टोर पर और माइक्रोसॉफ्ट की साईट पर ऐसी सैंकड़ों एप्लीकेशन्स उपलब्ध हैं।

वास्तविक युद्धों के बारे में पिछले बीस साल का सबसे अधिक डाटा इस समय अमरीका के पास है। अमरीका के डिपार्टमेंट ऑफ़ डिफेंस में जलसेना द्वारा संचालित इर्रेगुलर वारफेयर सेंटर (आईडब्ल्यूसी) द्वारा पब्लिक डोमेन में जो जानकारी उपलब्ध कराई है उससे इसमें काम करने वालों की अंतर्दृष्टि की बाबत काफी मालूमात सेंटर द्वारा प्रकाशित बुलेटिन के अध्ययन से हासिल होती है। इस सेंटर में रिसर्च और एप्लीकेशन्स विकसित करने और इनकी फील्ड-टेस्टिंग करने तक की दक्षता हासिल करने की क्षमता है जैसे कि आईडब्ल्यूसी योद्धाओं को संघर्ष के विभिन्न क्षेत्रों में अनियमित युद्ध करने के लिए तैयार करता है। इसके लिए अगली पीढ़ी की तकनीकों और अवधारणाओं का उपयोग करके अनियमित युद्ध या संघर्ष को संचालित करने के लिए निर्देश भी प्रदान करता है, जो बल की मारक क्षमता को बढ़ाता है और संयुक्त राज्य अमेरिका और प्रमुख सहयोगियों और भागीदारों को खतरे से आगाह करने के लिए तैयार करता है। पारंपरिक युद्ध शक्ति को मजबूत आई आईडब्ल्यूसी पद्धतियों के साथ जोड़कर रणनीतिक मानसिकता को बदलने के लिए उक्त काम किया जा रहा है। देखना है कि भारत आई आईडब्ल्यूसी के कामकाज के मद्देनज़र अपने यहां इर्रेगुलर वारफेयर के लिए क्या एक पृथक और डेडिकेटेड रेजिमेंट बना चुका है और इन्हें मॉडलिंग और टेस्टिंग की सुविधाएं हासिल हैं?

इर्रेगुलर वारफेयर सेंटर द्वारा प्रकाशित पत्रिका प्रौद्योगिकी सेवाओं के प्रमुख हैंक हन्ना ने जनवरी 2025 के खंड 3, अंक 1, में जो लेख द इमर्जिंग पोटेंशियल फॉर क्वांटम कंप्यूटिंग इन इर्रेगुलर वारफेयर शीर्षक से दिया है उसके जरिए से क्वांटम कंप्यूटिंग कम्प्यूटेशनल तकनीक में एक प्रतिमान बदलाव की संभावना व्यक्त हुई है, जिससे उन्नत देशों के अलावा भारत भी राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा-उद्योगों में बड़ा बदलाव ला सकता है।

## प्रसंगवश

# भूस्खलन और बाढ़ से बचाव के लिए सतर्कता बरतना जरूरी

पहाड़ों पर बादलों ने तबाही मचा रखी है तो मैदानों में भी हाल बुरा है। केरल और झारखंड में भी बारिश ने कहर बरपाया है और इससे आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण बाढ़ की समस्या पैदा हो गई है तथा भूस्खलन के कारण अनेक रास्ते बंद हो चुके हैं।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि इन दिनों मानसून लगभग-लगभग पूरे देश को कवर कर चुका है। पिछले एक हफ्ते से लगातार बारिश की वजह से कई राज्यों में बाढ़ जैसे हालात बन गए है। मौसम विभाग (आइएमडी) ने आधिकारिक तौर पर पूरे देश में मानसून के सक्रिय होने की घोषणा कर दी -जो कि इसकी सामान्य तिथि से पहले है। सच तो यह है कि उत्तर से लेकर दक्षिण और पहाड़ से लेकर मैदान तक भारी बारिश के बीच हर ओर उफनते सैलाब की तस्वीरें आ रही हैं। देश के कई प्रमुख शहरों में सड़कें पानी से लबालब भरी हैं, रास्ते जाम हो गए हैं तथा पहाड़ों में बादल फटने और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। कहना गलत नहीं होगा कि भूस्खलन और बाढ़ से जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग ने जुलाई और अगस्त में और अधिक बारिश का अनुमान जताया है, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

पिछले कुछ सालों से देश ही नहीं पूरे विश्व में जलवायु परिवर्तन एक कटु यथार्थ है। यह सब कहीं न कहीं मानवीय गतिविधियों का ही परिणाम है कि आज हम सभी जलवायु परिवर्तनों का लगातार सामना कर रहे हैं। यह ठीक है कि मानव बारिश को तो नहीं रोक सकता है लेकिन तबाही को समय रहते एहतियात बरतकर रोका जा सकता है अथवा काफी हद तक कम किया जा सकता है। आधुनिक तकनीक और उपकरणों का इस्तेमाल करके इसे कम किया जा सकता है। लेकिन प्रशासन व आम आदमी तब चेतता है,जब तक बहुत देर हो चुकी होती है। बाढ़ व भूस्खलन से निपटने के लिए समय रहते राहत और बचाव कार्य का प्रशिक्षण दिया जाना भी बहुत जरूरी है। वास्तव में कहना गलत नहीं होगा कि बाढ़ और भूस्खलन से बचाव के लिए, सबसे महत्वपूर्ण है कि हमें इन प्राकृतिक आपदाओं के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है और उनसे बचने के लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है। बाढ़ से बचाव के लिए हमें बाढ़ प्रणव क्षेत्रों में ऊंचे स्थानों पर रहना चाहिए। आपातकालीन किट जैसे कि सूखा भोजन, पानी, दवाएं, टॉर्च, रेडियो और अन्य आवश्यक चीजें हमारे पास मौजूद होनी चाहिए। इतना ही नहीं हमें अपने परिवार के सभी सदस्यों को निकटतम आश्रय/पक्के मकान तक जाने वाले सुरक्षित मार्गों की जानकारी होनी चाहिए तथा बारिश के दौरान समय-समय पर स्थानीय अधिकारियों से संपर्क बनाए रखना बहुत ही महत्वपूर्ण और आवश्यक है। बाढ़ की चेतावनी और सलाह के लिए स्थानीय रेडियो/टीवी सुनना चाहिए अथवा अखबार आदि पढ़ना चाहिए। बाढ़ के समय बहते पानी, बिजली के तारों से, सांपों आदि से सावधान रहना चाहिए। वहीं पर भूस्खलन (लैंडस्लाइड) से बचाव के लिए हमें यह चाहिए कि हम नालों में कूड़ा-कचरा, पत्ते, प्लास्टिक की थैलियां, मलबा आदि न जमा होने दें और नालों को अच्छी तरह से साफ और स्वच्छ रखें। घरों, दुकानों,रहवास आदि को भूकंप-रोधी बनाया जाना चाहिए ताकि भूस्खलन के समय कम नुकसान हो अथवा नुकसान हो ही नहीं। अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, ताकि उनकी जड़ें मिट्टी को पकड़ सकें। इतना ही नहीं,खतरे वाले क्षेत्रों से बचना चाहिए। अचानक बाढ़ या भूस्खलन के जोखिम वाले क्षेत्रों से दूर रहना चाहिए। भूस्खलन से सुरक्षा के लिए हमें यह चाहिए कि हम भूस्खलन के विभिन्न संकेतों जैसे कि दरारों, चट्टानों के गिरने, पेड़ों के टूटने या जमीन में पड़ने वाली दरारों पर विशेष ध्यान दें और भूस्खलन के रास्तों से हमेशा स्वयं को और पशुओं को दूर रखें। भूस्खलन के बाद, हमें यह चाहिए कि हम तुरंत किसी सुरक्षित स्थान पर चले जाएं। इसके साथ ही भूस्खलन के बारे में तुरंत स्थानीय अधिकारियों को सूचित करना चाहिए ताकि बचाव कार्य किए जा सकें। याद रखें कि हमारी सतर्कता और जागरूकता से बहुत कुछ संभव हो सकता है।

# ग्लोबल साउथ में चीन की चाल

ग्लोबल साउथ के देशों के साथ भारत के संबंधों को नया आयाम देने, मित्रता को मजबूत करने और अटलांटिक के दोनों किनारों पर देश की साझेदारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों की यात्रा पर हैं। उनकी इस यात्रा से ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ़्रीका देशों के संगठन (ब्रिक्स), अफ्रीकी संघ, पश्चिम अफ्रीकी देशों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) और कैरेबियाई समुदाय (कैरिकॉम) जैसे बहुपक्षीय मंचों के साथ जुड़ाव भी मजबूत होगा। भारत की कूटनीतिक मोर्चे पर लगातार उपलब्धियों के बीच ही हमारे पड़ोसी देशों की गतिविधियां ऐसी हैं जिन्हें भारत को क्षेत्रीय स्तर पर अलग-थलग करने की कोशिश के तौर पर देखा जा सकता है। सार्क के विकल्प का विचार गति पकड़ रहा है। ऐसे में भारत को अपनी क्षेत्रीय शक्ति की रक्षा के लिए नवाचार करने चाहिए।

दक्षिण एशिया की बात की जाए तो चीन अब भारत के खिलाफ एक बड़ा कदम उठाने जा रहा है। यह कदम है- चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश का एकसाथ मिलकर भारत के खिलाफ 'साका' नाम से नया दक्षिण एशियाई संगठन बनाने का। खबर है कि पाकिस्तान और चीन सार्क यानी दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन की जगह दूसरा क्षेत्रीय ब्लॉक साउथ एशिया-चीन एलायन्स यानी एसएसीए का गठन कर रहे हैं। इस मामले में इस्लामाबाद और बीजिंग के बीच बातचीत एडवांस स्टेज पर बताई जाती है। हुई थी।

गौरतलब है कि भारत दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन (सार्क) का संस्थापक और प्रमुख सदस्य है लेकिन पाकिस्तान की नापाक हरकतों की वजह से नई दिल्ली ने इस संगठन से अभी दूरी बना रखी है। उरी आतंकी हमले के बाद से भारत ने सार्क बैठकों को निलंबित कर रखा है।



प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

> राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह नया बहुपक्षीय मंच भारत के प्रभुत्व को दरकिनार कर देता है तो बीजिंग और इस्लामाबाद को क्षेत्र में कुछ राजनयिक लाभ हासिल करने की अनुमति दे सकता है।

2014 में काठमांडू शिखर सम्मेलन हुआ था। इसके बाद से सार्क की बैठक नहीं हुई है। भारत द्वारा अब सार्क की जगह बिम्सटेक को बढ़ावा देने से पाकिस्तान का परेशान होना स्वाभाविक है और वह नेपाल के माध्यम से दबाव बनवा रहा है। दूसरी ओर, चीन और पाकिस्तान को बांग्लादेश में भारत विरोधी मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार बनने के बाद नया सहयोगी मिल गया है। कराची के ही एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, 19 जून को कुनमिंग में जो बैठक हुई थी, उसका अंतिम उद्देश्य अन्य दक्षिण एशियाई देशों को, जो सार्क का हिस्सा थे, नए समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित करना था। यह सर्वज्ञात तथ्य है कि चीन की लंबे समय से दक्षिण एशिया में पैर जमाने की गहरी मंशा रही है। दक्षिण एशिया का यह क्षेत्र रणनीतिक और आर्थिक रूप से उसकी आकांक्षाओं के लिए अनुकूल है। दक्षिण एशिया में बीजिंग की बढ़ती भागीदारी उसके बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का हिस्सा है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह नया बहुपक्षीय मंच भारत के प्रभुत्व को दरकिनार कर देता है तो बीजिंग और इस्लामाबाद को क्षेत्र में कुछ राजनयिक लाभ हासिल करने की अनुमति दे सकता है। हालांकि, साका का गठन आसान नहीं होगा। बांग्लादेश द्वारा गठबंधन-निर्माण को आधिकारिक तौर पर खारिज करना उसकी नाजुक स्थिति को दर्शाता है। चीन-पाकिस्तान धुरी का हिस्सा दिखने में बांग्लादेश की अनिच्छा से पता चलता है कि वह अपनी स्वायत्तता और रणनीतिक संतुलन को महत्व देता है। देखा जाए तो ढाका के बीजिंग के साथ आर्थिक संबंध मजबूत हैं और पाकिस्तान के साथ ऐतिहासिक संबंध। भारत के साथ भी बांग्लादेश की राजनीतिक, सांस्कृतिक और आर्थिक निकटता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। यदि श्रीलंका, नेपाल और मालदीव जैसे भारत के पड़ोसी देश चीन के निवेश वादों पर इस गठबंधन में शामिल होने के लिए हामी भरते हैं तो भारत अपने निकटतम पड़ोस में खुद को अलग-थलग पा सकता है।

भारत की अपनी मजबूती का स्पष्ट प्रदर्शन बीजिंग में अभी हाल में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में देखने को मिला है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह द्वारा संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने से भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रति सैद्धांतिक दृष्टिकोण के बारे में एक शक्तिशाली संदेश गया है। यह एक अभूतपूर्व कूटनीतिक क्षण था। इस साहसिक कदम ने पूरे भू-राजनीतिक परिदृश्य में हलचल मचा दी है। यदि यह नया गठबंधन आकार लेता है तो यह एक बड़े भू-राजनीतिक बदलाव का संकेत होगा। एक नए क्षेत्रीय मंच में नेपाल, भूटान और श्रीलंका की भागीदारी दक्षिण एशियाई भू-राजनीति में एक बदलाव का प्रतीक होगी। वक्त बताएगा कि दक्षिण एशिया में सार्क के स्थान पर साका को स्थापित करना बीजिंग के लिए यह अवसर का मंच होगा या इस्लामाबाद के लिए रणनीतिक जाल?

## सोशल फोरम

# अराजकता या जबर का जोर

इस बात को लोग भूल ही गए हैं कि संसार में प्रत्येक समुदाय में सामाजिक आचरण व्यवहार का एक संविधान होता है और उसके अनुच्छेदों को जीवन मूल्य कहा जाता है। सामाजिक परिवेश में दांपत्य संबंध की बात हो अथवा पारिवारिक संबंध की बात हो, जातिगत और मजहबी परिदृश्य हो अथवा आर्थिक पक्ष की बात हो, एक अराजकता का दृश्य दिख रहा है। नारी सशक्तीकरण की बात इतनी होती हैं किंतु सामूहिक बलात्कार लगभग प्रतिदिन के समाचार बन चुके हैं।

> नवविवाहिता ने अपने पति का ही कल्याण कर दिया। एक के बाद दूसरे और तीसरे समाचार आ रहे हैं। विवाह के समाचार ऐसे हैं कि न तो उम्र की मर्यादा रही न खून के रिश्तों का ही कोई सम्मान रहा।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

नवविवाहिता ने अपने पति का ही कल्याण कर दिया। एक के बाद दूसरे और तीसरे समाचार आ रहे हैं। विवाह के समाचार ऐसे हैं कि न तो उम्र की मर्यादा रही न खून के रिश्तों का ही कोई सम्मान रहा। कोई किसी से भी शादी कर लेता है। जब कोई मर्यादा नहीं रही तो उसको विवाह कहना ही गलत है, क्योंकि विवाह एक सामाजिक मूल्य है, उसकी एक मर्यादा है। मूल्य नहीं, मर्यादा नहीं, तो वह केवल यौन संबंध तो है किंतु विवाह नहीं है। विवाह शब्द बहुत पवित्र है, वह तो तप है। वह व्रत है, उसमें संयम भी है और नियम भी।

नेता लोगों के पशुकृत्य नेशनल हाई वे पर हो रहे हैं। एक मुख्यमंत्री सामाजिकता का सूत्र बतला रहा था कि पालागन करो और पैर पकड़ कर भारतमाता की जय कर दो।

आर्थिक पक्ष में ऐसा दृश्य है कि परिवार में ही हत्या हो रही हैं। बैंकों का दोहन खुले आम हो रहा है। यहां तक कि सड़कों पर अराजकता है। जबर का जोर है। वह टक्कर भी मारेगा और फिर जबरदस्ती भी करेगा। जबर हो तो कुछ भी करो।

**–फेसबुक वॉल से**

# युवा शक्ति के प्रेरणापुंज थे स्वामी विवेकानंद

स्वामी विवेकानंद सदैव युवाओं के प्रेरणास्रोत माने जाते रहे हैं, जिन्हें उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है। वे आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि थे और खासकर भारतीय युवाओं के लिए उनसे बढ़कर भारतीय नवजागरण का अग्रदूत अन्य कोई नेता नहीं हो सकता। 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में जन्मे स्वामी विवेकानंद अपने 39 वर्ष के छोटे से जीवनकाल में समूचे विश्व को अपने अलौकिक विचारों की ऐसी बेशकीमती पूंजी सौंप गए, जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक समस्त मानव जाति का मार्गदर्शन करती रहेगी। विवेकानंद का व्यक्तित्व कितना विराट था, यह गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के इस कथन से स्पष्ट हो जाता है कि अगर आप भारत को जानना चाहते हैं तो आप विवेकानंद को पढ़िए। विवेकानंद का कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

युवाओं से स्वामी विवेकानंद कहा करते थे कि एक समय में एक ही काम करो और ऐसा करते समय अपनी पूरी आत्मा उसमें डाल दो, बाकी सब कुछ भूल जाओ। वह कहते थे कि यदि तुम स्वयं को कमजोर सोचते हो तो तुम कमजोर हो जाओगे और यदि खुद को ताकतवर सोचते हो तुम ताकतवर हो जाओगे। दरअसल हम वो हैं, जो हमें हमारी सोच ने बनाया है, इसलिए इस बात का ध्यान रखिए कि तुम क्या सोचते हो। वह कहा करते थे कि शब्द गौण हैं, विचार रहते हैं और वे दूर तक यात्रा करते हैं, इसलिए एक विचार कर लो और उस विचार को ही अपना जीवन बना लो, उसके बारे में सोचो, उसके सपने देखो, उस विचार को जियो। अपने मस्तिष्क, मांसपेशियों, नसों और शरीर के हर हिस्से को उस विचार में डूब जाने दो और बाकी सभी विचार को किनारे रख दो, यही सफल होने का तरीका है। अपने स्वभाव के प्रति सच्चा होना और स्वयं पर विश्वास करने को ही स्वामी जी सबसे बड़ा धर्म बताते हुए कहते थे कि जो तुम सोचते हो, वो हो जाओगे।



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

> युवा शक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रूको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।'

वे एक ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिनकी ओजस्वी वाणी सदैव युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी रही। विवेकानंद ने देश को सुदृढ़ बनाने और विकास पथ पर अग्रसर करने के लिए हमेशा युवा शक्ति पर भरोसा किया। युवा वर्ग से उन्हें बहुत उम्मीदें थीं और युवाओं की अहम् भावना को खत्म करने के उद्देश्य से ही उन्होंने अपने एक भाषण में कहा भी था कि यदि तुम स्वयं ही नेता के रूप में खड़े हो जाओगे तो तुम्हें सहायता देने के लिए कोई भी आगे नहीं बढ़ेगा। इसलिए यदि सफल होना चाहते हो तो सबसे पहले अपने अहम् का नाश कर डालो। उनका कहना था कि मेरी भविष्य की आशाएं युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता, खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

युवा शक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने एक मंत्र दिया था, 'उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत' अर्थात् 'उठो, जागो और तब तक मत रूको, जब तक कि मंजिल प्राप्त न हो जाए।' ऐसा अनमोल मूलमंत्र देने वाले स्वामी विवेकानंद ने सदैव अपने क्रांतिकारी और तेजस्वी विचारों से युवा पीढ़ी को ऊर्जावान बनाने, उसमें नई शक्ति एवं चेतना जागृत करने और सकारात्मकता का संचार करने का कार्य किया। स्वामी विवेकानंद का कहना था कि अधिकांश लोग तो भेड़ों के झुंड के समान हैं। यदि आगे की एक भेड़ गड्ढे में गिरती है तो पीछे की सभी भेड़ें भी उसमें गिरती जाती हैं। इसी प्रकार समाज का मुखिया भी जब कोई बात कहता है तो दूसरे लोग भी उसका अनुकरण करने लगते हैं लेकिन यह नहीं सोचते कि वे कर क्या रहे हैं। जब मनुष्य को ये सांसारिक बातें निस्सार प्रतीत होने लगती हैं, तब वह सोचता है कि वह अपनी वृत्ति के हाथों का खिलौना बन चुका है और उस समय वह चाहता है कि खिलौना बनकर वह उसके बहकावे में न आए क्योंकि यह तो गुलामी है।

11 सितंबर 1893 को शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरूआत उन्होंने 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' के साथ की तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। उन्होंने 1 मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी। 4 जुलाई 1902 को इसी रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए लेकिन उनकी कीर्ति हमेशा जीवंत रहेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# स्कूलों के विलय का विरोध, सड़क पर उतरे कांग्रेसी

## कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, जिलाध्यक्ष बोले, गरीब बच्चों की पढ़ाई के साथ खिलवाड़ कर रही सरकार

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** कम नामांकन वाले प्राइमरी और जूनियर स्कूलों के विलय के फैसले के खिलाफ कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट पर कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। कांग्रेसियों ने कहा कि स्कूलों को मर्ज करना योगी सरकार का आत्मघाती कदम है। छात्र छात्राओं के हितों के लिए कांग्रेसी आंदोलन करेंगे।

गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता डीएम कार्यालय पर पहुंचे। यहां सरकार द्वारा स्कूल विलय करने के मामले में विरोध प्रदर्शन किया। फैसले को वापस लेने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा। ज्ञापन में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को विलय करने का फैसला लिया है। योगी सरकार


विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

युवाओं, छात्रों और बेरोजगारों के प्रति पूरी तरह उदासीन है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह फैसला बच्चों की शिक्षा पर सीधा वार करने वाला है। सरकार शिक्षा के मौलिक अधिकार से रीब जनता को वंचित करना चाहती है। बच्चों को दूसरे गांव में जाना पड़ेगा इससे बेटियों की सुरक्षा को भी खतरा उत्पन्न होगा। इतना ही नहीं बड़ी संख्या में रसोइयों की भी नौकरी चली जाएगी। बीएड, बीटीसी की डिग्री लिए युवाओं के शिक्षक बनने के सपने पर भी हमला किया गया है। इस जन विरोधी फैसले को तत्काल वापस ले।

विरोध प्रदर्शन में चौधरी सुखराज सिंह, फैज आलम राईनी, सचिन चौहान, अनवर हुसैन, शाहिद सिद्दीकी, हाजी खुर्शीद अनवर, अली इमाम रिजवी, मयंक गुर्जर, मनोज कटारिया, जीशान अली, मोहसिन अली, मंगल गुर्जर, मेराजुल जफर, समीर खान, ताहिर वसीम, राजपाल सैनी, शेरसिंह जाटव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विद्यालयों के विलय की प्रक्रिया रोकने की मांग



**हसनपुर, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों के विलय करने के निर्णय के विरोध में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल बृहस्पतिवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री/विधायक कांठ कमाल अख्तर से मिला और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्राथमिक और जूनियर स्कूलों के मर्ज किए जाने की योजना के विरोध में गुरुवार को प्राथमिक शिक्षक संघ ने मोर्चा खोल दिया। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने अनुरोध किया कि शासन के द्वारा जल्दबाजी में लिया गया निर्णय बच्चों के हित में नहीं है। इस निर्णय पर विचार किया जाए। गांव के विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं होते अपितु वह ग्राम्य संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं जन चेतना का केंद्र भी होते हैं। विद्यालयों को बंद होने से न केवल शिक्षा का नुकसान हो रहा है, बल्कि प्राचीन समाज की सामाजिक आत्मा भी आहत हो रही है। यह निर्णय भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 ए में लिखित मौलिक अधिकारों का भी स्पष्ट उल्लंघन करता है। वहीं गंगेश्वरी ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर एवं हसनपुर ब्लॉक अध्यक्ष होम पाल सिंह ने संयुक्त रूप से विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी की अनुपस्थिति में उनके पुत्र देवेंद्र खड़गवंशी को ज्ञापन सौंप कर मुख्यमंत्री तक आवाज पहुंचने की मांग की। इरशाद, सोम सिंह, गौरव नागर, मेहताबुद्दीन, देवेंद्र शर्मा, ब्रह्म ज्ञान, विजेंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, सौरभ जिंदल ओमपाल सिंह, प्रकांत त्यागी, दिलीप थोड़ीवाल, बादल चौहान आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## युवक को गोली मारने की अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** टहलने गए युवक को बाइक सवार दो बदमाशों ने गोली मार दी थी। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के गांव कुमराला निवासी योगेश कुमार पुत्र चरनसिंह मंगलवार सुबह मुकदमें की तारीख पर कोर्ट गया था। शाम को तिगरी मार्ग पर टहलने के लिए गया था। इसी दौरान पीछे आए दो बाइक सवार बदमाशों ने योगेश पर फायरिंग कर दी थी।

योगेश के कंधे पर गोली लगने से घायल हो गया था। आरोपी मौके से फरार हो गए थे। फायरिंग की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया था। चिकित्सक ने योगेश की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि इस मामले में हत्या के प्रयास में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सार-संक्षेप

### चेयरमैन ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण



**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने गुरुवार को वार्ड नंबर 20 का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया और उन्हें जल्द से जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया। वार्ड 20 के सभासद व पालिका अध्यक्ष ने वार्ड की विभिन्न समस्याओं को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। सभासद ने उम्मीद जताई कि उनके वार्ड में लंबित पड़े सभी कार्य शीघ्र पूरे होंगे। पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने जनता को विश्वास दिलाया कि नगर पालिका क्षेत्र के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जाएंगे और जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण किया जाएगा। सभासद राहुल सैनी, मुस्तकीम, श्याम आर्य, बदर कुरैशी, शराफत अली, मोहसिन खान और पप्पू सैनी शामिल थे।

### विद्यालय में बच्चों ने किया पौधरोपण



**हसनपुर, अमृत विचार :** एच.एस.एस. पब्लिक स्कूल में "इको-क्लब-मिशन फॉर लाइफ" के तत्वावधान में 'एक पेड़ माँ के नाम' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 200 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। विद्यालय प्रबंधक राजीव अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य अंकुर काशिव ने कार्यक्रम का आरम्भ किया। दिशा, सक्षम, ज़रून, मायज़ा, आरोही, अग्रिम, कनिष्का, राघव, पारांश, मानवी, दिव्यांशी, ख़ुशी, शौर्य, देव राज, ज़ुनैरा आदि इको-क्लब के सदस्यों ने वृक्षारोपण कर अपनी माँ एवं प्रकृति को सम्मान दिया। इको क्लब-इंचार्ज शालिनी अग्रवाल ने निरुपमा चौधरी, कु. पूजा चौहान एवं कु. सिद्धि अग्रवाल के साथ मिलकर बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुए वृक्षारोपण में उनकी सहायता की।

### रोटरी क्लब हसनपुर का नया सत्र आरंभ



**हसनपुर, अमृत विचार :** रोटरी क्लब हसनपुर द्वारा रोटरी नवसत्र 2025-26 के औपचारिक शुभारंभ के उपलक्ष्य में एक भव्य कॉलर एक्सचेंज समारोह का आयोजन किया गया। वरिष्ठ रोटेरियन चंद्रसेन अग्रवाल ने निवर्तमान अध्यक्ष रोटेरियन संतोष अग्रवाल को अध्यक्ष का कॉलर पहनाया। रोटेरियन सत्येंद्र त्यागी ने संतोष अग्रवाल से कॉलर लेकर नए अध्यक्ष रोटेरियन प्रदीप अग्रवाल को पहनाकर अध्यक्ष पद की औपचारिक जिम्मेदारी सौंपी। रोटरी डिस्ट्रिक्ट के रीजनल कोऑर्डिनेटर रोटेरियन अर्पण गुप्ता ने शपथ दिलाई। सचिव के रूप में रोटेरियन अशोक आर्य और कोषाध्यक्ष के रूप में रोटेरियन सागर अग्रवाल ने कार्यभार संभाला। समारोह में प्रमुख रूप से क्लब अध्यक्ष रो0प्रदीप अग्रवाल, क्लब ट्रेनर रोटेरियन अर्पण गुप्ता, सचिव रो0 अशोक आर्य, कोषाध्यक्ष रो0 सागर अग्रवाल, रोटेरियन चंद्रसेन अग्रवाल, रोटेरियन संतोष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### किसानों की समस्याओं का ज्ञापन सौंपा



**अमरोहा, अमृत विचार :** भाकियू शंकर ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम नौगांवा को ज्ञापन सौंपा। समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो 7 जुलाई को कलेक्ट्रेट पर आंदोलन की दी है। गुरुवार को नौगावां सादात में एसडीएम कार्यालय पर भाकियू शंकर का प्रदर्शन हर ज्ञान सिंह की अध्यक्षता, तहसील अध्यक्ष मा नौबहार सिंह चौहान के संचालन में हुआ। जिला संरक्षक चौधरी धर्मवीर सिंह ने चोरियां, तेंदुओं का मुद्दा उठाया। जिला अध्यक्ष नेमपाल सिंह ने किसान क्रेडिट कार्ड, यूरिया व डीएपी के साथ नैनो देने पर रोक की बात कही। तहसील अध्यक्ष रवि पाल सिंह ने अमरोहा विकास प्राधिकरण के गठन की मांग की। प्रदेश सचिव संजय चौहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन विधुत बिलों में बढ़ोत्तरी करने जा रही है जिसका हमारा संगठन भारी विरोध करता है। समय रहते उक्त समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जाता तो संगठन 7 जुलाई दिन सोमवार को कलेक्ट्रेट का घेराव कर प्रदर्शन करेगा। सोनू, सरदार मंजीत सिंह, जगत सिंह चौहान, विक्रम पंवार, ललित, कैप्टन सुरेंद्र सिंह, फौजी देवेंद्र सिंह, राजपाल सिंह, सतीश चौहान, नरेश, चंद्रभान सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगावां सादात थाना क्षेत्र में गुरुवार को बांसखेड़ी मोड़ पर पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। गांव मिलक बादशाहपुर निवासी ब्रह्मपाल सिंह का छोटा बेटा जागेश कुमार चौहान उर्फ मोनूटेलर का काम करता था। गुरुवार की सुबह वह सामान लेने के लिए बाइक से जा रहा था। बाइक खेड़ी के मोड़ से गुजरी तभी सामने से आ रही पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। पिकअप टेलर को रौंदते हुए निकल गई। लोगों ने उसे घेर लिया तो ड्राईवर मौका देखकर फरार हो गया। पुलिस ने मोनू को अस्पताल भेज दिया जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। मोनू की मौत से पत्नी अंजलि और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बच्चों ने रैली निकालकर दिया शिक्षा का संदेश



**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** गुरुवार को क्षेत्र गाव सुनगढ माफी स्थित पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरुकता रैली निकाली गई। प्रधानाध्यापक देवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने गांव की गलियों में रैली निकाली। छात्रों ने हाथों में शिक्षा संबंधी नारे लिखी तख्तियां लीं। आओ स्कूल चलें हम और पढ़ेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। बच्चों ने अभिभावकों से नियमित रूप से स्कूल भेजने की अपील की। प्रधानाध्यापक ने बताया कि नया शैक्षणिक सत्र 2025 का आरंभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों का मूल अधिकार है। सरकारी योजनाओं के तहत बच्चों को नि:शुल्क पुस्तकें, ड्रेस और मध्यान्ह भोजन जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस पहल से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ा है। क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश गया है। ग्रामीणों ने अभियान को सफल बनाने में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया है। रैली में देवेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान युसूफ अली, प्रेम कुमार, संजय सिंह, शिव कुमार, सचिन कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला शिवाजी नगर में नवनिर्मित शिव मंदिर में महादेव और शिव परिवार सहित सभी विग्रह स्वरूप की विधि विधान से पूजा कर शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य रूप से देवेंद्र सिद्धू, नीलम चौधरी, पवन चौधरी, यशपाल चौधरी, सर्वेश शर्मा, जगदीश चौहान, फौजी सुभाष सिंह, राजवीर सिंह, लोकेश सिंह, नीरज त्यागी, चंद्रवीर चौहान, सोनिका, रेखा रानी, ममता रानी, प्रमोद अलुना आदि मौजूद रहे।'

# मोहर्रम: तन्हा सिपाहे शाम जब घिर गया हुसैन....

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** शोहदा-ए-कर्बला की याद में सात मोहर्रम का मातमी जुलूस अजाखाना कटरा गुलाम अली से बरामद हुआ। अंजुमन-ए-तहफ्फुजे अजादारी की तदर्थ कमेटी के तत्वावधान में जुलूस में सबसे आगे ऊंटों का काफिला था। हर तख्त पर ऊंची छतरी का साया था। इसके अलावा जुलूस में चांदी का झूला था जो हजरत इमाम हुसैन के काफिले में उनके छह माह के बेटे हजरत अली असगर की मासूम शहादत की याद ताजा कर रहा था।

रौशन चौकियों को रंगबिरंगी कागज के फूलों से सजाया गया था। अराईश के पीछे शबीहे ताबूत और दुलुदल चल रहे थे। सात मोहर्रम के जुलूस में शामिल दुलदुल पर खुबसूरत चादर, तलवार व तबर लगी थी। हुसैनी बाजा बज रहा था जिसके पीछे अजादाराने हुसैन या हुसैन या हुसैन की सदाएं बुलंद करते चल रहे थे। जुलूस की शुरुआत पर मास्टर तबारक अली व हमनवा ने मरसिया पढ़ा। जुलूस देर शाम अजाखाना कटरा गुलाम अली पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस की समाप्ति के बाद मरसिया...तन्हा सिपाहे शाम जब घिर गया हुसैन


दुलदुल के प्रति श्रद्धा का इजहार करता हिंदू परिवार। ● अमृत विचार


इमामबाड़े में नौबत बजाते नन्हे अजादार। ● अमृत विचार

● **अजाखाना मोहल्ला कटरा गुलाम अली से गमगीन माहौल में बरामद हुआ मातमी जुलूस**

पढ़ा गया। नईम हैदर, वसीम हैदर, सलीम अम्रोहवी ने नौहा खानी।

जिलाधिकारी द्वारा जुलूस अजा के लिए नामित अंजुमन तहफ्फुजे अजादारी की तदर्थ समिति के सदस्य लियाकत अली, जिया एजाज, बाकर रजा नकवी, नदीम नकवी, शेजाद रजा, कासिम जैदी आदि मौजूद थे। संचालन अंजुमन रजाकाराने हुसैनी ने किया। रजाकारान काईद गुलाम सज्जाद, नयाब काईद इमदाद आब्दी, जनरल सेक्रेटरी खुर्शीद हैदर जैदी, मौ तकी, डॉ. चन्दन नकवी, वसीम जैदी, सलीम जैदी, मोहम्मद हैदर, गालिब हुसैनी, शाने मुज्तबा,


जुलूस में बड़ी संख्या में शामिल अजादार। ● अमृत विचार

हुसैनी, कमर रजा सलीम, जाफर रजा, काशिफ जैदी आदि ने किया। हिंदू समाज के लोगों ने अपने परिवार के साथ मोहल्ला मंडी चौब मे जुलूस का स्वागत किया तथा अजादारों को शरबत पिला कर इमाम हुसैन से अपनी अकीदत का इजहार करते हुए नजर कराई और भाईचारे का पैगाम दिया।

## श्री राम कथा में शिव विवाह का प्रसंग सुनाया

**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर क्षेत्र के ग्राम शेखुपुर झकड़ी में स्वामी रामप्रसाद उदासीन समाधि ट्रस्ट के मुख्य प्रबंधक महामंडलेश्वर स्वामी कपिल मुनि महाराज द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं श्री राम कथा के दूसरे दिन भी कथा हुर्द।

कथा व्यास व्यास पंडित छविनाथ दुबे ने शिव विवाह एवं वर्तमान में छिन्न भिन्न पारिवारिक स्थिति का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि पिता राजा दक्ष द्वारा पति भगवान शिव को यज्ञ हेतु निमंत्रण न दिए जाने से क्षुब्ध देवी सती ने अपने आपको यज्ञ वेदी में गिरकर समाप्त कर दिया। जबकि आज कहीं कहीं पति और पत्नी के टूटते रिश्तों के लिए मायके वाले भी जिम्मेदार हैं। इस अवसर पर राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा, राजेंद्र मुनि, सर्वेश ठाकुर, समय सिंह, उमेश कुमार, महिपाल सिंह त्यागी, दीपक महंत, रक्षपाल सिंह, रूप चंद चौहान, देव महंत, सुरेन्द्र दास महंत, ब्रह्मचारी मुनि महाराज आदि मौजूद रहे।

# स्टार्टर व बिजली तार चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** थाना डिडौली पुलिस ने मोटर स्टार्टर चोरी की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किये हुए 2 स्टार्टर व बिजली के तार आदि बरामद किए हैं।

गुरूवार को पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा किया। दरअसल 2 जुलाई को क्षेत्र के गांव जलालपुर ऊमर निवासी आदित्य पुत्र अशोक कुमार के खेत से स्टार्टर चोरी हो गई थी। आदित्य की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि बुधवार की देर रात पुलिस


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

सिवौरा रोड पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने चमन सिंह पुत्र चेतराम सिंह निवासी ग्राम जोजखेडा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किये गये दो स्टार्टर व बिजली के तार कॉपर आदि बरामद हुये हैं।

## वैन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**हसनपुर, अमृत विचार:** वैन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव में रुखालू निवासी गेंदा का बेटा नीतीश गुरुवार को बाइक पर सवार होकर कासमपुर गांव जा रहा था। इस दौरान जैसे ही उसकी बाइक मंगरौली कनैटा लिंक मार्ग पर पहुंची। सामने से आ रही तेज रफ्तार वैन ने सामने से उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने वैन चालक को पकड़ लिया।

# श्री खाटू श्याम महोत्सव, निकाली कलशयात्रा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** श्री खाटू श्याम महोत्सव के उपलक्ष्य में कथावाचक श्री सत्यकाम कृष्णा गौर महाराज के सानिध्य में महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। यात्रा के साथ चल रहे बैंडबाजों से खाटू श्याम के भजनों की धुन गूंजती रहीं। महोत्सव का आयोजन तीन से सात जुलाई तक चलेगा।

नगर के मंडी समिति मार्ग से गुरुवार को कलश यात्रा प्रारंभ हुई और टीचर्स कालोनी स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। कलशयात्रा में महिलाओं के साथ साथ भारी संख्या में खाटू श्याम के भक्तगण शामिल रहे। एक वाहन में सवार कथावाचक श्री सत्यकाम कृष्णा गौर महाराज भक्तों को आशीर्वाद


कलश यात्रा निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार

देते हुए चल रह थे। यात्रा में भगवान शिव शंकर, राधाकृष्ण, हनुमान आदि की सुन्दर झांकियां भी सम्मिलित रहीं। कलश यात्रा का कई स्थानों पर पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। मुख्य यजमान सुशील गुप्ता और राधा गुप्ता रहे। गंगेश्वरी ब्लाक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी, सर्वेश शर्मा, अनिता शर्मा, निधि गुप्ता, ज्योति गुप्ता, अनिल कुमार, प्रमोद शर्मा, राहुल शर्मा, मोहित शर्मा, दीपक, अनिल, चाहत, शिवाय, टीटू, मनोज वर्मा आदि मौजूद रहे।

# मोहर्रम के जुलूस में कर्बला के शहीदों को किया याद

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार:** कर्बला के शहीदों की याद में कस्बे में अलमो का तारीख़ी जुलूस निकाला गया।

कस्बे में सुबह से ही मजलिसो का सिलसिला शुरु हो गया। पहली मजलिस मुजफ्फर अली के मकान पर बरपा की गई फिर रियाजुल हसन के यहां हुई। दिन भर मजालिस जगह जगह बरपा की जाती रहीं।

मजालिसों में हजरत कासिम की शहादत का जिक्र किया गया। 7 मोर्हरम से ही पानी बन्द हुआ तभी से नहरें फरात की शाखा अलक़मा पर यजीदी फौज का पैहरा बैठा दिया गया था। शाम में इमामबाडा पीरजी मुस्तकीम अली मरहूम से अलमों का क़दीमी व तारीखी जुलूस निकाला

● **मजलिसों में हजरत कासिम की शहादत का जिक्र किया गया**

गया जिसमें अजादार काले लिबास पहने नंगे पैर मातम करते हुए चल रहे थे। यह जलूस अपने तय शुदा रास्तों से होता हुआ अज़ाखाना मुजाहिद हुसैन होता हुआ। वहां से इमामबाड़ा अलमदार ए हुसैनी पहुंचा। वहां से इमामबाड़ा फातिमा दक्खन होते हुए हुसैनी चौक पहुंचा। वहां से इमामबाड़ा अब्दुस्सलाम सलाम पर गया। फिर वापस चौक हुसैनी होते हुए इमामबाड़ा पीरजी वाले पर जाकर समाप्त हो गया। जुलूस के दौरान नौहाख्वानी जनाव मौहम्मद अब्बास, सुहैल अब्बास, रियाजुल हसन नवाबुल हसन, हैदर अब्बास, अब्बास, लईक हैदर आदि ने की।


जुलूस निकालते अजादार।

## सात मुहर्रम के जुलूस में गूंजी या हुसैन की सदाएं

**उझारी, अमृत विचार :** सात मुहर्रम का जुलूस अपने रिवायती अंदाज में निकाला गया। जुलूस में लोग नंगे पैर, नंगे सिर चल रहे थे। हाथों में हरे व काले अलम उठाए हुए थे।

उझारी में हर साल की तरह इस साल भी सात मोहर्रम का जुलूस नगर के मोहल्ला सादात स्थित इमामबारगाहे अबू तालिब से प्रारंभ हुआ। यहां से यह जुलूस मर्सियाख्वानी करते हुए हुसैनी चौक, इमामबारगाहे बाबुल हवाईज, चांदनी चौक, भाटों वाला कुआं पहुंच। वहां से नोहाख्वानी और मातम प्रारंभ हो गया। उसके बाद यह जुलूस मैन मार्केट, मदरसा चौक, मौहल्ला देसलान, मोहल्ला कुम्हारान, गोल इमामबाड़ा, हुसैनी चौक होता हुआ इमामबारगाहे बाबुल हवाइज में समाप्त हुआ।

# वाईएमएस डिग्री कॉलेज में किया गया पौधारोपण

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** गुरुवार को नगर के वाईएमएस डिग्री कॉलेज में पौधारोपण किया गया है। प्रबन्धक रियाज अहमद सैफी व प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह द्वारा नीम, जामुन, शीशम, पिलखुन व छायादार आदि विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। प्रबंधक ने बताया कि पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम रहते हैं। इसमें हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल होते हैं। प्राचार्य डॉ. ए.के. सिंह ने बताया कि भारत समेत पूरे विश्व में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति खतरे में

● **नीम, जामुन, शीशम, पिलखुन व छायादार पौधे रोपे गए**


पौधारोपण करते प्रबंधक व प्राचार्य।

हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## एक नजर

### अधिवक्ता से छेड़छाड़ के आरोपी को भेजा जेल

**स्योहारा, अमृत विचार :** महिला अधिवक्ता ने युवक पर छेड़छाड़ और जबरन नंबर देने का आरोप लगा कर तहरीर दी। पुलिस ने रात में ही आरोपी दानिश निवासी हाता पर संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज कर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### पत्नी, बेटों पर मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव टांडा कोठी निवासी वीरपाल सिंह ने आरोप लगाया कि पत्नी दयावती बेवजह परेशान करती है। वह बेटे जितांशु और सौरभ के साथ मिलकर मारपीट करती है। रविवार को शाम वह घर में बैठा था। आरोप है कि घरेलू बात को लेकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध किया तो लाठी डंडों से उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वीरपाल ने जानमाल को खतरा बताते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# 119 किलो पनीर कराया नष्ट, लिए तीन नमूने

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने गवां में एक मकान पर की छापेमारी, 220 रुपये किलो में बेचा जा रहा था पनीर

कार्यालय संवाददाता, संभल



पनीर को नष्ट कराते खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

- कारोबारी नहीं दिखा सका पनीर खरीद का प्रमाण पत्र और कारोबार का लाइसेंस

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के प्रवर्तन दल ने संभल जिले के गवां में छापेमारी करते हुए मिलावट की आशंका में 119 किलो पनीर नष्ट करा दिया। जबकि तीन स्थानों से पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। इस कार्रवाई से मिलावटखोरों में खलबली का माहौल बन गया।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राजेश कुमार के आदेश एवं डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर गुरुवार को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह, खाद्य निरीक्षक संभल सुधीर कुमार और खाद्य निरीक्षक गुन्नौर राजीव कुमार की टीम ने पनीर की गुणवत्ता की जांच के लिए अभियान चलाया। टीम ने गवां में एक मकान के परिसर में खड़े वाहन को चेक किया तो वहां 120 किलो पनीर मिला, जो होटलों तथा दुकानों पर बिक्री के लिए रखा हुआ था। जांच के दौरान टीम को पनीर की गुणवत्ता पर संदेह हुआ। इसके बाद मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने पनीर का नमूना लेने की कार्रवाई की।

कारोबारी विमल कुमार ने बताया कि पनीर गुरुवार को ही डिबाई, जनपद बुलंदशहर से लाया गया है लेकिन वह कोई प्रमाण या खरीद रसीद नहीं दिखा सका। पता चला कि कारोबारी द्वारा होटलों पर 220 रुपये प्रति किलो में पनीर बेचा जाता है जबकि गुणवत्तायुक्त पनीर की कीमत करीब 350 रुपये किलो तक है। कारोबारी द्वारा खाद्य लाइसेंस भी नहीं प्रस्तुत किया गया। पनीर की गुणवत्ता पर संदेह होने और स्वाद अच्छा नहीं होने के कारण मौके पर 119 किलो पनीर को नष्ट करा दिया गया, जिसकी कीमत करीब 26180 रुपये बताई गई। टीम ने संभल तहसील क्षेत्र में दीपक लक्ष्मी डेयरी गांव भदरौला तथा बाबूराम पनीर निर्माण इकाई गांव सलखना पर भी छापेमारी की। जहां से पनीर के दो नमूने जांच लिए गए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि प्रयोगशाला से पनीर की जांच रिपोर्ट आने पर अगली कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध रूप से बनीं दुकानों को जेसीबी से कराया ध्वस्त

- एसडीएम ने ईओ के साथ संभल गेट पर चिन्हित किया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी



संभल गेट पर दुकानों को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार



संभल गेट में नक्शा देखते एसडीएम आशुतोष तिवारी व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रशासन ने संभल गेट में नाले के पास अवैध रूप से बनी 5 दुकानों को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। साथ ही नाले के पास बने एक मकान को ध्वस्त करने के लिए स्वामी को 2 से 3 दिन का समय दिया गया है। एसडीएम ने नगर पालिका के ईओ व कर्मचारियों के साथ भ्रमण कर अन्य अतिक्रमण को चिन्हित किया।

कुछ दिन पहले प्रशासन की ओर से एनकेबीएमजी कॉलेज व संभल गेट में अतिक्रमण अभियान चलाया था। जिसमें एनकेबीएमजी कॉलेज मार्ग पर नाले के ऊपर स्थाई अतिक्रमण को जेसीबी से ध्वस्त किया था। इसके बाद संभल गेट से कंपनी बाग में जाने वाले मार्ग पर नाले के बराबर बनी 5 दुकानों को ध्वस्त करने की बात कही। दुकानदारों ने दुकानें खाली कर ध्वस्त करना शुरू कर दिया। मगर कार्य धीमी गति से होने पर गुरुवार की शाम 5 बजे एसडीएम आशुतोष तिवारी, नगर पालिका के ईओ धर्मराज राम, नगर पालिका के कर्मचारी जेसीबी के साथ मौके पर पहुंच गए और दुकानों को जेसीबी से ध्वस्त करने की कार्रवाई आरंभ कर दी। इसके बाद एसडीएम एनकेबीएमजी कॉलेज मार्ग पर पहुंचे। जहां कुछ लोगों ने नाले के ऊपर पड़े स्लिप नहीं हटाने पर शीघ्र हटाने की चेतावनी दी। एसडीएम ने ईओ के साथ संभल गेट में अतिक्रमण को ध्वस्त किया है। जिसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है।


## कावंड़ यात्रा में धर्म की पहचान करने का विरोध

**बरेली, अमृत विचार:** आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने गुरुवार को एक बयान जारी करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा पूरी शांति के संपन्न हो जाएगी लेकिन उससे पहले जो घटनाएं हो रही हैं, उससे पूरे भारत के मुसलमान चिंतित हैं।

कावंड़ यात्रा के रूट पर ठेले या दुकानें लगाने वालों के धर्म की पहचान कराने के नाम पर उनकी पैंट उतारी जा रही है। जिसका हम विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस्लाम एक दायरे में रहने की बात कहता है।

## बिजली के खंभे में उतरे करंट से सात वर्षीय बच्चे की मौत

कार्यालय संवाददाता अमरोहा



मृतक बच्चा सूफियान।

**अमृत विचार:** बिजली के खंभे में करंट की चपेट में आकर सात वर्षीय बालक की मौत हो गई। घटना के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

नौगांवा सादात के मोहल्ला फरीदी वाली गली नई बस्ती में रईस का धेवता 7 वर्षीय सूफियान पिछले दो साल से उन्हीं के घर पर रहकर मदसरे में पढ़ाई कर रहा था। मोहर्रम के चलते नौगांवा सादात में इन दिनों मदरसों की छुट्टी चल रही है। इस समय सूफियान की मां सायरा भी आईं हुई हैं। बुधवार की देर शाम सायरा कस्बे में दूसरी रिश्तेदारी में होकर सुफियान के साथ अपने पिता के घर लौट रही थी। मां-बेटा घर से थोड़ा पहले एक बीड़ी के कारखाने के सामने पहुंचे।

कारखाने में सामने सड़क पर खड़े लोहे के खंभे पर उतरे करंट की चपेट में आकर सुफियान की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हालांकि परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। बालक के मां बाप उसके शव को चांदपुर ले गए और सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

## सर्पदंश में अस्पताल पहुंची महिला को डॉक्टर ने बताया झूठा

**बिजनौर,अमृत विचार:** किरतपुर थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर बेगा की रहने वाली एक महिला को सांप काटने के बाद अस्पताल में इलाज नहीं मिलने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि जब वह सरकारी अस्पताल पहुंची, तो डॉक्टरों ने उसे झूठा कह इलाज देने से इनकार कर दिया। नाराज महिला ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। महिला का नाम रूबी है, जो राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में कार्यरत बताई गई है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद देशवाल का कहना है कि अस्पताल में 40 डोज एंटी वेनम हैं। किसी मरीज में सर्पदंश के लक्षण होते हैं तो तत्काल इलाज दिया जाता है। महिला देखने में पूरी तरह स्वस्थ लग रही थी और पिछले एक वर्ष में अस्पताल में सर्पदंश का कोई मामला नहीं आया है।

# किले के जीर्णोद्धार की कवायद शुरू

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन



सौंधन किला परिसर में बना अपना मकान तोड़ता ग्रामीण। ● अमृत विचार

- सौंधन मोहम्मदपुर के किले में कब्जा कर बनाए गए मकानों को तोड़ने में जुटे ग्रामीण

**अमृत विचार :** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा गांव सौंधन मोहम्मदपुर में संरक्षित ऐतिहासिक प्राचीन किले के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की तैयारी होने के बीच अब ग्रामीणों में खलबली का माहौल बना है। ग्रामीणों ने प्राचीन किले की जद में आए मकानों को तोड़ने का काम शुरू कर दिया है।

गांव सौंधन मोहम्मदपुर में स्थित ऐतिहासिक प्राचीन किले की इमारत का जनवरी महीने में डीएम डॉ.राजेंद्र पैंसिया, एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई, तत्कालीन एसडीएम डॉ.वंदना मिश्रा के अलावा पुरातत्व विभाग की टीम ने निरीक्षण किया था। अधिकारियों ने प्राचीन किले की इमारत का सौंदर्यीकरण कराने की बात कही थी और इसे लेकर निर्देश दिए गए थे। अब इस इमारत के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण को लेकर तैयारी कर ली गई है। पुरातत्व विभाग की ओर से गुरुवार को ककइया ईंटों के साथ ही लाल बजरपुर पहुंचाया गया जिससे माना जा रहा है कि किले का स्वरूप पुराना रहेगा। जीर्णोद्धार में ककइया ईंटों के साथ ही लाल बजरपुर का इस्तेमाल किया जाएगा। निर्माण सामग्री पहुंचने पर ग्रामीणों में खलबली का माहौल बन गया। जिन ग्रामीणों ने किले की इमारत के आसपास कब्जा करके मकान बना लिए थे, वह मकान खुद तोड़ने में जुट गए। ग्रामीणों को डर है कि प्रशासन कार्रवाई कर सकता है।


## अल्पकालीन निविदा -सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय,उत्तर प्रदेश की ओर से अद्योहस्ताक्षरी द्वारा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी,मुरादाबाद में शास्त्रोक्त औषधि(निर्मित औषधि )को वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड–5भाग–1 के परिशिष्ट–19 में निविदा से सम्बन्धित सामान्य सिद्धान्त में निहित निर्देश के अनुसार रू0 25,00,000.00(रू0पच्चीस लाख मात्र) के अर्न्तगत दर अनुबन्ध के आधार पर आपूर्ति हेतु ऐसे अनुभवी एवं प्रतिष्ठित निर्मित औषधि निर्माता फर्मों से आनलाइन निविदायें आमन्त्रित की जाती है जो केन्द्रीय जॉच ब्यूरो तथा किसी विभाग द्वारा प्रतिबन्धित /काली सूची में अंकित न हो । निविदा दाता फर्म का गत तीन वर्षो से वाणिज्य कर कार्यालय में पंजीकरण होना आवश्यक है । फर्म का विगत तीन वर्षो में प्रत्येक वर्ष टर्नओवर रू0 20,00,000.00(रू0बीस लाख मात्र) होना चाहिए । इसके अतिरिक्त निविदा प्रपत्र में दी गयी शर्तो एवं नियमो को पूर्ण करना अनिवार्य होगा । शास्त्रोक्त औषधियों की मात्रा अनुमानित रखी गयी है जो वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के सापेक्ष परिवर्तनीय हो सकती है ।

1. निविदा प्रपत्र etender.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है ।
2. आनलाइन निविदा प्रकाशन की तिथि– 05.07.2025
3. निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय 05.07.2025 सायं 5.00 बजे से
4. आनलाइन निविदा भरने की प्रारम्भिक तिथि व समय 05.07.2025 सांय–5.00 बजे से
5. आनलाइन निविदा भरने की अन्तिम तिथि व समय–19.07.2025 अपरान्हं–03.00 बजे तक
6. तकनीकी निविदा आनलाइन खोलने की तिथि व समय 21.07.2025 पूर्वान्हं 11.00 बजे
7. वित्तीय निविदा खोलने की तिथि व समय–24.07.2025 अपरान्हं–03.00 बजे तक
8. निविदा मूल्य जो वापस न होगा रू0 2500.00(रू0दो हजार पांच सौ मात्र) समस्त कर सहित का डिमांड ड्राफ्ट क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी,मुरादाबाद, के नाम जमा कराकर दिनांक–19.07.2025 अपरान्हं 03.00 बजे तक प्राप्त होना आवश्यक है ।
9. धरोहर धनराशि रू0.50,000.00(रू0.पचास हजार मात्र )राष्ट्रीय बैंक से जारी एफ0डी0आर0के रूप में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी,मुरादाबाद के नाम बन्धक कराकर निविदा के साथ अपलोड करना होगा, जो मूलरूप में दिनांक–19.07.2025 अपरान्हं–3:00 बजे तक कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी,मुरादाबाद में प्राप्त(पंजीकृत डाक अथवा उपस्थित होकर) कराना अनिवार्य होगा । उक्त एफ0डी0आर0 के समयान्तर्गत प्राप्त न कराये जाने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा । विलम्ब की स्थिति में लिए विभाग का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा ।
10. आपूर्ति स्थान–कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी,मुरादाबाद ।
11. निविदा की वैधता तिथि–31.03.2026तक
12. समस्त निविदादाताओं को बाजार भाव से अधिक मूल्य नही होने का शपथ पत्र अनिवार्य रूप से देना है
13. बाजार भाव की सूची संलग्न करना अनिवार्य है
14. निविदा में उल्लिखित औषधियो की आपूर्ति के समय NABLलैब की परीक्षण रिपोर्ट निविदा की शर्तो के अनुसार प्रस्तुत करना होगा, जिसका व्यय सम्बन्धित फर्म द्वारा वहन किया जायेगा ।

समस्त निविदाये क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी,मुरादाबाद के कार्यालय मे निश्चित तिथि एवं समय पर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी । निविदा खुलने की तिथि में अवकाश पडने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। अद्योहस्ताक्षरी को किसी एक या सम्पूर्ण निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है । इस सम्बन्ध में कोई वाद स्वीकार नहीं होगा ।

जिन फर्मो के द्वारा उपरोक्त तालिकाबद्ध अभिलेख निविदा शर्तो के अनुसार सही व पूर्ण पाये जायेंगे उन्हीं फर्मो के वित्तीय भाव पत्रों पर विचार किया जायेगा । सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।

(डा0 अमरदीप सिंह नायक)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एंव यूनानी अधिकारी
मुरादाबाद ।

UP – 235508 दिनांक: 02/07/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


## शिक्षकों ने शिक्षक विधायक डॉ. ढिल्लों को सौंपा ज्ञापन

**अमरोहा,अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय के प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आवाहन के क्रम में संगठन के पदाधिकारी द्वारा शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों के आवास पर पहुंचे। 50 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के मर्ज होने के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। कहा कि शिक्षकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह, जिलामंत्री मुकेश चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष गजरौला जितेंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह, ब्लॉक मंत्री जोया हीरा सिंह, ब्लॉक मंत्री अमरोहा विवेक चौधरी, जिला उपाध्यक्ष नीरज चौहान, जिला उपाध्यक्ष अरुण चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अमरपाल सिंह, अरविंद सिरोही,अमित चाहल,उमेश सिद्धू,अजय सिद्धू,सोमवीर सिंह, भूपेंद्र सिंह, अर्पित खंडेलवाल, अमरजीत सिंह आदि पदाधिकारी एवं शिक्षक मौजूद रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बैठक का आयोजन

**चन्दौसी, अमृत विचार:** नगर पालिका के स्वास्थ्य विभाग में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया।

सीएचसी के प्रभारी डॉ. हरवेंदर सिंह ने कहा कि अभियान वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों और इंसेफेलाइटिस को नियंत्रित करने पर केंद्रित होगा। इसमें जागरुकता अभियान, स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घरों का दौरा जैसा विभिन्न गतिविधियां शामिल होंगी। अभियान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए विभिन्न विभाग मिलकर कार्य करेंगे। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह ने सफाई नायकों व कार्यवाहक सफाई नायकों को बताया कि बरसात का मौसम आ गया है। जगह-जगह जल भराव व सड़न से संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है। इसलिए 31 जुलाई तक नाला-नाली सफाई, फॉगिंग, एंटीलार्वा स्प्रे कार्य नियमित रूप से कराया जाए। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम, सुनील कुमार, शहनवाज, लवित वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# चोर समेट ले गए हजारों की नगदी व सामान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांवों में चोरों ने दुकानों और मकानों को बनाया निशाना

**अमृत विचार:** बनियाठेर क्षेत्र में आधा दर्जन घरों से चोर नकदी सहित लाखों का सामान चोरी कर पुलिस ने मौके पर पहुंच जानकारी की है।

बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथल निवासी सुधीर गुप्ता की गांव में सीमेंट की दुकान हैं। बुधवार की रात चोरों ने दुकान में रखी गुल्लक में 20 हजार पये नकद व सीसीटीवी की डिवाइस चोरी कर ले गए। घटना की तहरीर थाने में दी गई है। वहीं न्यू बाईपास के नजदीक कायस्थान मोहल्ला निवासी लोकेश वार्ष्णेय पुत्र सर्वोत्तम कुमार वार्ष्णेय की फैक्ट्री है। गुरुवार की सुबह सुपरवाइजर फैक्ट्री के मशीन बॉक्स को खोलने पहुंचा, तो उसके ताले टूटे पड़े। 5 बेल्डिंग मशीन, 1 ग्राइंडर, 1 गैस कटर, रेगुलेटर, केबिल गायब था। पीड़ित ने बताया कि चोर फैक्ट्री से 2 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। बराबर में ही सारिका वार्ष्णेय पत्नी पवन वार्ष्णेय की फैक्ट्री है। मशीन के केबिल, पंखा, कांटा व अन्य सामान गायब था। करीब 25 हजार रुपये का सामान चोरी हो गया।तहरीर थाने में दी गई है। गांव नेहटा में सतपाल के घर से बुधवार रात किसी समय चोरों ने कूमल लगाकर बक्शे से चार जोड़ी पाजेब, एक सोने की लौंग व 5 हजार रुपये की नकदी ले गए। इसी गांव में अफसर पुत्र मनफूल भी परिवार के साथ बरामदे में सोया था। चोरों ने इसके घर में कूमल लगा लिया। चोर एक जोड़ी पाजेब व अन्य सामान चोरी कर ले गए। गांव नेहटा निवासी कैला देवी पत्नी भूरे के गांव में 2 मकान है। महिला परिवार के साथ एक मकान में सोई थी। चोरों ने महिला के दूसरे मकान पर धावा बोल दिया। चोर मकान से बर्तन आदि सामान चोरी कर ले गए।

## सार संक्षेप

### करबला में जैनब ने दी अपने लाडलों की कुर्बानी



**बिजनौर, अमृत विचार :** हल्दौर क्षेत्र के गांव छजुपुरा सादात में नवासा-ए-रसूल हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में छठे दिन पहली मजलिस जीशान हैदर के आवास पर दूसरी मजलिस मुतवल्ली मौहम्मद अब्बास के आवास पर तीसरी मजलिस दरगाहे फातेमा जैहरा तथा चौथी मजलिस इमामबारगाह में आयोजित हुई। इमाम बारगाह की मजलिस को मौलाना मैहदी अब्बास ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने अपने नाना के दीन इस्लाम और इंसानियत को कयामत तक जिंदा रखने के लिए करबला के मैदान में अपनी और अपने भरे घर की कुर्बानी दे दी। इमाम हुसैन और जैनब जैसे भाई बहन के प्यार की मिसाल रहती दुनिया तक नहीं मिल सकती। मजलिस के बाद मुतवल्ली मौहम्मद अब्बास के मकान से जुलूसे अलम व शबीहे ताबूत जनाबे औनओ मौहम्मद बरामद किया गया।

### श्रीमद भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा



**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथल में श्रीमद भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। कथा का आयोजन गांव के चामुंडा देवी में किया जा रहा है। कलश यात्रा का आरंभ स्वामी राघवा नंद ने किया जिसमें 65 महिलाएं व युवतियां शामिल रही। कलश यात्रा के पीछे मंडली भजन करती चल रही थी। मदन लाल सिर पर श्रीमद भागवत लेकर चल रहे थे। इस दौरान उर्मिला देवी, नीरज देवी, अलका दिवाकर, मल्लो देवी, विमला देवी, रीना, विद्या देवी, अंजलि, रोशनी, करिश्मा, नीतू, लक्ष्मी, जानवी यादव, ज्योति, तनु, विधि, गुंजन, मोहिनी, स्वाति, उमा आदि मौजूद रहे।

### प्रबंध समिति को बताए बिना कर ली शिक्षकों की नियुक्ति

**रहरा, अमृत विचार :** ग्रामोदय इंटर कॉलेज गंगेश्वरी के प्रबंधक पर प्रबंध समिति को जानकारी बिना दिए नियुक्ति करने का आरापे लगाया गया है। कहा कि प्रबंधक ने 6 जून को अखबार में एक विज्ञप्ति जारी कर 28 जून को कुछ लोगों को साक्षात्कार के लिए विद्यालय बुलाया। जबकि नियम अनुसार प्रबंधक और प्रबंध समिति की बैठक के बाद ही विद्यालय में नई नियुक्ति हो सकती है। प्रबंधक द्वारा साक्षात्कार के लिए चार सदस्यीय टीम को नामित किया गया था। नामित सदस्यों में से उस दिन कोई नहीं पहुंचा। प्रबंधन ने एक अन्य सदस्य को बुलाकर चार अध्यापकों की नियुक्ति कर दी। आरोप है कि विज्ञप्ति में जिन विषयों के अध्यापकों की जानकारी प्रबंधक द्वारा दी गई थी। अन्य विषयों के अध्यापकों की नियुक्ति भी की है। प्रधानाचार्य छोटेलाल ने बताया कि 26 जून को मैं छुट्टी पर था। प्रबंध समिति और प्रबंधक के बीच का मामला है। मैं इसमें कुछ नहीं कहूंगा। वहीं प्रबंध समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने बताया कि वित्त विहीन अध्यापकों को बगैर नोटिस जारी किए हटाना अवैध है। प्रबंधक ने मनमाने तरीके से नए अध्यापकों की नियुक्ति की है ।जिसमें प्रबंध समिति से कोई चर्चा नहीं की गई है।

### केंद्रीय रेल मंत्री से मिले बहजोई पालिका अध्यक्ष



**बहजोई,अमृत विचार :** बहजोई के नगर पालिका परिषद के चेयरमैन राजेश शंकर राजू ने दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर रेलवे फाटकों पर ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग उठाई। वहीं बहजोई रेलवे स्टेशन को अपग्रेड किए जाने का मामला उठाया। कहा कि बहजोई नगर में दो प्रमुख रेलवे फाटक हैं। इन्हीं फाटकों से प्रतिदिन हजारों स्कूली बच्चों, मरीज एंबुलेंस, सरकारी अधिकारियों नागरिकों और वाहनों का आवागमन होता है। सीबीएसई बोर्ड के प्रमुख विद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला प्रशासनिक कार्यालय इन्हीं फाटकों से जुड़े होने के कारण जाम की भीषण समस्या होती है। दोनों फाटकों पर ओवर ब्रिज का निर्माण कराने की मांग रखी। जिला मुख्यालय स्थित होने के बावजूद बहजोई रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने प्लेटफार्म संख्या एक पर टीनशेड, प्लेटफार्म संख्या दो के निर्माण ,फुट ओवर ब्रिज, कैंटीन, पथ प्रकाश की व्यवस्था कराए जाने की मांग उठाई।

### बाउंड्रीवाल के लिए खोदाई करने पर गिरी दीवार



**चन्दौसी, अमृत विचार :** भैतरी फाटक नई बस्ती के पास से चन्दौसी-बरेली रेलवे ट्रैक गुजर रहा है। गुरुवार को रेलवे के अधिकारियों द्वारा मजदूरों से रेल पटरी के पास बाउंड्रीवाल कराने के लिए खोदाई का कार्य कराया जा रहा था। रेल पटरी के आसपास मकान बने हैं। दोपहर 1 बजे खोदाई करते समय वशीर पुत्र शहजादे के मकान की दीवार भरभरा कर गिर गई। दीवार के मलबे के नीचे दबने से एक बकरा व दो कबूतरों की मौत हो गई। वशीर ने कहा कि रेलवे द्वारा खोदाई की जानकारी देनी चाहिए।

### 9 जुलाई को मनाया जाएगा मुफ्ती-ए-आजम का कुल

**बरेली,अमृत विचार :** आला हजरत के छोटे बेटे मुफ्ती-ए-आजम हिंद के एक रोजा 45 वें उर्स का गुरुवार को पोस्टर जारी किया गया। 9 जुलाई को उर्स दरगाह ताजुश्शरिया में काजी-ए-हिन्दुस्तान मुफ्ती मुहम्मद असजद रजा खां की सरपरस्ती और सदारत में मनाया जाएगा। जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान हसन खान ( सलमान मियां) ने बताया कि देश भर से उलमा और जायरीन उर्स ए नूरी में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि 9 जुलाई को उर्स का आगाज फजर की नमाज के बाद कुरानख्वानी से होगा। उसके बाद रात करीब 10 बजे नात-ओ-मनकबत और बाहर से आए उलमा की तकरीरें होंगी। देर रात 1:40 बजे कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। सलमान मियां ने बताया कि बाहर से आए जायरीन के लिए लंगर का इंतजाम किया गया है। देश-विदेश के अकीदतमंद ऑनलाइन भी उर्स की रस्म में शामिल होंगे।

# जिला जेल में स्मैक तस्कर के आरोपी की मौत, हंगामा

**बरेली, अमृत विचार :** एसओजी और इज्जतनगर पुलिस ने मोहल्ला फतेहगंज पश्चिमी निवासी अकरम, आसिफ, जावेद, राशिद, गांव तिलियापुर के हारुन के साथ ही गांव मनकरी निवासी आदेश तिवारी को स्मैक बनाने और सप्लाई करने के आरोप में बुधवार को जेल भेजा था।

बंदी आदेश से मिलने के लिए उसके बड़े भाई अंशू और भाभी गौरी गुरुवार को जिला जेल पहुंचे थे। मुलाकात स्थल पर आदेश अपने भाई और भाभी से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में लाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बंदी आदेश की मौत पर परिजनों का गुस्सा भड़क गया और आरोपी पुलिस कर्मियों की मांग को लेकर जिला अस्पताल में जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों ने सभी को समझा-बुझाकर शांत कराया।

## एक नजर

### मथुरा के मुड़िया पूर्णिमा मेले के लिए चलेंगी 1000 अतिरिक्त बसें

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि शुक्रवार 4 जुलाई से मथुरा में शुरू हो रहे मुड़िया पूर्णिमा मेला में पहुंचने के लिए परिवहन निगम द्वारा इस क्षेत्र में 1000 अतिरिक्त बसें चलाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि आगरा क्षेत्र से 250 बसें, अलीगढ़ क्षेत्र से 150 बसें ,गाजियाबाद क्षेत्र से 150 बसें, मेरठ क्षेत्र से 100 बसें ,इटावा क्षेत्र से 150 बसें, मुरादाबाद क्षेत्र से 100 बसें और बरेली क्षेत्र से 100 बसों समेत कुल आवंटित एक हजार बसों का संचालन किया जाएगा। परिवहन मंत्री ने गुरुवार को बताया कि 4 जुलाई से 11 जुलाई तक राजकीय मुड़िया पूर्णिमा गोवर्धन मेला मनाया जाना है, मुख्य पर्व 10 जुलाई को है।

### तीन आईपीएस का तबादला

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश शासन ने गुरुवार को तीन आईपीएस अधिकारियों के स्थानांतरण किये हैं। जारी आदेश के अनुसार एडीजी भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड अशोक मुथा जैन को एडीजी गोरखपुर बनाया गया। वहीं, दो प्रमुख विभागों की जिम्मेदारी देख रहे पीसी मीणा से सीएमडी पुलिस आवास निगम का कार्यभार हटा दिया गया। वह अब सिर्फ डीजी कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं रहेंगे। वहीं, एडीजी जोन गोरखपुर डॉ. केएस प्रताप कुमार को सीएमडी पुलिस आवास निगम बनाया गया है।

# एलडीए को मिली जेपीएनआईसी परियोजना, सोसाइटी भंग

## अधूरी परियोजना को पूरा करेगी योगी सरकार, परियोजना को पूरा करने और संचालन की जिम्मेदारी भी संभालेगा एलडीए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक में एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए जय प्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) परियोजना को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को सौंप दिया। साथ ही, परियोजना के संचालन के लिए गठित जेपीएनआईसी सोसाइटी को भंग कर दिया गया। सरकार ने इस परियोजना को पूरा करने, इसके रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी एलडीए को दी है।

मंत्रिमंडल ने जेपीएनआईसी सोसाइटी को भंग करते हुए परियोजना को यथास्थिति एलडीए को हस्तांतरित करने का फैसला किया है। अब एलडीए न केवल इस केंद्र का संचालन करेगा, बल्कि इसके रखरखाव और पूरा करने की प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाएगा। परियोजना को निजी सहभागिता के जरिए संचालित करने, प्रक्रिया और शर्तें तय करने, सोसाइटी की सदस्यता समाप्त करने और अन्य अनुषांगिक कार्यों के लिए एलडीए को पूरी तरह से



अधिकृत किया गया है। यह कदम परियोजना को पारदर्शी और कुशल तरीके से जनता के हित में उपयोग करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**प्राइवेट पार्टनरशिप से होगा संचालन :** एलडीए को परियोजना को निजी सहभागिता के जरिए संचालित करने का अधिकार दिया गया है। इसके तहत, रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरईएफ) और लीज या रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल के माध्यम से निजी एजेंसियों को शामिल किया जाएगा। इससे न केवल परियोजना के बचे हुए कार्य पूरे होंगे, बल्कि इसका रखरखाव और संचालन भी बिना अतिरिक्त सरकारी खर्च के सुनिश्चित होगा। यह मॉडल परियोजना को आत्मनिर्भर बनाने और जनता के लिए उपयोगी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### 821.74 करोड़ का लोन 30 साल में चुकाने की शर्त

यह भी निर्णय लिया गया कि जेपीएनआईसी परियोजना के लिए शासन द्वारा अब तक अवमुक्त 821.74 करोड़ रुपये की धनराशि को एलडीए के पक्ष में स्थानांतरित लोन माना जाएगा। एलडीए को इस राशि को आगामी 30 वर्षों में चुकाना होगा। यह व्यवस्था सुनिश्चित करेगी कि परियोजना के संचालन और रखरखाव के लिए वित्तीय बोझ को व्यवस्थित तरीके से संभाला जाए, साथ ही परियोजना जनता के लिए उपलब्ध हो सके।

### वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों से घिरी रही परियोजना

जेपीएनआईसी, जिसे सपा सरकार ने 2013 में शुरू किया था, शुरू से ही भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी रही। 2017 में योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद परियोजना में अनियमितताओं की जांच शुरू हुई, जिसके चलते निर्माण कार्य रोक दिया गया। कैग की रिपोर्ट में बिना टेंडर के काम कराने और लागत में अनावश्यक वृद्धि जैसे आरोप सामने आए थे। 860 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने के बावजूद परियोजना अधूरी रही, जिसे अब योगी सरकार एलडीए के माध्यम से पूरा करेगी।

### विश्वस्तरीय सुविधाओं से होगी लैस

जेपीएनआईसी परियोजना के तहत लखनऊ में एक आधुनिक और विश्वस्तरीय केंद्र विकसित किया जा रहा है। इसमें राज्य स्तर का ऑडिटोरियम, कन्वेंशन सेंटर, विश्वस्तरीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कोर्ट की सुविधा होगी। इसके अलावा, 750 चार पहिया वाहनों की मल्टी-लेवल पार्किंग की व्यवस्था भी उपलब्ध होगी। ये सुविधाएं जनमानस के लिए खुली होंगी, जिससे लखनऊ के नागरिकों को एक आधुनिक और बहुउद्देश्यीय केंद्र का लाभ मिलेगा।

### आमजन के लिए खोलने की दिशा में अहम कदम

राज्य सरकार का यह फैसला जेपीएनआईसी को आमजन के लिए खोलने की दिशा में एक अहम कदम है। पिछले आठ वर्षों से बंद पड़े इस केंद्र को अब एलडीए के नेतृत्व में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की तर्ज पर संचालित किया जाएगा। यह केंद्र न केवल लखनऊ, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक, खेल और सम्मेलन केंद्र के रूप में उभरेगा। यह कदम सपा सरकार के कथित भ्रष्टाचार से दागी इस परियोजना को नया जीवन देने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है।

## एलडीए को सौंप कर बेचना आसान होगा : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने बंद पड़े सपा के ड्रीम प्रोजेक्ट जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) परियोजना को लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के हवाले कर संवारने का रास्ता साफ कर दिया है। इसके



लिए गुरुवार को कैबिनेट की बैठक में जेपीएनआईसी की सोसायटी को भंग कर, जिम्मेदारी एलडीए को सौप दी गई है। कैबिनेट के इस फैसले पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जेपीएनआईसी को एडीए को दिया तो वापस लेना आसान होगा, फिर सरकार द्वारा इसे आसानी से बेचा जा सकता है।

सपा प्रमुख की टिप्पणी के बाद प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अखिलेश यादव को आड़े लेते हुए कहा कि अखिलेश यादव जिस तरह से जेपीएनआईसी को लेकर हंगामा मचा रहे हैं, उनकी सरकार का 2012-2017 का कार्यकाल काम के लिए नहीं, बल्कि कारनामों के लिए जाना जाता है। जो प्रोजेक्ट सिर्फ़ 265 करोड़ का था, उसे बढ़ाकर 864 करोड़ कर दिया गया और 821 करोड़ खर्च करने के बाद भी काम पूरा नहीं हुआ।

# नई भवन उपविधियों और जोनिंग रेगुलेशन्स को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियां तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 को लागू करने का फैसला लिया गया है। राज्य के शहरी विकास को और अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने की दिशा में यह कदम उठाया गया है। नई उपविधियां शहरी क्षेत्रों में निर्माण कार्यों को नियंत्रित करने और मानकों को सुनिश्चित करने में मदद करेंगी।

### मंत्रिमंडल के फैसले

**औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन :** उप्र. औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के तहत उच्च स्तरीय प्राधिकृत समिति की 20 और 27 मार्च को हुई बैठकों की संस्तुतियों को स्वीकृति दी गई। साथ ही, त्वरित निवेश प्रोत्साहन नीति-2020 के तहत 7 मार्च 2025 को हुई इम्पावर्ड कमेटी की संस्तुतियों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस कदम से राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

**बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण को स्वीकृति :** बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण को सृजित करके रेग्युलेशन नीति बनाई गई है। मंत्रिमंडल में रोजगार प्रोत्साहन नीति जारी की गई, इसके तहत अलग-अलग उद्योगों के लिए अलग-अलग सब्सिडी दी जाएगी। वित्त मंत्री ने बताया कि कई बड़ी कंपनियों को सब्सिडी की घोषणा की गई है। वहीं, भाषा संस्थान के कार्मिकों के लिए सेवानिवृत्त करने की उम्र 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष की गई है।

**डॉ. केएन मोदी विवि की स्थापना का रास्ता साफ :** उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि गाजियाबाद जनपद के मोदीनगर में डॉ. केएन. मोदी विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी गई है।

# अयोध्या में एनएसजी हब के लिए दी जमीन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मंत्रिमंडल ने अयोध्या एवं समीपवर्ती संवेदनशील प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एनएसजी हब की स्थापना के लिए 8 एकड़ भूमि 99 वर्षीय लीज पर गृह मंत्रालय के पक्ष में निःशुल्क आवंटित और अंतरित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।

अयोध्या में एनएसजी हब की स्थापना के लिए छावनी गौरा बारिक 'कैंटोनमेंट क्षेत्र अयोध्या'परगना हवेली अवध, तहसील सदर की भूमि दी है। इस संबध में अयोध्या के डीएम द्वारा अनुरोध किया गया था, जिसके बाद गृह विभाग से राय लेने के बाद वित्त विभाग ने प्रावधानों को शिथिल किया है। हालांकि यह हस्तांतरण अपवाद स्वरूप होगा। इसे भविष्य में उदाहरण नहीं माना जाएगा।

### खतरनाक श्रेणी के कारखानों में महिलाएं कर सकेंगी काम

**अमृत विचार :** महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने अब महिलाओं को कुछ विशेष शर्तों के साथ खतरनाक श्रेणी के सभी 29 कारखानों में काम करने की अनुमति दे दी गई है। श्रम मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि अब तक देश में 29 प्रकार के खतरनाक कारखानों में महिलाओं का कार्य करना प्रतिबंधित था। 12 प्रकार के कम खतरनाक कारखानों में पहले ही उन्हें कार्य की अनुमति दी गई थी, जबकि हाल ही में 4 और श्रेणियों को अनुमोदन प्रदान किया गया है। ताजा निर्णय में उन्हें सभी 29 कारखानों में काम की अनुमति दे दी गई है। उन्होंने बताया कि कैबिनेट का यह फैसला तकनीकी विस्तार और उद्योगों की मांग के मद्देनज़र लिया गया है।

**व्यापारियों पर अपील की राशि का बोझ किया कम**

राज्य मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर (संशोधन) अध्यादेश पर मुहर लगायी है। इसी के साथ केंद्र द्वारा जीएसटी में किए गए कई संशोधनों को उप्र. में भी लागू कर दिया गया। इसके तहत व्यापारी को अपील करने के लिए पहले राशि का 25 फीसदी जमा करने की बाध्यता थी। इसे घटाकर 10 फीसदी कर दिया है। राज्य कर आयुक्त डॉ. नितिन बंसल के अनुसार, वित्त अधिनियम 2025 के द्वारा उप्र माल और सेवाकर अधिनियम में किए गए संशोधनों के क्रम में उप्र. माल और सेवाकर अधिनियम में संशोधन किया गया है। **19 हजार करोड़ सौर ऊर्जा को, 21,500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव को स्वीकृति :** बैठक में गौतमबुद्ध नगर, फर्रूखाबाद, शाहजहांपुर, नोएडा और हाथरस में 21 हजार 252 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव को भी सहमति दी गई। शीघ्र ही सभी कम्पनियों को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी होगा।

औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने जानकारी दी कि अवाडा इलेक्ट्रो प्रालि. को ग्रेटर नोएडा में 202350 वर्ग मीटर भूखंड के आवंटन पर 252.92 करोड़ की फ्रन्ट एण्ड लैंड सब्सिडी प्रोत्साहन राशि के रूप में देने का निर्णय लिया गया। इस क्रम में उप्र. सौर ऊर्जा में निवेश का बड़ा गढ़ बनेगा क्योंकि 19 हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश सौर ऊर्जा क्षेत्र में किया गया है।

# पोर्टल से प्रमाण पत्र देने में कासगंज आगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार के डिजिटल मुहिम से अब प्रदेशवासियों को प्रमाण पत्र के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से उन्हें घर बैठे आय, जाति, निवास और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र मिल रहे हैं। शासन स्तर पर हुई जून माह की समीक्षा में प्रमाण पत्र देने वाले जिलों में कासगंज सबसे आगे रहा है, जबकि मेरठ दूसरे तो कन्नौज तीसरे स्थान पर है।

कासगंज जिले ने जून माह में 14,013 आवेदनों में से 13,810 आवेदन सफलतापूर्वक स्वीकृत कर आवेदनों का निस्तारण किया है, जिसका औसत 98.55 प्रतिशत है, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक है। इसी के साथ कासगंज ने पूरे प्रदेश में ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से प्रमाण पत्रों का निस्तारण करने में पहला स्थान प्राप्त किया है। रिपोर्ट में बदायूं ने चौथा और सीतापुर ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं टॉप टेन जिलों में महाराजगंज, मथुरा, कानपुर नगर, एटा और अमेठी ने अपनी जगह बनाई है।

# आईएमएलसी नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर

## मुख्यमंत्री ने की 26 जिलों में 27 क्लस्टर की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास से प्रदेश के 26 जिलों में 27 इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एवं लॉजिस्टिक क्लस्टर (आईएमएलसी) की शुरुआत की। उन्होंने प्रदेश में संचालित और निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे की प्रगति की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेसवे को प्रदेश की इकॉनमिक ग्रोथ का बैकबोन बताते हुए कहा कि यह पहली बार है, जब यूपी में एक साथ 5 एक्सप्रेसवे के दोनों ओर 13,240 एकड़ से अधिक क्षेत्र में आईएमएलसी की स्थापना हो रही है।

मुख्यमंत्री ने इस लॉन्चिंग को प्रसन्नता का क्षण बताते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस विजन का हिस्सा बताया, जिसमें उत्तर प्रदेश को देश के औद्योगिक विकास का केंद्र बनाना है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने बीते 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश को 'एक्सप्रेसवे प्रदेश' के रूप में स्थापित किया है। यही कारण है कि आज यूपी निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर के सभी 6 नोड भी एक्सप्रेसवे के किनारे ही विकसित किए जा रहे हैं।





अपने सरकारी आवास से मैन्यूफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक क्लस्टर की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में मंत्री नंदी और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व अन्य।

मुख्यमंत्री ने आईएमएलसी को नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की तस्वीर बताया। उन्होंने कहा कि निवेश के लिए सुरक्षा, लैंडबैंक और जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर पहली शर्त होती है और प्रदेश ने इन सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री ने हाल ही में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के उद्घाटन का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने स्वयं इस पर सफर किया, जो तेज रफ्तार के साथ-साथ आरामदायक भी था। सीएम ने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश को कभी पिछड़ा माना जाता था, जहां निवेशक आने से हिचकते थे, वहां आज आईएमएलसी के रूप में एक बड़ा सपना साकार हो रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उद्योगों और फैक्ट्रियों को हॉरिजॉन्टल और वर्टिकल रूप में विकसित करना होगा, ताकि स्थान का अधिकतम उपयोग हो सके।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव का जल्द घोषित होगा कार्यक्रम

## चुनौतीपूर्ण बना चुनाव कराना, आज से दिल्ली में संघ के दिग्गजों की अहम बैठक, यूपी के लिए भी होगा इशारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को लेकर जल्द चुनाव कार्यक्रम घोषित हो सकता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से लेकर गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ में लगभग सहमति बन चुकी है। 22 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुनाव का कार्य पूरा होने से अब सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण यूपी का चुनाव पूरा करना है। शुक्रवार से तीन दिन तक संघ की दिल्ली में बड़ी बैठक से यूपी के लिए भी इशारा होना तय माना जा रहा है।

भाजपा के साथ संघ भी यूपी में वर्ष 2027 के विधानसभा के



आम चुनाव के मद्देनजर बेहद संवेदनशील और सतर्क है। बीते लोकसभा चुनाव में हर स्तर पर सपा-कांग्रेस से मजबूत तैयारी के बावजूद जब मतों की गिनती शुरू हुई थी, तो भाजपा के हाथ से यूपी निकलता दिखा था। मोदी-योगी जैसे नेतृत्व के होते हुए भी सपा-कांग्रेस का इंडी गठबंधन 43 सीटें जीतने में कामयाब रहा, जिसमें अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सर्वाधिक 37 सीटें थीं। मुलायम सिंह यादव की जब तूती बोलती थी, तब भी यूपी में इतना शानदार प्रदर्शन कभी नहीं हुआ था।

अगला विधानसभा चुनाव भी सपा-कांग्रेस मिलकर लड़ने की तैयारी कर रहे हैं, ऐसे में मुसलमानों का एकजुट वोट बिखरने की कोई सूरत नजर न आने से भाजपा का पूरा फोकस सपा के पीडीए फार्मूले के साथ बसपा के वोटबैंक में बड़ी सेंध लगाने की रणनीति पर है। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी पर पिछड़ा या दलित जाति से दमदार व असरदार चेहरा होना जरूरी है। ताकि दौड़-भाग करने में योगी से पीछे न रहे। इसे लेकर कई नामों पर मंथन हो चुका है। लेकिन संघ ने साफ ताकीद कर रखी है कि ऐसा कोई चेहरा न हो, जो योगी से गुटबाजी करता दिखे। इसीलिए 4 जुलाई से संघ की दिल्ली में अपनी कोर ग्रुप की बैठक में यूपी प्रदेश अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर भी नाम तय हो सकता है।

### सपा के बढ़े वोट खतरे की घंटी

सपा को 33 प्रतिशत से अधिक वोट मिलना, आज भी भाजपा के लिए किसी बड़े खतरे से कम नहीं है। जबकि इसके पहले वर्ष 2019 में बसपा के साथ होने के बावजूद वोट ट्रांसफर नहीं हुआ था। हालांकि जब सपा का जलवा था, तब वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव के दौरान 35 सीटें मिलीं थी, लेकिन वोट प्रतिशत सिर्फ 26 था, जबकि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो सपा को 32 प्रतिशत वोट मिले थे।

### सत्र से पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की तैयारी

भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष 21 जुलाई को संसद के मानसून सत्र शुरू होने के पहले तक मिल सकता है। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड जैसे भाजपा राज्यों के साथ तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी, मिजोरम, अंडमान निकोबार का प्रदेश अध्यक्ष चुनाव संपन्न होने के बाद अब भाजपा के 37 राज्यों में से 22 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुन लिए गए हैं। ऐसे राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की अधिसूचना जारी हो सकती है। भाजपा के इतिहास में यह पहला मौका है कि जब किसी राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल समाप्त होने के बाद, इतने लंबे समय तक नया अध्यक्ष नहीं चुना गया है।

## वर्ग पहेली-21

**बाएं से दाएं**

1.1. दही मथने की बड़ी मथानी 2. (पुराण) मंदर पर्वत 3. अमलतास।

2.1. एक साथ गिराना या मिलाना, भिड़ंत, टक्कर 2. संपर्क, संसर्ग, समागम 3. वह स्थान जहां एक रेखा दूसरी रेखा से मिलती या उसे काटती हुई बढ़ती है 4. चलना, हटाया जाना 5. संगम, मिलन 6. तलछट, गाद 7. प्रवेश, पहुंच, दख़ल 8. पक्षियों के उड़ने का तरीका 9. युद्ध का ढंग 10. घटित होना 11. गरुड़ का पुत्र।

4.1. भ्रम का नष्ट हो जाना, शंका या संदेह का निराकरण 2. तर्क-वितर्क।

7.1. मथानी 2. कलछी 3. युद्ध 4. प्रतियोगिता।

8. जो मूल पाठ के अनुरूप हो, मूल पाठ से मिलने वाला, पाठानुसार, पाठानुकूल।

**ऊपर से नीचे**

1.1. वह स्थान जहां लोग पूजा के लिए जाते हैं, देवालय 2. स्थान 3. (अ-अ.) रहने का घर, मकान, निवास।


2.1. संकुचित होने या करने की क्रिया या भाव 2. सिकुड़ना।

3.1. कंकड़

4.1. कुलीन 2. रईस, उच्चवर्गीय 3. संभ्रांत, संस्कारी, शिष्ट 4. मनोहर, सुंदर 5. उपयुक्त, मान्य।

5. बराबरी की हैसियत वाला, बराबरी का दरजा रखने वाला।

6. टेक या सहारा लगाना।



### वर्ग पहेली -20 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 चौ |
| | 2 अ | नु | चि | 3 त | | रा |
| | | | | 4 बा | र | हा |
| | 5 रू | 6 प | भे | द | | |
| 7 ठु | | नि | | 8 ला | उं | 9 ज |
| 10 स | ठि | या | ना | | | लो |
| ना | | ना | | | | ढ़ |

## सुडोकू-28

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | 7 | | | 3 | |
| | 8 | 3 | 4 | | 6 | 1 | | |
| 7 | 9 | | | | | 2 | | 6 |
| 3 | | | 9 | | | 8 | 7 | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | 1 | | | 5 | | | 9 |
| 9 | | 8 | | | | | 1 | 5 |
| | | 2 | 3 | | 7 | 4 | 9 | |
| | 4 | | | 1 | 9 | | | |

### सुडोकू - 27 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 9 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 7 | 2 | 4 | 9 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 4 | 3 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 2 | 4 | 8 | 9 | 7 | 1 |
| 1 | 2 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 5 | 8 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जुलाई, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी-16 .31 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल- पश्चिम, ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-चित्रा 16 .50 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** — आज दांपत्य संबंध काफी रोमान्टिक रहेंगे। उच्चधिकारी आपके प्रमोशन को लेकर चर्चा कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। शेयर मार्केट में जोखिम भरा निवेश न करें। व्यापार में महत्वपूर्ण अनुबन्ध करने से आज आपको बचना होगा।

**वृष** — आज आप कुछ चुनौतीपूर्ण कार्यों को अंजाम दे सकते हैं। आप लोगों की समस्याओं को सुलझाने में रूचि लेंगे। पूरी तरह से अपने कारोबार में फोकस बनाए रखें। कोर्ट-कचहरी को लेकर चल रहे मामलों में विजय होने की संभावना है।

**मिथुन** — आज नव दंपति किसी पर्यटन का विचार बना सकते हैं। आपकी उपलब्धियों की समूह में चर्चा होगी। प्रेमी जन को उपहार दे सकते हैं। आज आप मनोरञ्जन संबंधी गतिविधियों में विशेष रुचि लेंगे। पेटदर्द की शिकायत हो सकती है। गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें।

**कर्क** — आज पेट में दर्द की समस्या हो सकती है। माता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है। छोटी-छोटी बातों पर तनाव न लें। व्यापारी थोड़ा परेशान हो सकते हैं। अपनी गलत वृत्तियों पर नियन्त्रण रखें।

**सिंह** — आज आप काफी अच्छा महसूस कर सकते हैं। तीर्थ यात्राओं में जाने का विचार बनायेंगे। आपकी संवादशैली से लोग आकर्षित रहने वाले हैं। मन में अनेक रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार हो सकता है। भाई-बहनों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे।

**कन्या** — आज परिवार में तालमेल की कमी महसूस होगी। नया कारोबार आरंभ कर रहे हैं तो आपको थोड़ी समस्या हो सकती है। अनावश्यक कार्यों में अधिक समय व्यर्थ न करें। लेन-देन में चूक होने की आशंका है। आज बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

**तुला** — आज आपकी दिनचर्या अत्यंत अनुशासित रहेगी। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ा पद प्राप्त हो सकता है। उच्च अधिकारी आपसे काफी संतुष्ट रहेंगे। धन को लेकर कुछ परेशानी महसूस होगी। आपकी बातों से लोग आहत हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। उग्र व्यवहार के कारण सभी के निशाने पर आ सकते हैं। व्यापार में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। गलत बातों को सिद्ध करने में अपना समय व्यर्थ न करें। दूसरों से अधिक अपेक्षा रखना ठीक नहीं है।

**धनु** — आज आवश्यक कार्यों को दोपहर के पहले पूर्ण कर लें। गठिया-वात के रोगियों का दर्द बढ़ सकता है। जीवनसाथी से नोंक-झोंक हो सकती है। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। नए संबंधों के जन्म लेने की संभावना बन रही है।

**मकर** — आज कारोबार को लेकर आप काफी गंभीर प्रयास करेंगे। परिवार में आपसी तालमेल काफी अच्छा रहेगा। मित्र आपके लिए विशेष सहायक सिद्ध होंगे। रोगियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धीरे-धीरे परिस्थितियां पूर्ण रूप से आपके पक्ष में हो जायेंगी।

**कुंभ** — आज कार्यक्षेत्र में आप अधिकारियों से परेशान होंगे। आपकी प्रतिभा लोगों के सामने नए रूप में उभरकर सामने आ सकती है। दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने के अवसर मिलेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर कुछ अफवाहें उड़ सकती हैं।

**मीन** — आज दिन आपके लिए शुभ नहीं है। जीवनसाथी की सेहत को लेकर चिंता महसूस हो सकती है। नए कार्यों में कुछ रुकावटें आने की आशंका है। व्यवसाय में कुछ गतिरोध महसूस हो सकता है। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें।

# चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.4-6.7% रहेगी

## सीआईआई के चेयरमैन ने जताई संभावना, बोले- जीएसटी को त्रिस्तरीय बनाया जाए

नई दिल्ली, एजेंसी



भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में मजबूत घरेलू मांग के सहारे 6.4-6.7% रहने की उम्मीद है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने गुरुवार को यह संभावना जताई।

सीआईआई के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद मेमानी ने अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की एक सरल त्रिस्तरीय कर संरचना की वकालत की। उन्होंने कहा कि जरूरी वस्तुओं को पांच प्रतिशत कर के दायरे में रखा जा सकता है जबकि विलासिता एवं नुकसानदेह उत्पादों पर 28 प्रतिशत कर लगाया जाए और शेष वस्तुओं को 12-18 प्रतिशत कर दायरे में रखा जाए। फिलहाल जीएसटी एक चार-स्तरीय कर व्यवस्था है जिसमें पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाता है।

मेमानी ने भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में कहा कि अच्छे मानसून का अनुमान और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) एवं रेपो दर में कटौती से बढ़ी हुई तरलता जैसे कारक देश की आर्थिक वृद्धि का समर्थन करेंगे। पिछले महीने, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सीआरआर में एक प्रतिशत कटौती की घोषणा करने के साथ मानक ब्याज दर रेपो में भी 0.50 प्रतिशत की कमी कर इसे 5.50 प्रतिशत कर दिया था। वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पर सीआईआई के पूर्वानुमान पर मेमानी ने कहा, हमें अर्थव्यवस्था के 6.4 से 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस वृद्धि की राह में कुछ स्पष्ट जोखिम हैं, जिनमें से कुछ बाहरी व्यापार जोखिमों से संबंधित हैं। मेमानी ने कहा, मुझे लगता है कि उनमें से बहुत से कारकों को अपने आकलन में शामिल किया गया है और कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। उन्होंने जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाए जाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा कि कम आय वाले तबके के इस्तेमाल वाली वस्तुओं पर कर की दर घटाई जानी चाहिए। उन्होंने सीमेंट पर जीएसटी दर को भी 28 प्रतिशत से कम करने का सुझाव दिया।

### भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** जून में भारतीय सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 10 माह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें सकारात्मक मांग के रुझान और बिक्री में जारी सुधार के बीच अंतर्राष्ट्रीय बिक्री और रोजगार सृजन में मजबूत विस्तार शामिल है। गुरुवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स मई में 58.8 से बढ़कर जून में 60.4 हो गया, जो नए व्यावसायिक ऑर्डरों में तेज उछाल के कारण हुआ। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार को दर्शाता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, सेवा पीएमआई व्यवसाय गतिविधि सूचकांक 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, जिसका कारण नए घरेलू ऑर्डरों में तीव्र वृद्धि थी। नए निर्यात ऑर्डरों में भी वृद्धि हुई, यद्यपि धीमी गति से। मार्जिन में सुधार हुआ, क्योंकि कच्चे माल की लागत में वृद्धि आउटपुट शुल्क के मुकाबले कम थी। अगस्त, 2024 के बाद से नए ऑर्डर सबसे तेज गति से बढ़े। सेवा कंपनियों को घरेलू बाज़ार की निरंतर मज़बूती से सबसे ज़्यादा फ़ायदा हुआ, साथ ही नए निर्यात कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

# एशिया प्रशांत के देशों के मुकाबले भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की उम्मीद : मूडीज

नई दिल्ली, एजेंसी



- रेटिंग्स कंपनी ने कहा- निर्यात-निर्भर एशिया प्रशांत अर्थव्यवस्थाएं अधिक शुल्क से हुईं प्रभावित

मूडीज रेटिंग्स ने गुरुवार को कहा कि एशिया प्रशांत क्षेत्र के कई देशों की तुलना में भारत पर अमेरिकी शुल्क कम रहने की संभावना है, जिससे अर्थव्यवस्था को और निवेश आकर्षित करने और वैश्विक विनिर्माण आधार बनने में मदद मिल सकती है।

एशिया प्रशांत क्षेत्र के परिदृय पर मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि निर्यात-निर्भर एशिया प्रशांत अर्थव्यवस्थाएं अप्रैल में बहुत अधिक अमेरिकी शुल्क से प्रभावित हुईं। हालांकि, द्विपक्षीय आधार पर शुल्क व अन्य व्यापार बाधाओं में कमी आने की संभावना है, लेकिन नीति अनिश्चितता, निवेश निर्णयों को चुनौती दे रही है और व्यापार को बाधित कर रही है। व्यापार नीति के बारे में अनिश्चितता और वैश्विक व्यापार के संभावित बदलाव ने एशिया प्रशांत क्षेत्र में चक्रीय और संभवतः संरचनात्मक ऋण जोखिम बढ़ा दिए हैं।

मूडीज ने कहा कि चीन से बाहर निवेश और विनिर्माण के विविधीकरण से लाभान्वित होने वाली वियतनाम और कंबोडिया जैसी अर्थव्यवस्थायें अब उच्च अमेरिकी शुल्क का सामना कर रही हैं। ये अर्थव्यवस्थायें विशेष रूप से जोखिम में हैं। कंबोडिया और वियतनाम जैसे देशों के उलट भारत को निवेश और व्यापार प्रवाह में एक शुल्क आधारित बदलाव का लाभ मिल सकता है। एशिया प्रशांत क्षेत्र (एपीएसी) में कई देशों की तुलना में भारत पर कम शुल्क रह सकता है, जो अर्थव्यवस्था को आगे निवेश प्रवाह को आकर्षित करने और एक वैश्विक विनिर्माण आधार के रूप में विकसित होने में मदद कर सकता है।

### ब्रिटेन से व्यापार समझौते विकास का करेंगे समर्थन

मई में ब्रिटेन के साथ एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर और यूरोपीय संघ के साथ इसके लिए जारी प्रयास इस तरह के विकास का और समर्थन करेंगे। दो अप्रैल को, अमेरिका ने भारतीय उत्पादों 26 प्रतिशत का जवाबी शुल्क लगाया था, लेकिन बाद में इसे 90 दिन के लिए निलंबित कर दिया। हालांकि, अमेरिका द्वारा लगाया गया 10 प्रतिशत का मूल शुल्क लागू है। भारत अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क से छूट चाहता है।

# 8 प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री 2 प्रतिशत घटी

नई दिल्ली, एजेंसी



देश के 8 प्रमुख संपत्ति बाजारों में चालू पहली छमाही (जनवरी-जून) के दौरान घरों की बिक्री में दो प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, संपत्ति परामर्श कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान कार्यालय स्थल पट्टे में 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नाइट फ्रैंक ने गुरुवार को वेबिनार में जनवरी-जून, 2025 के लिए भारतीय रियल एस्टेट बाजार के आंकड़े जारी किए, जिससे पता चला कि इस वर्ष की पहली छमाही के दौरान 8 प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री सालाना आधार पर दो प्रतिशत घटकर 1,70,201 इकाई रह गई। वहीं, जनवरी-जून, 2025 के दौरान पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग 41 प्रतिशत बढ़कर 4.89 करोड़ वर्ग फुट हो गई। पूरे 2024 के लिए सकल पट्टा गतिविधियां रिकॉर्ड 7.19 करोड़ वर्ग फुट रही थीं। पहली छमाही के दौरान मजबूत प्रदर्शन को देखते हुए नाइट फ्रैंक को उम्मीद है कि पूरे साल में पट्टे पर कार्यालय स्थल की मांग आठ-नौ करोड़ वर्ग फुट के नए उच्चस्तर पर पहुंच जाएगी। कंपनी ने बताया कि आवासीय क्षेत्र में 8 शहरों में भारित औसत मूल्य में दो से 14 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई। सभी आवास बिक्री में से 49 प्रतिशत मकान एक करोड़ रुपये और उससे अधिक कीमत के थे, जबकि 51 प्रतिशत की कीमत एक करोड़ रुपये तक थी। शहरों की बात करें तो मुंबई और अहमदाबाद में घरों की बिक्री जनवरी-जून के दौरान सालाना आधार पर क्रमशः 47,035 इकाई और 9,370 इकाई पर स्थिर रही।

# बैटरी ऊर्जा भंडारण के लिए इंडीग्रिड को 460 करोड़ देगी आईएफसी

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक समूह के सदस्य अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) ने गुरुवार को भारत की सबसे बड़ी बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजना के निर्माण के लिए इंडीग्रिड को 460 करोड़ देने की प्रतिबद्धता जताई। संयुक्त बयान के अनुसार परियोजना को ग्रिड स्थिरता को बढ़ाकर और अधिकतम मांग के दौरान विश्वसनीय बिजली उपलब्ध कराकर राज्य के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए डिजायन किया गया है। 5.5 करोड़ डॉलर का दीर्घकालिक वित्तपोषण सूचीबद्ध गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर से होगा, जिसमें आईएफसी के खाते से 3.85 करोड़ डॉलर व स्वच्छ प्रौद्योगिकी कोष से 1.65 करोड़ डॉलर का रियायती समर्थन शामिल होगा, जो विश्व बैंक द्वारा संचालित जलवायु निवेश निधि ढांचे के तहत बहु-दाता ट्रस्ट कोषों में से एक है।

# विदेशी कोष कम होने से रियल एस्टेट में निवेश घटा

नई दिल्ली, एजेंसी



- कोलियर्स इंडिया के अनुसार, संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत घटकर 1.69 अरब रहा

वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितताओं के मद्देनजर विदेशी निवेशकों के सतर्क रहने से अप्रैल-जून में भारतीय रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 33 प्रतिशत घटकर 1.69 अरब डॉलर रह गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कोलियर्स इंडिया ने यह जानकारी दी।

कोलियर्स इंडिया के अनुसार इस साल अप्रैल-जून के दौरान रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश घटकर 169.12 करोड़ डॉलर रह गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 253.33 करोड़ डॉलर था। समीक्षाधीन अवधि में विदेशी निवेशकों से प्राप्त धन प्रवाह 204.68 करोड़ डॉलर से आधा होकर 104.84 करोड़ डॉलर हो गया। घरेलू निवेशक उत्साहित रहे और उन्होंने अप्रैल-जून के दौरान 64.28 करोड़ डॉलर का निवेश किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के 48.65 करोड़ डॉलर से 32 प्रतिशत अधिक है।

कोलियर्स इंडिया के सीईओ बादल याग्निक ने कहा, घरेलू पूंजी भारत के रियल एस्टेट निवेश में एक प्रमुख चालक के रूप में उभरी है। कुल निवेश में इसकी हिस्सेदारी 2021 में 16 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 34 प्रतिशत हो गई है। 2025 की पहली छमाही में घरेलू निवेश कुल प्रवाह का 48 प्रतिशत रहा। याग्निक ने कहा, उनके बढ़ते प्रभुत्व ने वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव को कम करने और 2025 की पहली छमाही में कुल निवेश को तीन अरब डॉलर तक पहुंचाने में मदद की है। जनवरी-जून की अवधि में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 15 प्रतिशत घटकर 299.81 करोड़ डॉलर रह गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी अवधि में 352.85 करोड़ डॉलर था।

## राष्ट्रीय

# बुनियादी ढांचे में सुधार को केंद्र प्रतिबद्ध : गडकरी

## केंद्रीय मंत्री ने कहा- झारखंड में दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं की जाएंगी लागू

गढ़वा (झारखंड), एजेंसी



- बोले- 36 हजार करोड़ से वाराणसी-रांची-कोलकाता ग्रीनफील्ड कॉरिडोर का निर्माण 2028 तक होगा पूरा

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि केंद्र झारखंड के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और राज्य में दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं लागू की जाएंगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि खनिज संसाधनों से समृद्ध झारखंड में राजमार्ग क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास होगा।


उन्होंने जनसभा में कहा, मैं झारखंड के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हमने राज्य में 40,000 करोड़ की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं पूरी की हैं। वर्तमान में 70,000 करोड़ की लागू कर रहे हैं, जबकि 75,000 करोड़ की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। उन्होंने कहा कि 36 हजार करोड़ रुपये की लागत से वाराणसी-रांची-कोलकाता हरित गलियारे (ग्रीनफील्ड कॉरिडोर) मार्च 2028 तक पूरा होगा जबकि जनवरी, 2028 तक 12,800 से रांची-वाराणसी आर्थिक गलियारा बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली-कोलकाता के बीच 31,700 करोड़ से 6 लेन वाली कॉरिडोर परियोजना जून 2026 तक पूरी होगी। 8,900 करोड़ से बन रहा 4 लेन का रांची-पटना आर्थिक गलियारे का काम दिसंबर 2029 तक हो जाएगा। 16,500 करोड़ से रायपुर-धनबाद आर्थिक गलियारा जनवरी 2028 तक बन जाएगा। गडकरी ने कहा कि चुनाव तक राजनीति होनी चाहिए, लेकिन चुनाव के बाद विकास की राजनीति होनी चाहिए। उन्होंने राज्य की झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत सरकार द्वारा उठाए लोकलुभावन कदमों की ओर इशारा किया। उन्होंने झारखंड सरकार से राज्य में भूमि अधिग्रहण, वन विभाग से मंजूरी और अन्य मुद्दों से संबंधित बाधाओं को दूर करने का भी आग्रह किया।

### 11 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया

गडकरी ने कहा, राज्य में 2014 में 2,600 किमी का राष्ट्रीय राजमार्ग था, जो अब 4,470 किमी है। मंत्री ने गढ़वा में शंख से खजूरी तक 1,130 करोड़ से बने 23 किमी लंबे 4 लेन वाले राजमार्ग का उद्घाटन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़-झारखंड अंतर-राज्यीय सीमा से गुमला तक राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के 32 किलोमीटर लंबे हिस्से को चार लेन बनाने के लिए 1,330 करोड़ रुपये की परियोजना की आधारशिला भी रखी। गडकरी ने 6,350 करोड़ रुपये की लागत वाली 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें रांची में 560 करोड़ रुपये का 'एलिवेटेड कॉरिडोर' भी शामिल है। गडकरी ने कहा, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुझे बताया कि वह आज के समारोह में शामिल नहीं हो पाएंगे, क्योंकि उनके पिता शिबू सोरेन अस्वस्थ हैं और उनका दिल्ली में इलाज किया जा रहा है।

# मानसून सत्र में व्यवधान पैदा नहीं करें पार्टियां : बिड़ला

गुरुग्राम, एजेंसी



- हरियाणा में आयोजित शहरी निकायों के अध्यक्षों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को लोस अध्यक्ष ने किया संबोधित

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने संसद का मानसून सत्र शुरू होने से पहले गुरुवार को कहा कि राजनीतिक दलों को सदन की कार्यवाही में व्यवधान नहीं डालना चाहिए और जो पार्टियां गतिरोध पैदा करने का प्रयास करेंगी, उन्हें जनता जवाब देगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान लोकसभा (18वीं) में व्यवधान पहले के मुकाबले कम है और यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि राजनीतिक दलों ने विचार किया कि सदन चलना चाहिए।

बिड़ला ने हरियाणा के गुरुग्राम में आयोजित शहरी निकायों के अध्यक्षों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं की तरह स्थानीय निकायों के सदनों को सुचारू रूप से चलाने की आदर्श पद्धति स्थापित होनी चाहिए तथा वहां भी प्रश्नकाल तथा शून्यकाल जैसे सत्र की व्यवस्था होनी चाहिए। बिड़ला ने कहा, यह बदलाव का समय है। अगर हमें लोकतंत्र को मजबूत करना है और लोकतांत्रिक संस्थानों को जवाबदेह बनाना है, तो हमें सुनिश्चित करना होगा कि सदन काम करें। सभी राजनीतिक दलों को सदन की कार्यवाही में व्यवधान कम करने के प्रयास करने चाहिए। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई को शुरू होने वाला है और 21 अगस्त तक चलेगा। बिड़ला ने कहा कि वह 2014 से लोकसभा की कार्यवाही देख रहे हैं जब वह पहली बार सदन के सदस्य चुने गए थे।

## एक नजर

### विधायक अरोड़ा बने कैबिनेट मंत्री, धालीवाल का इस्तीफा

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तीन वर्षों में सातवां मंत्रिमंडल फेरबदल किया, जिसके बाद लुधियाना पश्चिम से नवनिर्वाचित विधायक संजीव अरोड़ा को कैबिनेट मंत्री बनाया गया, जिसके बाद धालीवाल ने इस्तीफा दिया। धालीवाल के 'एनआरआई मामलों' के विभाग को नवनिर्वाचित विधायक को सौंप दिया गया। अरोड़ा को उद्योग एवं वाणिज्य तथा निवेश प्रोत्साहन विभाग भी दिया गया है, जो पहले तरुणप्रीत सिंह सोंड के पास था।

### बंगाल में मंत्री के काफिले पर भीड़ ने किया हमला

**कोलकाता।** प. बंगाल के मंत्री और जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बंगाल इकाई के अध्यक्ष सिद्दीकुल्ला चौधरी गुरुवार को पूर्वी बर्धमान जिले में भीड़ द्वारा उनके काफिले पर किए हमले में बच गये। जन शिक्षा विस्तार और पुस्तकालय सेवा मंत्री चौधरी ने 2021 में टीएमसी के टिकट पर पूर्व बर्धमान जिले के मोंटेश्वर विस क्षेत्र से जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा कि उनकी जान लेने की कोशिश हुई, क्योंकि पंचायत प्रधान के नेतृत्व में उनकी पार्टी के एक गुट से संबंधित भीड़ ने उनके वाहन पर पत्थर फेंके और विंडस्क्रीन तोड़ दी, जिससे उनके हाथ में चोट लग गई।

### बोर्ड परीक्षा के दौरान छात्रा बनी मां, पुलिस को नोटिस

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने ओडिशा के जाजपुर जिले में 10वीं कक्षा की छात्रा की बोर्ड परीक्षा के दौरान प्रसव होने के मामले में संज्ञान लेते हुए एसपी को नोटिस जारी किया है। मानवाधिकार कार्यकर्ता एवं उड़ीसा हाईकोर्ट के अधिवक्ता अखंड की ओर से दायर याचिका पर कार्रवाई करते हुए, एनएचआरसी ने जाजपुर के एसपी से चार सप्ताह में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

### प्रकृति का कहर



कुल्लू : सोलंग घाटी स्थित बर्फ गैलरी के पास हुए भूस्खलन के बाद मलबे के कारण मनाली-लेह एनएच अस्थायी रूप से बंद हो गया। प्रशासन मलबा हटाने और मार्ग बहाल करने के लिए राहत कार्यों में जुटा है। एजेंसी

# मंडी में बादल फटने से मरने वालों की संख्या 13 हुई, 29 की तलाश

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के मंडी में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से संबंधित घटनाओं में दो और शव बरामद होने के साथ मृतकों की 13 हो गई है जबकि 29 अन्य लापता लोगों की तलाश जारी है। मंडी जिले में मंगलवार को बादल फटने की 10 घटनाएं हुईं, तीन बार बाढ़ आई और एक स्थान पर भूस्खलन हुआ। अधिकारियों ने बताया कि आज सुबह दो शव बरामद हुए। 7 शव गोहर से, 5 थुनाग से और 1 मंडी के करसोग उपमंडल से मिला। राज्य आपातकालीन अभियान केंद्र (एसईओसी) ने बताया कि कुल 162 मवेशी मारे गए, जबकि मंडी में 316 सहित 370 लोगों को बचाया गया और पांच राहत शिविर स्थापित किए गए हैं।

### 10 स्थानों पर नदियों का जल स्तर सामान्य से अधिक

**नई दिल्ली।** देश भर के उन हिस्सों में जहां बाढ़ की स्थिति बनी है गुरुवार को हालात में सुधार हुआ और 10 नदी निगरानी केंद्रों पर जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर है, जबकि एक दिन पहले ऐसे 12 केंद्रों पर जल स्तर खतरे के निशान से ऊपर था। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के दैनिक बाढ़ पूर्वानुमान बुलेटिन में यह जानकारी दी गई।

# पुराने हो चुके वाहनों के ईंधन पर रोक व्यावहारिक नहीं : दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को पत्र लिखकर कहा कि तकनीकी चुनौतियों और जटिल प्रणालियों से तय मियाद पूरी कर चुके वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध लगाना व्यवहारिक नहीं है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने गुरुवार को कहा कि इस कदम से लोगों में असंतोष है और सरकार उनके साथ खड़ी है।

सिरसा ने कहा कि सरकार ने सुझाव दिया कि यह प्रतिबंध राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में लागू होना चाहिए। दिल्ली सरकार ने 1 जुलाई से तय मियाद पूरी कर चुके वाहनों के लिए पेट्रोल पंप से ईंधन भराने पर रोक लगाया था। सरकार के मुताबिक 10 वर्ष या उससे अधिक पुराने डीजल वाहन और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन इस आदेश की जद में आएंगे। अदालती आदेश अनुसार सड़कों पर इन वाहनों को चलने की अनुमति नहीं है।

# जांच की प्रगति पर हलफनामा दे बंगाल सरकार : हाईकोर्ट

कोलकाता, एजेंसी

### विधि छात्रा के सामूहिक दुष्कर्म का मामला

कलकत्ता हाईकोर्ट ने प. बंगाल सरकार को विधि कॉलेज में सामूहिक दुष्कर्म मामले की जांच की प्रगति पर हलफनामा दाखिल करने का गुरुवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की खंडपीठ ने राज्य सरकार को 10 जुलाई को अगली सुनवाई पर उसके समक्ष केस डायरी भी पेश करने का निर्देश दिया। पीठ में न्यायमूर्ति स्मिता दास डे भी शामिल थीं।

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज में 25 जून की शाम को कानून की एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 3 जनहित याचिकाएं दायर हुई हैं। मुख्य आरोपी कॉलेज का भूतपूर्व छात्र है और संस्थान का संविदा कर्मचारी भी है। खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह विधि छात्रा से जुड़ी इस भयावह घटना के संबंध में याचिकाकर्ताओं में से एक द्वारा उठाए गए कुछ प्रश्नों पर सुनवाई की अगली तारीख पर एक रिपोर्ट के रूप में जवाब दे।

# दिशा ने आत्महत्या की जांच में गड़बड़ी नहीं

**मुंबई।** पुलिस ने बंबई हाईकोर्ट से कहा कि पूर्व सेलिब्रिटी मैनेजर दिशा सालियान ने आत्महत्या की और उनकी मौत के मामले में कोई साजिश नहीं मिली। दिशा के पिता सतीश सालियान ने फिर से आरोप लगाया कि उनकी बेटी से सामूहिक दुष्कर्म हुआ और हत्या की गई। पुलिस ने अदालत में पिछले महीने दाखिल हलफनामे में कहा कि दिशा ने फ्लैट की खिड़की से छलांग लगाई थी और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मृत युवती पर यौन या शारीरिक हमले के संकेत मिलने का कोई जिक्र नहीं है। दिशा अपने परिवार के साथ विवाद और कारोबारी परेशानियों के कारण काफी तनाव में थी।

# अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित अमरनाथ गुफा जाने के लिए 5,200 से अधिक तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था गुरुवार को जम्मू आधार शिविर से रवाना हुआ। द. कश्मीर में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा के लिए 38 दिवसीय तीर्थयात्रा गरुवार तड़के घाटी से दो मार्गों- अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किमी लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में छोटा 14 किमी, लेकिन अधिक खड़ी चढ़ाई वाला बालटाल मार्ग, से शुरू हुई। तीर्थयात्री कड़ी सुरक्षा के बीच 168 वाहनों के काफिले में भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुए। साथ ही जम्मू आधार शिविर से मंदिर के लिए रवाना हुए तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़कर 11,138 तक पहुंच गई है। दूसरे जत्थे में 4,074 पुरुष, 786 महिलाएं और 19 बच्चे हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भगवती नगर आधार शिविर से वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पहले जत्थे को बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

# दिल्ली: डांट से नाराज घरेलू सहायक ने की मालकिन और उसके बेटे की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी



- ट्रेन से भागने की कोशिश के दौरान यूपी की रेलवे पुलिस ने किया गिरफ्तार

दिल्ली के लाजपत नगर में डांट से नाराज घरेलू सहायक ने मालकिन और उसके किशोर बेटे की हत्या कर दी। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बिहार के हाजीपुर निवासी आरोपी मुकेश (24) को उत्तर प्रदेश रेलवे पुलिस ने उस समय गिरफ्तार किया जब वह ट्रेन से भागने की कोशिश कर रहा था। यह मामला तब प्रकाश में आया जब बुधवार रात 9. 43 बजे लाजपत नगर निवासी कुलदीप सेवानी की तरफ से पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) कॉल आई। पुलिस के अनुसार, सेवानी ने बताया कि उनकी पत्नी रुचिका (42) और 14 वर्षीय बेटा फोन नहीं उठा रहे हैं और उनके घर की सीढ़ियों पर खून के धब्बे हैं। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पूर्वी) हेमंत तिवारी ने कहा, पीसीआर वाहन मौके पर पहुंचे जहां घर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद था। घर की ओर जाने वाली सीढ़ियों पर खून के धब्बे मिले। पुलिस घर का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। रुचिका और उसके बेटे के शव घर से बरामद किए गए। महिला का शव शयनकक्ष में मिला जिसका गला रेता था और बेटे का शव स्नानगृह से बरामद किया गया।

### राजा रघुवंशी हत्याकांड

# दूसरे मंगलसूत्र पर सोनम और राज की शादी का संदेह

**इंदौर (मप्र)।** मेघालय में हनीमून के दौरान जान से मार डाले गए इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी के बड़े भाई ने एक और मंगलसूत्र के आधार पर गुरुवार को संदेह जताया कि सोनम ने अपने प्रेमी राज कुशवाह से शादी कर ली होगी। राजा रघुवंशी के बड़े भाई विपिन ने कहा, हमें पता चला कि मेरे भाई के हत्याकांड की जांच के दौरान मेघालय पुलिस ने दो मंगलसूत्र बरामद किए हैं। इनमें से एक सोनम हमने दिया था, लेकिन दूसरा इन दोनों की शादी से जुड़ा हो सकता है।

## एक नजर



नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 से पहले संयुक्त पत्रकार वार्ता के दौरान कर्नाटक ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के. गोविंदराज व भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा। ● एजेंसी

### नीरज चोपड़ा ने कर्नाटक सरकार के सहयोग को सराहा

**बेंगलुरु :** दो बार के ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने नीरज चोपड़ा क्लासिक को लेकर निरंतर सहयोग के लिए कर्नाटक सरकार, कर्नाटक ओलंपिक संघ और युवा सशक्तिकरण एवं खेल विभाग की प्रशंसा की है – जो भारतीय एथलेटिक्स के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और देश की पहली अंतरराष्ट्रीय मार्की भाला फेंक प्रतियोगिता है। शनिवार, 5 जुलाई, 2025 को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में होने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन नीरज खुद जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ मिलकर कर रहे हैं और इसे विश्व एथलेटिक्स और भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से मंजूरी मिली है। इस प्रतियोगिता को विश्व एथलेटिक्स, खेल की वैश्विक शासी संस्था द्वारा गोल्ड लेवल का दर्जा भी दिया गया है–जो इसके पैमाने और महत्व को मान्यता देता है। इस आयोजन की तैयारी में, स्टेडियम में काफी बदलाव किया गया है।

### लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा और उनके भाई की दुर्घटना में मौत

**मैड्रिड :** लिवरपूल के खिलाड़ी डिओगो जोटा और उनके भाई की स्पेन में कार दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्पेनिश सिविल गार्ड ने एसोसिएटेड प्रेस को पुष्टि की कि जोटा और उनके भाई की कार पश्चिमी शहर ज़मोरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे कार में सवार दोनों भाइयों की मौत हो गई। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि इसमें कोई अन्य वाहन शामिल नहीं था। 28 वर्षीय जोटा और उनके भाई, 25 वर्षीय आंद्रे सिल्वा दोनों पुर्तगाल के खिलाड़ी थे। जोटा पुर्तगाल की राष्ट्रीय टीम के लिए भी खेल चुके हैं। सिल्वा निचले डिवीजन में पुर्तगाली क्लब पेनाफेल के लिए खेल चुके हैं।

### ऋषभ पंत डीपीएल सत्र के लिए पुरानी दिल्ली 6 के साथ बने रहेंगे

**नयी दिल्ली :** भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के आगामी सत्र के लिए पुरानी दिल्ली 6 के साथ बने रहेंगे लेकिन राष्ट्रीय टीम के कार्यक्रम को देखते हुए वह किसी भी मैच के लिए उपलब्ध होंगे या नहीं, यह एक बड़ा सवाल है। पंत लीग में युवा टी20 सितारों के बीच आकर्षण का केंद्र हैं जिन्होंने पिछले साल शुरूआती चरण में एक मैच खेला था। फ्रेंचाइज़ी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा पुरानी दिल्ली 6 ने आगामी सत्र के लिए स्टार विकेटकीपर–बल्लेबाज ऋषभ पंत को बरकरार रखने की आधिकारिक घोषणा की है। पंत को 'मार्की' खिलाड़ी के रूप में रिटेन किया गया है।

### लोनाटो विश्व कप में भाग लेंगे भारत के शॉटगन निशानेबाज

**नई दिल्ली :** ओलंपियन अंगद वीर सिंह बाजवा, लक्ष्य श्योराण और मैराज अहमद खान जैसे अनुभवी निशानेबाजों की अगुआई में भारतीय दल रविवार से इटली के लोनाटो में होने वाले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में हिस्सा लेगा। शनिवार को अभ्यास के दिन के बाद स्कीट निशानेबाज पुरुष और महिला वर्गों में क्वालीफाइंग दौर में सबसे पहले निशाना लगाएंगे। इस स्पर्धा का फाइनल मंगलवार को होगा। बाजवा, अनंतजीत सिंह नरूका और मैराज पुरुष स्कीट स्पर्धा में भाग लेंगे जबकि महिला वर्ग में ओलंपियन माहेश्वरी चौहान और रेजा ढिल्लों के साथ गनीमत सेखों चुनौती पेश करेंगी। एशियाई खेलों के पूर्व रजत पदक विजेता लक्ष्य, जसविंदर सिंह और जोरावर संधू पुरुष ट्रैप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में नीरू ढांडा, प्रीति रजक और प्रगति दुबे निशाना साधेंगी।

# भारत ने पहली पारी में 587 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया

**269** रन
**387** गेंद
**30** चौके
**03** छक्के

## इंग्लैंड ने की खराब शुरुआत, महज 13 रन पर दो विकेट गिरे, आकाश दीप को मिली सफलता

**बर्मिंघम, एजेंसी**

कप्तान शुभमन गिल के रिकॉर्ड दोहरे शतक (269 रन) से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 587 रन का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। उसके दो विकेट बेन डकेट (0) और ऑली पोप (0) महज 13 रन पर गिर गए। दोनों सफलता आकाश दीप को मिली।

शुभमन गिल ने रविंद्र जडेजा (89 रन, 137 गेंद, 10 चौके, एक छक्का) के साथ छठे विकेट के लिए 203 जबकि वाशिंगटन सुंदर (42) के साथ सातवें विकेट के लिए 144 रन की साझेदारी की। ब्रेक के समय आकाश दीप उनका साथ निभा रहे थे जिन्होंने अभी खाता नहीं खोला है। पिच हालांकि काफी सपाट है और भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के लिए 20 विकेट चटकाना बड़ी चुनौती होगी। हालांकि बल्लेबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियां गिल के शानदार दोहरे शतक की चमक को कम नहीं कर पाई। सीरीज का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनने की इच्छा व्यक्त करने वाले गिल इंग्लैंड में दोहरा शतक बनाने वाला पहला एशियाई कप्तान बनने के बाद अपने लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़े। गिल ने इंग्लैंड में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर के मामले में महान सुनील गावस्कर और राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ दिया। गिल की उपलब्धि इसलिए भी उल्लेखनीय है क्योंकि यह प्रतिष्ठित सीरीज टेस्ट कप्तान के तौर पर उनकी पहली सीरीज है। विराट कोहली के संन्यास के बाद उन्होंने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की है। गिल ने सुनिश्चित किया कि लीड्स में पहले टेस्ट की तरह यहां इंग्लैंड को वापसी का मौका नहीं दिया जाए। इंग्लैंड की शॉर्ट गेंदबाजी की रणनीति काम नहीं कर रही थी और स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ गिल ने आसानी से रन जुटाए। इंग्लैंड ने इसके बाद कामचलाऊ स्पिनरों हैरी ब्रूक और जो रूट को मौका दिया। गिल ने ब्रूक की गेंदों पर पांच चौके जमाए जबकि सुंदर ने भी अपनी पकड़ बनाए रखी। सुंदर ने लगातार गेंदों पर चौका और छक्का भी मारा। गिल के लिए 199 रन पर कुछ देर अटके रहे लेकिन फिर उन्होंने जोश टंग की गेंद को फाइन लेग की तरफ एक रन के लिए पुल करके अपने करियर का पहला दोहरा शतक पूरा किया। उनके जश्न से पता चलता है कि उनके लिए यह प्रयास कितना मायने रखता है जिसकी विपक्षी टीम और इंग्लैंड के प्रशंसकों ने सराहना की। दूसरे सत्र के अंतिम लम्हों में रूट ने सुंदर को बोल्ड करके टीम को दिन की दूसरी सफलता दिलाई।

इससे पहले भारत ने दूसरे दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 310 रन से की और सुबह के सत्र में 25 ओवर में जडेजा के रूप में एक विकेट खोकर 109 रन जोड़े। सुबह के सत्र में अधिकांश समय शॉर्ट गेंदबाजी की रणनीति कारगर नहीं रही। टंग ने सत्र के अंत में शॉर्ट गेंद से सत्र की एकमात्र सफलता हासिल की। जडेजा उछाल लेती गेंद को नियंत्रित नहीं कर सके और विकेटकीपर जेमी स्मिथ ने आसान कैच लपका। एजबस्टन में तेज धूप के बीच जडेजा ने कवर क्षेत्र में बैकफुट पंच और बेन स्टोक्स की गेंद को कट करके दिन की शुरुआत की।

गिल ने क्रिस वोक्स पर थर्ड मैन क्षेत्र में दिन की अपनी पहली बाउंड्री लगाई। गिल ने बशीर के खिलाफ रिवर्स स्वीप खेले। भारतीय कप्तान को यह शॉट खेलते हुए देखना हैरानी भरा था।



शुभमन गिल।

> हां, शुभमन गिल... आपने सिर्फ नेतृत्व ही नहीं किया – आपने राज किया। पंजाब के दिल से लेकर भारतीय क्रिकेट की आत्मा तक। आपने दुनिया को दिखाया है कि मैदान पर राजसीपन कैसा होता है।
>
> – पंजाब क्रिकेट संघ

### भारत पहली पारी

**587/10** (151 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का स्मिथ बो स्टोक्स | 87 |
| लोकश राहुल बो वोक्स | 02 |
| करुण नायर का ब्रूक बो कार्स | 31 |
| शुभमन गिल का पोप बो टंग | 269 |
| ऋषभ पंत का क्रॉली बो बशीर | 25 |
| नीतिश कुमार रेड्डी बो वोक्स | 01 |
| रविंद्र जडेजा का स्मिथ बो टंग | 89 |
| वाशिंगटन सुंदर बो रूट | 42 |
| आकाश दीप का डकेट बो बशीर | 06 |
| मोहम्मद सिराज स्टं स्मिथ बो बशीर | 08 |
| प्रसिद्ध कृष्णा नाबाद | 05 |

**गेंदबाजी :** वोक्स 25–6–81–2, कार्स 24–3–83–1, टंग 28–2–119–2, स्टोक्स 19–0–74–1, बशीर 45–2–167–3, रूट 5–0–20–1, ब्रूक 5–0–31–0



रविंद्र जडेजा।

## गिल के दोहरे शतक पर युवराज ने कहा, बड़े मंच पर सब कुछ इतना आसान बना दिया

**नई दिल्ली :** शुभमन गिल के स्पष्ट इरादों ने उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट श्रृंखला में जबर्दस्त सफलता दिलाई क्योंकि उन्होंने दोहरा शतक जड़ने को पार्क में टहलने जितना आसान बना दिया। एक समय गिल के मेंटर (मार्गदर्शक) रहे युवराज सिंह ने यह बात कही। भारत की दो विश्व कप जीत के नायक रहे 44 वर्षीय युवराज ने कोविड–19 लॉकडाउन के दौरान युवा गिल और भारत के टी20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का मार्गदर्शन किया था जब वे उनके चंडीगढ़ के बंगले में रुके थे। युवराज ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर लिखा शुभमन गिल को सलाम! बड़े मंच पर सब कुछ इतना आसान बना दिया! शानदार खेला और दोहरे शतक के हकदार थे, यह उदाहरण है कि जब इरादा साफ हो तो आपको कोई नहीं रोक सकता। हाल ही में संन्यास लेने वाले रविचंद्रन अश्विन ने गिल की कप्तानी की 'शानदार शुरुआत' की सराहना की। अश्विन ने लिखा गिल का दोहरा शतक। कप्तानी की उनकी शुरुआत शानदार रही, इससे उन्हें आगे बढ़ने में बहुत मदद मिलेगी। अब भारत को पूरे दिन बल्लेबाजी करनी चाहिए। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने लिखा शुभमन गिल और जडेजा द्वारा आज दिखाए गए इरादे और प्रतिबद्धता को देखकर बहुत खुशी हुई।

## गिल की रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण : ट्रॉट

**मुंबई :** पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट का कहना है कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल की सोची–समझी रणनीति और हाव भाव में विश्व स्तरीय खिलाड़ी के लक्षण हैं जिनका भविष्य उज्जवल नजर आता है। गिल ने पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में दूसरा शतक जड़ा और बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने 'जियो हॉटस्टार' से कहा उनके हाव भाव और जिस तरह से उन्होंने रन बनाए वह उल्लेखनीय है। इंग्लैंड के गेंदबाजों के खिलाफ उनके नियंत्रण ने ड्रेसिंग रूम को संदेश दिया कि वह जिम्मेदारी ले रहे हैं और आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा उनकी रणनीति स्पष्ट थी। मैं क्रीज पर टिका रहूंगा और मैं कल फिर से खेलूंगा। मैं सुनिश्चित करूंगा कि हम जीत की स्थिति में पहुंचें। वह विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं जिनका भविष्य उज्जवल है।

# जीत की हैट्रिक के साथ सीरीज जीतना चाहेगी महिला टीम

**लंदन, एजेंसी**

पहले दो मैच को सहजता से अपने नाम करने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार सबसे छोटे प्रारूप में श्रृंखला जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।

हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस समय शानदार फॉर्म में है। उसने पांच मैच की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 97 रन से हराया तथा उसके बाद ब्रिस्टल में 24 रन से जीत दर्ज की जो इंग्लैंड की महिला टीम की इस मैदान पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में पहली हार थी। इस तरह से भारतीय टीम श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे चल रही है।

भारतीय महिला टीम ने 2006 में डर्बी में खेले गए एकमात्र मैच में इंग्लैंड को हराया था। तब से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ हर महिला टी20 श्रृंखला में हारती रही है, चाहे वह घरेलू मैदान पर हो या बाहर। यह प्रभावशाली प्रदर्शन भारत के लिए उत्साहजनक है, क्योंकि वे यहां की परिस्थितियों के अनुकूल खुद को ढालने की कोशिश कर रहे हैं, जो अगले वर्ष इंग्लैंड में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप की तैयारी को देखते हुए काफी महत्व रखता है। भारतीय टीम ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पहले मैच में शतक बनाया तो हरलीन देओल ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरे मैच में अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतक लगाकर टीम को मुश्किल स्थिति से उबारा और उसे मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।



भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर व इंग्लैंड की कप्तान नताली साइवर–ब्रंट। ● एजेंसी

**समय : रात 11:05 बजे से**

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, राधा यादव।

**इंग्लैंड :** नताली साइवर–ब्रंट (कप्तान), टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), सोफिया डंकले, एमी जोन्स, डैनी व्याट–हॉज, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, पैगे शॉल्फिल्ड, एम अर्लट, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, इसी वोंग, लिन्सी स्मिथ।

## दीप्ति ने शानदार नतीजों के लिए लंबे ट्रेनिंग सत्र को श्रेय दिया

**लंदन :** आल राउंडर दीप्ति शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय महिला टीम को बेंगलुरु और इंग्लैंड में करीब एक महीने तक चले तैयारी शिविर से काफी फायदा हुआ जिससे उन्हें यहां की परिस्थितियों के अनुरूप ढलने में मदद मिली। भारतीय खिलाड़ियों ने बेंगलुरु में 27 दिन का शिविर लगाया और टीम पांच मैच की टी20 श्रृंखला से आठ दिन पहले इंग्लैंड पहुंच गई। अभी भारत पांच मैच की टी20 श्रृंखला में 2-0 से आगे है। टीम ने पहले मैच में 97 रन और दूसरे मैच में 24 रन से जीत दर्ज की। ओवल में तीसरे टी20 मैच की पूर्व संध्या पर दीप्ति ने मीडिया से कहा 'बेंगलुरू में शिविर के दौरान परिस्थितियां कुछ हद तक समान थीं। हवा चल रही थी और हमें इस मौसम के अनुकूल ढलने में मदद मिली। उन्होंने कहा 'हम श्रृंखला से एक या दो हफ्ते पहले यहां आए थे। हर कोई अच्छी तरह से परिस्थितियों के अनुरूप ढल गया।



# आधिकारिक सूचना का इंतजार, पर हॉकी के लिए यह अच्छा फैसला : दिलीप टिर्की

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय हॉकी टीम के पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पाकिस्तानी टीम को भारत की मेजबानी में होने वाले आगामी टूर्नामेंटों में खेलने से नहीं रोकने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह हॉकी के लिये अच्छा फैसला है।

खेल मंत्रालय के सूत्र के अनुसार मंत्रालय ने अगस्त में बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप और नवंबर दिसंबर में तमिलनाडु में होने वाले जूनियर विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी की अनुमति देने का फैसला किया है। टिर्की ने इस घटनाक्रम पर भाषा से कहा हमारे पास अभी आधिकारिक सूचना नहीं आई है और मैं भी मीडिया से सुन रहा हूं। लेकिन अगर सरकार ने मंजूरी दे दी है तो यह हॉकी के लिये बहुत अच्छी बात है। तीन ओलंपिक खेल चुके इस महान डिफेंडर ने कहा भारत दो महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों की मेजबानी करने जा रहा है। एशिया कप बिहार के राजगीर में और जूनियर विश्व कप चेन्नई और मदुरै में होगा और दोनों में पाकिस्तान की टीमें भाग ले रही हैं। बीजद के राज्यसभा सांसद रह चुके टिर्की ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच हॉकी मैच खेल के प्रचार के लिये अच्छे होते हैं क्योंकि लोगों की इसमें काफी रूचि होती है। इससे खेल के लिये अच्छा माहौल बनता है और टूर्नामेंट की सफलता के लिये भी यह अच्छा होगा।

### पाकिस्तान को भारत में जरूर खेलना चाहिए : बट

**नयी दिल्ली :** भारत में होने वाले आगामी अहम टूर्नामेंटों में पाकिस्तान की भागीदारी का मार्ग प्रशस्त होने के फैसले को 'सकारात्मक कदम' बताते हुए पाकिस्तान हॉकी टीम के पूर्व कप्तान रेहान बट ने कहा कि भविष्य में भारतीय टीम को भी सरहद पार खेलने आना चाहिए। भारत में अगस्त में बिहार के राजगीर में एशिया कप और नवंबर दिसंबर में तमिलनाडु में जूनियर पुरूष हॉकी विश्व कप होना है जिसमें पाकिस्तान प्रतिभागी देशों में से है। दोनों देशों के बीच जारी तनाव के कारण पाकिस्तानी हॉकी टीम की भारत में होने वाले टूर्नामेंटों में भागीदारी मुश्किल लग रही थी। लेकिन खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में होने वाले आगामी बहु राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में पाकिस्तान को खेलने से रोका नहीं जायेगा। रेहान ने पाकिस्तान से भाषा से बातचीत में कहा यह फैसला हुआ है तो काफी सकारात्मक है। मुझे नहीं पता कि हमारी सरकार का क्या फैसला रहता है लेकिन मेरी निजी राय है कि खेलों को राजनीति से दूर रखना चाहिये और पाकिस्तानी हॉकी टीम को भारत जाकर जरूर खेलना चाहिए। तीन ओलंपिक और दो विश्व कप खेल चुके इस दिग्गज फॉरवर्ड ने कहा आखिर किसी को तो पहला कदम उठाना चाहिये था और अगर पाकिस्तानी टीम भारत जाती है तो भविष्य में भारत को भी सरहद पार खेलने आना चाहिए। एशियाई खेल 2010 की स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तानी टीम के सदस्य रहे रेहान ने कहा कि भारत और पाकिस्तान का आपस में खेलना एशियाई हॉकी और खेल की लोकप्रियता के लिये बहुत जरूरी है।





विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरीना सबालेंका ने मैरी बुजकोवा को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। ● एजेंसी

# अल्काराज जीते, सबालेंका शीर्ष पांच में अब अकेली मैदान में

**लंदन, एजेंसी**

दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया, लेकिन महिला वर्ग में उलटफेर का दौर जारी रहा जहां एरीना सबालेंका शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर डटी हुई हैं।

अल्काराज ने सैन डिएगो विश्वविद्यालय के लिए खेलने वाले दुनिया में 733वें नंबर के क्वालीफायर ओलिवर टार्वेट को आसानी से 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर विंबलडन में अपनी जीत का सिलसिला 20 मैचों तक पहुंचा दिया है। पुरुष एकल में ही पांचवी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को 3-6, 6-3, 7-6 (0), 4-6, 6-3 से हराकर लगातार दूसरी बार पांच सेट की जीत दर्ज की। लेकिन 12वें नंबर के फ्रांसेस टियाफो भी बाहर होने वाले वरीय खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए। उन्हें 2022 के विंबलडन सेमीफाइनलिस्ट कैम नोरी ने 4-6, 6-4, 6-3, 7-5 से हराया।

महिला वर्ग में पिछले साल की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी के बाहर होने के बाद सबालेंका पांच शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में अकेली मैदान पर बची हुई हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ, तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला और पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन पहले ही बाहर हो चुकी हैं। पाओलिनी को गैर वरीयता प्राप्त कामिला राखीमोवा से 4-6, 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने बुधवार को अपने दूसरे दौर के मैच में मैरी बुज़कोवा पर 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। वह अब 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू का सामना करेंगी। राडुकानू ने 2023 की विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा को 6-3, 6-3 से हराया। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में छठी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज ने ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से पराजित किया।



महिला एकल मैच के दौरान इटली की जैस्मीन पाओलिनी के साथ खेलते समय रूस की कामिला राखिमोवा की पोनी टेल उनकी आंखों में चली जाती है। ● एजेंसी

### एन श्रीराम बालाजी पुरुष युगल के दूसरे दौर में

**लंदन :** भारत के एन श्रीराम बालाजी ने बृहस्पतिवार को यहां विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भारत के युकी भांबरी और रित्विक बोलिपल्ली पहले ही दूसरे दौर में पहुंच चुके हैं। दुनिया के 74वें नंबर के खिलाड़ी बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल रेयेस वरेला ने शुरुआती दौर के मैच में लर्नर टीएन और अलेक्जेंडर कोवासेविक की अमेरिकी जोड़ी को 6–4, 6–4 से हराया। यह मुकाबला 71 मिनट तक चला और भारत तथा मैक्सिको की जोड़ी ने दोनों सेट में अपने विरोधियों की सर्विस एक–एक बार तोड़कर मैच अपने नाम किया।



सर्बिया के नोवाक जोकोविक दूसरे दौर के पुरुष एकल में ब्रिटेन के डेनियल इवांस के खिलाफ एक अंक जीतने के बाद खुशी जताते हुए। ● एजेंसी

# यूक्रेनी सीमा के नजदीक मारा गया रूस का शीर्ष जनरल

मॉस्को, एजेंसी

- यूक्रेन से संघर्ष के बीच अब तक रूस के 10 जनरल मारे जा चुके

रूस का एक शीर्ष जनरल यूक्रेन की सीमा के निकट कुर्स्क क्षेत्र में मारा गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीबीसी की खबर के मुताबिक, रूसी नौसेना के उप प्रमुख मेजर जनरल मिखाइल गुडकोव की मौत यूक्रेन के सुमी क्षेत्र की सीमा से सटे पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र में हुई।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि जनरल मिखाइल की मौत 'सैन्य अभियान' के दौरान हुई। हालांकि, उसने अभियान के बारे में कोई विवरण साझा नहीं किया। गुडकोव को सर्वोच्च उपाधि 'रूसी संघ के नायक' से सम्मानित किया गया था। वह मार्च में नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख के रूप में पदोन्नति से पहले 'क्रैक 155वीं मरीन ब्रिगेड' के कमांडर थे।

कुर्स्क क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर खिन्शतेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, जनरल गुडकोव को उस समय मार डाला गया, जब वह अग्रिम मोर्चे पर अपने सैनिकों से मिलने गए थे। हालांकि, उन्होंने घटना के बारे में कोई विवरण नहीं दिया और न ही इस बात का खुलासा गया कि उनकी मौत कब हुई। यूक्रेन में रूस के लगभग साढ़े तीन साल के सैन्य अभियान में, मॉस्को ने 10 जनरल के मारे जाने की पुष्टि की है।

# ईरान के आईएईए के साथ सहयोग रोकने पर यूएन ने चिंता जताई

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ अस्थायी रूप से सहयोग समाप्त करने के ईरान के फैसले पर चिंता व्यक्त की है।

यूएन महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा,हमने आधिकारिक निर्णय देखा है, जो चिंताजनक है। महासचिव ने हमेशा ईरान से आईएईए के साथ सहयोग करने का आग्रह किया है और परमाणु मुद्दों पर सभी देशों के साथ सहयोग की जरूरत पर जोर दिया है। ये निर्णय ईरानी संसद में पारित एक कानून के बाद आया है जिसमें आईएईए के साथ सहयोग को तब तक रोकने का प्रावधान है जब तक उसके परमाणु संयंत्रों और वैज्ञानिकों की सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जाती।

# दुनिया भर में आम हो चुके हैं कृत्रिम वर्षा के प्रयोग

कृत्रिम वर्षा कराने की प्रक्रिया को क्लाउड सीडिंग भी कहते हैं। हाल ही में दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए कृत्रिम वर्षा कराने की तैयारी की थी लेकिन बारिश के मौसम में ये फैसला करने पर सवाल उठे तो इसे टाल दिया। कृत्रिम वर्षा दरअसल एक वैज्ञानिक विधि है जिसका उपयोग सूखे, जल संकट या वायु प्रदूषण जैसी परिस्थितियों में किया जाता है। इसकी जरूरत तब पड़ती है जब प्राकृतिक वर्षा न हो रही हो या बहुत कम हो रही हो। कृत्रिम वर्षा के लिए बादलों में कुछ रासायनिक तत्व छोड़े जाते हैं जो उन्हें बरसने के लिए प्रेरित करते हैं। इस तरह की बारिश आपात स्थितियों में थोड़ी राहत तो देती है लेकिन प्राकृतिक वर्षा का विकल्प नहीं होती। हालांकि बदलती मौसमी परिस्थितियों के चलते दुनिया भर में इसका प्रयोग आम हो चला है।



## कृत्रिम वर्षा की तकनीक

कृत्रिम वर्षा के लिए सिल्वर आयोडाइड या पोटेशियम आयोडाइड के कण, सामान्य नमक जिसका वैज्ञानिक नाम सोडियम क्लोराइड होता है, सूखी बर्फ और अत्यधिक ठंडे तापमान में लिक्विड प्रोपेन जैसे रासायनिक तत्वों का इस्तेमाल किया जाता है। इन कणों को को विमान, ड्रोन या जमीन से रॉकेट और तोप से बादलों में छोड़ा जाता है। ये कण बादल की जल वाष्प को संघनित कर बूंदों में बदल देते हैं, जिसका नतीजा वर्षा के रूप में सामने आता है।

## चर्चित प्रयोग

2023 में दिल्ली में प्रदूषण काफी बढ़ गया था। तब आईआईटी कानपुर ने दिल्ली सरकार के साथ एक क्लाउड सीडिंग प्रोग्राम प्रस्तावित किया। हालांकि पर्याप्त बादल न होने पर इसे टालना पड़ा।

## इसलिए पड़ती है जरूरत

सूखे की स्थिति, सूखे जलाशयों का जल स्तर बढ़ाने, वायु प्रदूषण कम करने और आस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे देशों जंगलों की आग बुझाने के लिए कृत्रिम वर्षा का सहारा लिया जाता है। चीन ने वर्ष 2008 में बीजिंग में ओलंपिक के दौरान बारिश को नियंत्रित करने के लिए इस तकनीक का उपयोग किया था।

## बादल न हों तो नहीं होती वर्षा

वैज्ञानिकों के अनुसार कृत्रिम वर्षा की सफलता दर 30 से 50 प्रतिशत तक ही होती है। परिणाम काफी हद तक बादलों की उपयुक्तता पर निर्भर करता है। बादल मौजूद न हों तो यह तकनीक काम नहीं करती।

## भारत में इस्तेमाल

भारत में महाराष्ट्र के विदर्भ और मराठवाड़ा के सूखा प्रभावित क्षेत्र में कृत्रिम वर्षा कराई गई है। बेंगलुरु में जल संकट के दौरान यह तकनीक इस्तेमाल की गई। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में मानसून में कमी और दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण कम करने के लिए 2023 में इस्तेमाल किया गया। राजस्थान में भी प्रयोग हो चुका है।

## एक बार में खर्च 15 करोड़

उपलब्ध आंकड़ों के मुताबित एक राज्य को सीजन के हिसाब से औसतन 5 करोड़ से 15 करोड़ रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। बादलों में रासायनिक तत्व छोड़ने के लिए प्रति घंटा उड़ान पर ही 5 से 15 लाख तक का खर्च आ सकता है, ये हेलीकॉप्टर या विमान पर भी निर्भर करता है और यह लागत बादलों के घनत्व और क्षेत्र के आकार के अनुसार बदल जाती है।

## कुछ दुष्प्रभाव भी हैं

- पर्यावरणीय असंतुलन हो सकता है। कृत्रिम वर्षा से अन्य क्षेत्रों में प्राकृतिक वर्षा में कमी आ सकती है।
- रासायनिक प्रभाव भी संभावित हैं। सिल्वर आयोडाइड जैसे रसायन पर्यावरण और जलीय जीवों पर प्रभाव डाल सकते हैं।
- एक क्षेत्र को वर्षा देने से दूसरे क्षेत्र में सूखा पड़ सकता है। यह न्यायिक और सरकारी स्तर पर नीति संबंधी विवाद हो सकता है।

## एक नजर

### जापान के ऊपरी सदन के लिए चुनाव प्रकिया शुरू

**टोक्यो।** जापान के ऊपरी सदन के लिए चुनाव प्रक्रिया गुरुवार को आधिकारिक रूप से शुरू हो गया। इस 17-दिवसीय चुनाव प्रक्रिया से यह तय हो जाएगा कि सत्तारूढ़ गठबंधन सदन में बहुमत बनाए रखने में सक्षम है या नहीं। इस समय सत्तारूढ़ दल निचले सदन में अल्पमत में है एवं सदन में बहुमत बनाए रखने के लिए उसे 50 और सीटें जीतने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने बताया कि कुल 519 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है जिसमें 152 महिलाएं शामिल हैं। चुनाव में मुख्य मुद्दा बढ़ती महंगाई है।

### इंडोनेशिया में जहाज डूबने से चार की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बाली जलडमरूमध्य में गुरुवार को एक यात्री जहाज के डूबने से चार लोगों की मौत की हो गयी और 38 लोग लापता हो गए और 23 अन्य बच गए। अधिकारियों के अनुसार लकड़ी का जहाज केएमप ट्नु प्रतामा जया पूर्वी जावा के बन्युवांगी रीजेंसी में केटापांग बंदरगाह से बाली द्वीप पर जेम्ब्राना रीजेंसी में गिलिमनुक बंदरगाह की ओर जा रहा था। श्री वटेलेन ने बताया, घटना में 23 लोग बच गए, चार की मौत हो गई और 38 अन्य लापता हैं। उन्होंने बताया कि यह घटना दोनों क्षेत्रों के बीच समुद्री सीमा के पास हुई थी। इसलिए बाली द्वीप और पूर्वी जावा दोनों से खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिए गए हैं।

### शिकागो में हुई गोलीबारी में मारे गए चार लोग

**शिकागो।** अमेरिका के शिकागो शहर में रविवार रात को एक रेस्तरां के बाहर हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। गोलीबारी की यह घटना बुधवार देर रात शिकागो के रिवर नॉर्थ इलाके में एक रेस्तरां के बाहर हुई, जहां एक गायक के एल्बम रिलीज की पार्टी आयोजित की गई थी। पुलिस ने कहा कि किसी व्यक्ति ने रेस्तरां के बाहर खड़ी भीड़ पर गोलीबारी की और वाहन से तुरंत फरार हो गया।

### दक्षिणी मंगोलिया में 5.0 तीव्रता का भूकंप आया

**उलान बटोर।** मंगोलिया के दक्षिणी प्रांत डुंगोवी में गुरुवार को 5.0 तीव्रता का भूकंप आया। स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर तीन मिनट पर इसके महसूस किए गए। देश के खगोल विज्ञान एवं भूभौतिकी संस्थान ने एक बयान में कहा कि भूकंप का केंद्र डुंगोवी प्रांत के प्रशासनिक उपखंड से 13 किमी उत्तर में था और शुरुआत में इसका केंद्र 46.25 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 106.34 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया।


# रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500% टैरिफ लगाएगा अमेरिका

## बढ़ेगी भारत की मुश्किल, जयशंकर ने ट्रंप प्रशासन को चिंता से अवगत कराया

वाशिंगटन, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने के अमेरिकी प्रस्ताव को लेकर भारत ने अमेरिका को अपनी चिंताओं से अवगत करा दिया है। डॉ. जयशंकर ने बुधवार रात यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिकी संसद में उठने वाले हर विषय में भारत की दिलचस्पी है जिससे भारतीय हित प्रभावित हो सकता है।

डॉ. जयशंकर ने रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अमेरिकी प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत ने अपनी चिंताओं से सीनेटर लिंडसे ग्राहम को अवगत करा दिया है। गौरतलब है कि अमेरिका के सीनेटर लिंडसे ग्राहम एक प्रतिबंध विधेयक ला रहे हैं, जिसमें रूस से तेल, गैस, यूरेनियम और अन्य उत्पाद खरीदने वाले देशों से अमेरिका में आने वाले सामान पर 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने का प्रावधान है। अगर ऐसा होता है तो भारत की मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि जब से रूस यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, तब से भारत अपनी जरूरत के तेल का बड़ा हिस्सा रूस से ही खरीद रहा है। सीनेटर लिंडसे ग्राहम रूस पर प्रस्तावित विधेयक के बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ चर्चा कर रहे हैं। कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने विधेयक को लेकर चिंता व्यक्त की है।



जयशंकर गुरुवार को वाशिंगटन डीसी में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मिले।

### भारत के साथ चीन के लिए भी पैदा होगी समस्या

ग्राहम ने दावा किया है कि इस विधेयक को 84 सीनेटरों का समर्थन प्राप्त है। भारत और चीन रूसी तेल के दो प्रमुख खरीदार हैं और अगर यह विधेयक पारित हो जाता है, तो इससे दोनों देशों के लिए समस्याएं पैदा होंगी। भारत का कहना है कि रूस के साथ उसका तेल व्यापार वैध है। अगर यह विधेयक पारित हो जाता है तो यह भारतीय उत्पादों खासकर फार्मास्यूटिकल्स और टेक्सटाइल निर्यात पर 500 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की अनुमति दे सकता है।

### अमेरिका-वियतनाम व्यापार समझौते पर चीन ने दी चेतावनी

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका-वियतनाम के बीच हुए व्यापार समझौते पर चिंता जताते हुए चेतावनी दी कि इससे तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के वियतनाम के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद आया है जिसमें अमेरिका में वियतनामी निर्यात पर 20% टैरिफ और वियतनाम होकर भेजे जाने वाले सामान पर 40% टैरिफ शामिल है। समझौते का उद्देश्य वियतनाम में अमेरिकी व्यवसायों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराना है। यह वियतनाम को अमेरिकी बाजारों तक पूर्ण पहुंच प्रदान करेगा जिससे अमेरिकी उत्पादों को वियतनाम में शून्य टैरिफ पर प्रवेश मिलेगा। चीन इसलिए नाराज है कि समझौते से उस देश के माल पर 40% टैरिफ लगेगा जिसका उद्देश्य तीसरे देशों, विशेष रूप से चीन से आने वाले सामानों को वियतनाम के माध्यम से अमेरिका में निर्यात होने से रोकना है।

# न्यायालय ने ट्रंप के शरण प्रतिबंध पर रोक लगाई

**सैक्रामेंटो।** एक अमेरिकी संघीय न्यायाधीश ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के देश में शरण बंद करने के नवीनतम आदेश पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश ने कहा कि व्हाइट हाउस ने कांग्रेस के आव्रजन कानूनों और संविधान दोनों का उल्लंघन किया है।

- कहा- कांग्रेस के आव्रजन कानूनों और संविधान दोनों का उल्लंघन

कोलंबिया जिले के अमेरिकी जिला न्यायालय के न्यायाधीश रैंडोल्फ डी मॉस ने बुधवार को 128-पृष्ठ के आदेश में लिखा कि ट्रंप की जनवरी की घोषणा ने कांग्रेस द्वारा अमेरिकी आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम में बनाए गए सुरक्षा उपायों को दरकिनार कर दिया जिसमें सीमा पार करने वालों की संख्या में वृद्धि को 'आक्रमण' के रूप में ब्रांड किया गया था और एक वैकल्पिक आव्रजन प्रणाली बनाने की कोशिश की गई थी।

उन्होंने कहा कि चूंकि घोषणा में प्रवेश के बंदरगाहों के साथ-साथ आधिकारिक सीमा पर प्रवेश करने वाले लोगों को मानवीय जांच से वंचित किया गया था, इसलिए अदालत ने इसे अमेरिकी धरती पर किसी को भी शरण लेने का मौका देने की गारंटी देने वाले वैधानिक पाठ के साथ मौलिक रूप से असंगत पाया।

# इजराइली गोलीबारी में 94 फलस्तीनी मारे गए

तेल अवीव, एजेंसी

- मारे गए लोगों में 45 गाजा शहर में जरूरी राहत हासिल करने की कर रहे थे कोशिश

गाजा में रात भर हुए हवाई हमलों और गोलीबारी में 94 फलस्तीनी मारे गए और इनमें से 45 लोग ऐसे थे जो अत्यंत आवश्यक मानवीय सहायता सामग्री प्राप्त करने का प्रयास कर रहे थे। इजराइल की सेना ने गाजा में हुए इन हमलों पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है।

'गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन' से जुड़े स्थलों के आसपास पांच लोग मारे गए तथा गाजा पट्टी में अन्य स्थानों पर सहायता सामग्री की आपूर्ति करने वाले ट्रकों का इंतजार कर रहे 40 अन्य लोग मारे गए। ये फाउंडेशन इजराइल समर्थित नव निर्मित अमेरिकी संगठन है जो गाजा पट्टी में आबादी को भोजन उपलब्ध कराने में मदद करता है। गाजा पट्टी पर बुधवार रात और बृहस्पतिवार सुबह हुए हवाई हमलों में दर्जनों लोग मारे गए। इनमें से 15 लोग मुवासी क्षेत्र में स्थित तंबुओं पर हुए हमलों में मारे गए।

मुवासी क्षेत्र में कई विस्थापित फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं। इसके अलावा, गाजा में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर हुए हमले 15 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा में मारे गए फलस्तीनियों की संख्या बढ़कर 57,000 से अधिक हो गई है जिनमें से 223 लापता लोग भी शामिल हैं जिन्हें मृत घोषित कर दिया गया है। ये मौतें ऐसे समय में हुई हैं जब इजराइल और हमास संभावित संघर्षविराम के करीब पहुंच रहे हैं।

### हिजबुल्लाह ने हथियार छोड़ने से इन्कार किया

**बेरूत।** लेबनान में हिजबुल्लाह समूह ने इजराइल से वास्तविक और रणनीतिक खतरे का हवाला देते हुए हथियार छोड़ने से इन्कार कर दिया है। हिजबुल्लाह नेता नईम कासिम ने फिर से पुष्टि की है कि समूह अपने हथियार नहीं छोड़ेगा। समूह के नेता ने बुधवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगर में आशूरा परिषद के कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए कहा, हमारे हथियार इजराइल का सामना करने के लिए हैं और हम इस अधिकार को कभी नहीं छोड़ेंगे। हिजबुल्लाह ने कहा है कि संभावित इजराइली आक्रमण के खिलाफ उसके हथियार आवश्यक हैं। कासिम ने अपने भाषण में कहा, इजराइल एक वास्तविक और रणनीतिक खतरा है, न केवल फिलिस्तीन और लेबनान के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए।

# दुष्कर्म पीड़ित नाबालिग के गर्भपात के आदेश के खिलाफ याचिका

नई दिल्ली, एजेंसी

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने यौन शोषण की नाबालिग पीड़िता को 27 सप्ताह का गर्भ समाप्त करने की अनुमति देने वाले एक आदेश के खिलाफ बृहस्पतिवार को दिल्ली हाईकोर्ट में अपील की। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने 30 जून को एम्स को 16 वर्षीय लड़की का गर्भपात करने का आदेश दिया था।





- हाईकोर्ट पहुंचा एम्स प्रशासन, कहा- किशोरी के प्रजनन स्वास्थ्य पर पड़ेगा प्रतिकूल प्रभाव

एम्स ने मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति अनीश दयाल की पीठ के समक्ष दलील दी कि गर्भपात कराने से भविष्य में लड़की के प्रजनन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। पीठ ने नाबालिग लड़की की मां और मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष या सदस्य को दोपहर करीब 2.30 बजे उपस्थित रहने को कहा, जब सुनवाई जारी रहेगी। अदालत ने यह भी कहा कि बलात्कार पीड़िता को गर्भावस्था जारी रखने की सलाह देने से उसमें चिंता पैदा होगी, जिसका उसके मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

### लापरवाह ड्राइविंग पर मुआवजा देने को बाध्य नहीं बीमा कंपनी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बीमा कंपनियां उन लोगों के परिवारों को मुआवजा देने के लिए बाध्य नहीं हैं जिनकी मौत लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुई हो। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने तेज गति से कार चलाते समय मारे गए एक व्यक्ति के परिवार द्वारा मांगे गए 80 लाख रुपये के मुआवजे को देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के पिछले साल 23 नवंबर के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें मृतक के परिवार की याचिका को खारिज कर दिया गया था।

# अगले दलाई लामा का फैसला स्थापित संस्था करेगी: रीजीजू

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले दलाई लामा पर निर्णय सिर्फ और सिर्फ स्थापित संस्था व दलाई लामा लेंगे। उन्होंने कहा कि इस फैसले में कोई और शामिल नहीं होगा।

तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने बुधवार को कहा था कि दलाई लामा संस्था जारी रहेगी और केवल 'गादेन फोडरंग ट्रस्ट' को ही संस्था के भावी उत्तराधिकारी को मान्यता देने का अधिकार होगा। रीजीजू ने संवाददाताओं से कहा कि दलाई लामा बौद्धों के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण और परिभाषित संस्था हैं। दलाई लामा को मानने वाले सभी की राय है कि उत्तराधिकारी का फैसला स्थापित परंपरा और दलाई लामा की इच्छानुसार होना चाहिए। उनके अलावा किसी और को इसे तय करने का अधिकार नहीं है।

## जलप्रपात का नजारा



छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के चित्रकोट जलप्रपात में बारिश के बाद इंद्रावती नदी उफान पर है। चित्रकोट जलप्रपात की ऊंचाई 90 फीट है। इस जलप्रपात की विशेषता यह है कि वर्षा के दिनों में यह रक्त लालिमा लिए हुए होता है, तो गर्मियों की चाँदनी रात में यह बिल्कुल सफेद दिखाई देता है। गुरुवार को भी यहां बेहद सुंदर नजारा दिखाई दिया। एजेंसी

# संस्कृति मंत्री बनाई गई थाईलैंड की निलंबित पीएम शिनावात्रा

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड के नवगठित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को शपथ ग्रहण की, जिनमें निलंबित प्रधानमंत्री पैतोंगटर्न शिनावात्रा भी शामिल थीं। शिनावात्रा एक वरिष्ठ कम्बोडियाई नेता से वार्ता में की गई टिप्पणियों को लेकर जांच का सामना कर रही हैं।



- शिनावात्रा समेत कई नए कैबिनेट मंत्रियों को दिलाई गई शपथ

पैतोंगटर्न शिनावात्रा को मंगलवार को प्रधानमंत्री पद से निलंबित किया गया था और थाईलैंड नरेश ने उसी दिन नए मंत्रिमंडल की मंजूरी दी, जिसमें शिनावात्रा को संस्कृति मंत्री के रूप में नामित किया गया। शपथ के लिए 'गवर्नमेंट हाउस' पहुंचीं शिनावात्रा मुस्कराती नजर आईं, लेकिन उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुरिया जुंगरुंगरेयांगकित ने नए मंत्रियों का नेतृत्व करते हुए थाईलैंड नरेश महा वजीरालोंगकोर्न से औपचारिक अनुमोदन प्राप्त किया। समझा जाता है कि सुरिया, कार्यवाहक प्रधानमंत्री के दायित्वों को उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री फुमथम वेचायाचाय को सौंपेंगे, जिन्होंने बृहस्पतिवार को शपथ ली।

शिनावात्रा ने पिछले वर्ष जब पद संभाला था, तब वेचायाचाय ने उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी निभाई थी। कम्बोडिया के साथ सीमा विवाद को लेकर शिनावात्रा के खिलाफ असंतोष बढ़ता जा रहा है। मई में हुई एक झड़प में एक कम्बोडियाई सैनिक की मौत के बाद स्थिति और तनावपूर्ण हो गई।

# एअर इंडिया ने दिल्ली वाशिंगटन उड़ान को विएना में रोका

**मुंबई।** दिल्ली से वाशिंगटन के लिए दो जुलाई को उड़ान भरने वाला एअर इंडिया का विमान विएना में ईंधन भरने के लिए निर्धारित पड़ाव के दौरान तकनीकी खराबी आने के कारण अपनी यात्रा पूरी नहीं कर सका। इस कारण वाशिंगटन से दिल्ली के लिए निर्धारित इसकी वापसी उड़ान भी रद्द कर दी गई।

एअर इंडिया के बयान के अनुसार, दो जुलाई को दिल्ली से वाशिंगटन डी.सी. जाने वाली उड़ान संख्या एआई103 विएना में ईंधन भरने के लिए पूर्व निर्धारित योजना के तहत रुकी। विमान की नियमित जांच के दौरान, एक विस्तारित रखरखाव कार्य की पहचान की गई, जिसे अगली उड़ान से पहले ठीक करने की आवश्यकता थी और इस प्रकार, इसे पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय की आवश्यकता थी।

## सवालों का घेरा

अमेरिका के 21 राष्ट्रपतियों की तरह कहीं दूसरे कार्यकाल के श्राप का शिकार तो नहीं होने जा रहे ट्रंप

# दूसरे कार्यकाल के शुरू में ही ट्रंप की लोकप्रियता धराशायी

हैमिल्टन (न्यूजीलैंड), एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने विरोधियों को तीसरे कार्यकाल की संभावना जताकर अक्सर छेड़ते हैं लेकिन उनके सामने भी एक ऐतिहासिक चुनौती है, और वह है : 'दूसरे कार्यकाल का श्राप'। अब तक अमेरिका के 21 राष्ट्रपतियों ने दूसरा कार्यकाल पूरा किया है, लेकिन कोई भी अपने पहले कार्यकाल की सफलता की बराबरी नहीं कर सका। ट्रंप की लोकप्रियता में भारी गिरावट सवाल खड़ा कर रही है कि कहीं वह भी इसी श्राप से गुजरने तो नहीं जा रहे हैं।

दूसरे कार्यकाल के प्रदर्शन आमतौर पर फीके और प्रेरणाहीन रहे हैं। कुछ मामलों में तो



विनाशकारी भी। इसके लिए मतदाताओं की असंतुष्टि और निराशा, राष्ट्रपति का थकान महसूस करना और भविष्य की स्पष्ट व स्थायी दूरदृष्टि की कमी जैसे कारण बताए जाते हैं। लेकिन ट्रंप इस परिपाटी में पूरी तरह फिट नहीं बैठते। 19वीं सदी के अंत में ग्रोवर क्लीवलैंड एकमात्र ऐसे राष्ट्रपति थे, जिनके दो कार्यकाल के बीच अंतराल था यानी कि पहले और दूसरे कार्यकाल के बीच कोई और राष्ट्रपति बना था।

### सर्वे में ट्रंप को मिली है नकारात्मक रेटिंग

हाल ही में ईरान पर बमबारी और लॉस एंजिलिस में सैनिकों की तैनाती के बाद अमेरिकी जनता की तीव्र प्रतिक्रिया के चलते ट्रंप की लोकप्रियता रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। हाल ही में 'यूगव' के एक सर्वेक्षण में मतदाताओं ने महंगाई, नौकरियों, आप्रवासन, राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति को संभालने के ट्रंप के तरीके को नकारात्मक रेटिंग दी है। भले ही उन्होंने कई मोर्चों पर तेजी से कार्रवाई की हो, लेकिन अनिश्चितता का स्तर, अचानक किए गए बड़े बदलाव और बाजार में अस्थिरता शायद उम्मीद से कहीं ज्यादा है।

इसी वजह से 'ट्रंप 2.0' (ट्रंप के दूसरे कार्यकाल) की, दो कार्यकाल तक राष्ट्रपति रहे अन्य नेताओं से तुलना करना कठिन हो जाता है। ट्रंप निश्चित रूप से यह चाहेंगे कि इतिहास ग्रोवर क्लीवलैंड के दूसरे कार्यकाल के श्राप को दोहराए नहीं। क्लीवलैंड ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही 50 प्रतिशत टैरिफ (शुल्क) लगा दिए थे, जिससे 1893 में वैश्विक बाजारों में भारी अस्थिरता फैल गई थी। उस समय यह अमेरिका के इतिहास की सबसे भयानक मंदी मानी गई थी : 19 प्रतिशत बेरोजगारी, अमेरिकी राजकोष से सोने की भारी निकासी, शेयर बाजार का ध्वस्त होना और व्यापक स्तर पर गरीबी फैलना। एक सदी से भी अधिक समय बाद, ट्रंप अगर तेजी से काम करने का अपना रवैया दूसरे कार्यकाल में भी अपनाते हैं तो यह उन मतदाताओं को आकर्षित कर सकता है जो सबसे पहले कार्रवाई की मांग करते हैं। अब तक उन्होंने व्यापार युद्ध और सांस्कृतिक युद्ध लड़ते हुए पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष तक की स्थिति पर विचार किया है। उनका 'बिग ब्यूटीफुल बिल' राष्ट्रीय ऋण में खरबों डॉलर जोड़ देगा और संभवतः कई गरीब मतदाताओं, जिनमें कई रिपब्लिकन भी शामिल हैं, को 'मेडिकेड' जैसी स्वास्थ्य सेवाओं से बाहर कर सकता है। उनका यह कट्टरपंथी तरीका दूसरे कार्यकाल के 'श्राप' को खत्म करेगा या उसी का शिकार बनेगा, यह अब भी एक सवाल है।